सूर्योदय 7:17 सूर्यास्त 5:49

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 0.6 न्यू | 12.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.8 न्यू | 17.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,344 |
| निफ्टी | 25,342 |
| सोना | 1,59,027 |
| चांदी | 3,61,821 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 29 जनवरी 2026 | 16 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 32, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली के रोहिणी में हुई मुठभेड़ में तीन दबोचे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी शास्त्री पार्क में हुई हत्या के मामले में फरार थे। आरोपियों ने आत्मसमर्पण की चेतावनी के बावजूद पुलिस पर गोलीबारी कर दी, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में तीनों के पैर में गोली लगी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### चंडीगढ़ के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक फरवरी के प्रस्तावित पंजाब दौरे से ठीक पहले बुधवार को चंडीगढ़ के 18 नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। इसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सुबह जैसे ही स्कूलों को यह ई-मेल प्राप्त हुआ, तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। कुछ ही मिनटों में पुलिस कंट्रोल रूम से अलर्ट जारी कर दिया गया। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन टीम, ऑपरेशन सेल और संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी स्कूल परिसरों की तलाशी शुरू की गई। कुछ स्कूलों में अब भी तलाशी अभियान जारी है। (अनंत ज्ञान)

### इंदौर में दूषित पानी से अब तक 29 मरे

**एजेंसी, इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के मामले में संख्या बढ़कर 29 हो गई है। हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट में 23 में से केवल 16 मौतों को दूषित पानी से जोड़ा गया, जिसे अदालत ने 'आई-वॉश' करार दिया। हाईकोर्ट ने प्रशासन की लापरवाही पर कड़ी टिप्पणी करते हुए रिटायर्ड जज सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में स्वतंत्र जांच आयोग गठित किया है। आयोग चार सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट देगा। कोर्ट ने सभी संबंधित विभागों को सहयोग के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### आवारा कुत्तों के खतरे पर राज्यों को 'सुप्रीम' फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे और कोर्ट के आदेशों के पालन में ढिलाई पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को कड़ी फटकार लगाई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें जमीनी कार्रवाई करने के बजाय हवा में महल बना रही हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ हलफनामे और दावे पर्याप्त नहीं हैं। पीठ ने आवारा कुत्तों की नसबंदी क्षमता बढ़ाने, एबीसी सेंटर मजबूत करने और सड़कों से जानवर हटाने के निर्देशों के पालन में प्रगति न होने पर गहरी नाराजगी जताई। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- यूजीसी नियमों पर राजपूत महासभा का विरोध -पेज 2
- हर नई चीज का होता विरोध स्मार्ट मीटर से रुकेगी चोरी -पेज 5
- बर्फबारी से तीन मंजिला मकान ध्वस्त, परिवार बेघर -पेज 7
- चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधा के दावों की खुली पोल -पेज 10
- सतत कृषि उद्यमिता की रीढ़ हैं अनुसंधान : कुलपति -पेज 12


# प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम का निधन

## बारामती में लैंडिंग के दौरान हुआ दुर्घटनाग्रस्त; मारे गए सभी 5 सवार

**एजेंसी, मुंबई**



क्रैश हुआ चार्टर्ड प्लेन व (इनसेट) अजित पवार की फाइल फोटो।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान चार्टर्ड प्लेन क्रैश होने से निधन हो गया, वह 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई।

पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वह मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया।

पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था।

महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंच गए हैं। उन्होंने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं।

इधर, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी की एक टीम दिल्ली में विमान की ऑपरेटर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के ऑफिस पहुंची है। दूसरी टीम बारामती रवाना हो गई है।

इस बीच वीएसआर वेंचर्स ने कहा है कि पायलट को 16 हजार घंटे का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। विमान की को-पायलट के पास 1500 घंटे का एक्सपीरियंस था। कंपनी ने दावा किया कि एयरक्राफ्ट में कोई तकनीकी खामी नहीं थी। अजीत पवार के निधन पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी समेत कई अन्य हस्तियों ने शोक जताया है। (अनंत ज्ञान)

### अजित का अंतिम संस्कार आज प्रधानमंत्री-गृहमंत्री होंगे शामिल

**रिपोर्ट्स** के मुताबिक अजित पवार का अंतिम संस्कार वीरवार को बारामती में किए जाने की संभावना है। सुबह 11 बजे मुखाग्नि दी जाएगी। इससे पहले सुबह 9 बजे अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। उनके अंतिम संस्कार में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। वे कल बारामती पहुंचेंगे।

### चश्मदीद बोलीं-कंबल से ढके शव के टुकड़े

**प्रत्यक्षदर्शी** महिला ने बताया कि विमान का विस्फोट इतना जोरदार था कि कोई भी कुछ नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम आई और पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। पुलिस भी आई और उन्होंने हमसे पानी लाने को कहा। हम बाल्टियों में पानी लाए। अजित पवार का शव उछलकर एक तरफ जा गिरा था। हमने यह अपनी आंखों से देखा। हमने एक कंबल दिया और उसमें उनका शव लपेटकर रखा गया। करीब आधे घंटे तक आग सुलगती रही। चश्मे और घड़ी से हमने पहचाना कि यह अजित दादा ही हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो : ममता

**अजित** पवार के प्लेन क्रैश के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अपना दिल्ली दौरा रद्द कर दिया है। ममता ने कहा कि कोई सुरक्षित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सही जांच होनी चाहिए। क्या यह बेवजह डर फैलाना है या कोई साजिश। समय बताएगा। हालांकि, सबसे आसान काम पायलट को दोष देना है, जैसा कि हमने पहले दो मामलों में देखा है।

# शिमला से दिल्ली व धर्मशाला के लिए होंगी नियमित उड़ानें

## सुक्खू सरकार हर वर्ष 31 करोड़ की देगी वित्तीय सहायता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आबोहवा में अब सैलानियों और स्थानीय लोगों के लिए हवाई सफर और भी सुगम होने वाला है। राज्य की सुक्खू सरकार ने पर्यटन क्षेत्र को पंख देने के लिए एक बड़ा रणनीतिक फैसला लिया है। अब दिल्ली से शिमला और शिमला से धर्मशाला के बीच नियमित हवाई सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर साल 31 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। यह कदम न केवल राज्य की कनेक्टिविटी को सुधारेगा, बल्कि आर्थिकी को भी एक नई दिशा देगा।



जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पर्यटन को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानकर चल रही है। राज्य के नीति निर्माताओं का मानना है कि हवाई सेवाओं के विस्तार से न केवल पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे। बेहतर हवाई संपर्क प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक 'गेम चेंजर' साबित होगा, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प और होटल व्यवसाय को सीधा लाभ पहुंचेगा।

नियमित उड़ानों का लाभ केवल पर्यटन तक ही सीमित नहीं रहेगा। शिमला और धर्मशाला के बीच विश्वसनीय हवाई सेवा होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सेवाएं आपात स्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं और त्वरित मेडिकल इवैक्यूएशन के लिए जीवन रक्षक साबित होंगी। सब्सिडी आधारित यह क्षेत्रीय हवाई संपर्क दैनिक यात्रियों और व्यापारियों के लिए समय की बचत के साथ-साथ सुगम आवागमन का एक भरोसेमंद विकल्प पेश करेगा।

### हर जिले में होगा हेलीपोर्ट का निर्माण

**राज्य** सरकार अब हर जिला-हेलीपोर्ट के लक्ष्य पर काम कर रही है। वर्तमान में संचालित तीन हवाई अड्डों के अलावा, संजौली से चंडीगढ़ और रिकांगपियो के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं पहले ही शुरू की जा चुकी हैं। सरकार की योजना अब संजौली-रामपुर-रिकांगपियो और संजौली-मनाली (सासे हेलीपैड) के बीच भी जल्द उड़ानें शुरू करने की है। इसके लिए नागर विमानन महानिदेशालय को मानक संचालन प्रक्रिया की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेज दिए गए हैं, जिससे आने वाले समय में हिमाचल का कोना-कोना हवाई मार्ग से जुड़ जाएगा।

# भरमौर-पांगी में ग्लेशियर टूटने से तबाही

## दो मालवाहक वाहन लापता, तीन दुकानें क्षतिग्रस्त

अनंत ज्ञान



ग्लेशियर से क्षतिग्रस्त हुईं दुकानें।

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर उपमंडल के पांगी क्षेत्र में पहाड़ों से ग्लेशियर टूटने से भारी तबाही हुई है। बीती रात करीब एक बजे पूलन पंचायत के ओट नाले में अचानक आए ग्लेशियर की चपेट में दो मालवाहक वाहन और तीन दुकानें आ गईं। राहत की बात यह रही कि घटना रात के समय हुई, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार दोनों वाहन दुकानों का सामान लेकर आए थे और नाले के समीप खड़े किए गए थे, जो ग्लेशियर के साथ बहकर गहरी खाई में जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने जेसीबी मशीन मौके पर भेज दी है। पुलिस और संबंधित विभाग हालात पर नजर बनाए हुए हैं। ग्राम पंचायत पूलन की प्रधान अनीता कपूर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वह स्वयं घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में करीब 50 वर्षों बाद इस तरह का ग्लेशियर आया है, जिससे दहशत का माहौल बना हुआ है। उधर, भारी बर्फबारी से जगत पंचायत में एक स्कूल का शौचालय और किचन भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

# जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में हिमस्खलन, कोई हताहत नहीं

◆ सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना, कई होटलों को नुकसान

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग पर्यटक स्थल पर मंगलवार देर रात हिमस्खलन हुआ, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि हिमस्खलन मंगलवार रात 10:12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग रिसॉर्ट में हुआ। हिमस्खलन सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसमें बर्फ इमारतों को अपनी चपेट में लेती हुई दिखाई दे रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि किसी के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने सोमवार को जिले में उच्च तीव्रता या उच्च खतरे वाले हिमस्खलन की चेतावनी दी थी। सोनमर्ग और घाटी के अधिकांश अन्य हिस्सों में पिछले 24 घंटों में मध्यम से भारी हिमस्खलन हुआ है।

## राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण के साथ संसद का बजट सत्र शुरू

# 'वीबी-जी राम जी' कानून का जिक्र करते ही विपक्ष का हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



18वीं लोकसभा के बजट सत्र का पहला हिस्सा बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा की ज्वॉइंट मीटिंग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार देश में आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों से निपटने में सफल रही है। राष्ट्रपति ने 45 मिनट की स्पीच में वीबी-जी राम जी कानून का भी जिक्र किया। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया और कानून वापस लो के नारे लगाए। उधर, एनडीए सांसदों ने समर्थन में नारेबाजी की। पीएम मोदी और अमित शाह भी मेज थपथपाते नजर आए।

बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। यह दो हिस्सों में होगा। पहला हिस्सा 28 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा हिस्सा 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। इस दौरान कुल 30 बैठकें होंगी। 28 जनवरी और 1 फरवरी को कोई शून्यकाल नहीं होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना का शौर्य पूरी दुनिया ने देखा है। भारतीय सेना ने आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया। मिशन सुदर्शन चक्र पर काम चल रहा है। विश्व आज कठिन कालखंड से गुजर रहा है। लंबे समय से चले आ रहे समीकरण भी बदल रहे हैं। कठिन परिस्थितियों के बीच भी भारत तेजी से विकास की राह पर बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

# पीएम बोले-एनसीसी कैडेट्स 20 लाख पार, लड़कियों की संख्या भी बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को दिल्ली कैंटोनमेंट के कैरियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) पीएम रैली में शामिल हुए। रैली की थीम 'राष्ट्र प्रथम कर्तव्य निष्ठ युवा' रही।

पीएम ने एनसीसी में लड़कियों की संख्या बढ़ने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस बार भी बड़ी संख्या में लड़कियों ने शिविर में हिस्सा लिया। मैं खासतौर पर उन्हें बधाई देता हूं। पीएम ने कहा कि कुछ सालों में एनसीसी कैडेट्स की संख्या 14 लाख से बढ़कर 20 लाख हो गई। खासकर बॉर्डर-तटीय इलाकों में काफी बढ़ोतरी हुई है। पीएम ने कार्यक्रम में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर दुख जताया।

दरअसल, एनसीसी पीएम रैली महीने भर चले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के समापन का प्रतीक है, जिसमें देशभर से 2,406 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इनमें 898 बालिका कैडेट्स शामिल रहीं। इसके अलावा भूटान, श्रीलंका, ब्राजील, नेपाल और मलेशिया समेत 20 से अधिक मित्र देशों से 200 से ज्यादा कैडेट्स और अधिकारियों ने शिविर में हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

# 70 प्लस पेंशनर्स को जनवरी की पेंशन के साथ होगा भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार ने लंबे समय से लंबित पड़े पेंशन भुगतान को मंजूरी दे दी है। पेंशनर्स को अब लंबित भुगतान जनवरी की पेंशन के साथ होगा। इस फैसले से ऐसे हजारों बुजुर्ग पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा, जो बीते कई महीनों से बकाया राशि जारी होने का इंतजार कर रहे थे। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित विभागों ने भुगतान की तैयारी शुरू कर दी है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार लंबित राशि जनवरी माह की नियमित पेंशन के साथ ही जारी की जाएगी। माना जा रहा है कि पेंशन भुगतान में हो रही देरी को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बन रहा था, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। इस कदम को वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है।

# हिमाचल में 6 एचएएस अधिकारियों के तबादले

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों के तबादले और अतिरिक्त कार्यभार को लेकर आदेश जारी किए हैं। वर्ष 2017 बैच के एचएएस अधिकारी रमन घसंधी को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। वे एसडीसी चंबा अपराजिता चंदेल के अवकाश काल के दौरान एसडीसी चंबा का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 बैच के एचएएस अधिकारी एवं व्यास डैम प्रोजेक्ट राजा का तालाब में भूमि अधिग्रहण अधिकारी विकास जम्वाल को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कांगड़ा लगाया गया है। वहीं वर्ष 2024 बैच के एचएएस अधिकारी रमेश वर्मा को नगर निगम पालमपुर का संयुक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसी बैच के एचएएस एवं एसडीएम किशोर डॉ. ओम प्रकाश यादव को एसडीएम पालमपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सचिवालय और स्मार्ट सिटी परियोजना में फेरबदल

**वर्ष** 2022 बैच के एचएएस अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक चंबा मेडिकल कॉलेज केशव राम को हिमाचल सचिवालय में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 बैच की एचएएस एवं परियोजना अधिकारी इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट केलांग कल्याणी गुप्ता को जीएम स्मार्ट सिटी परियोजना शिमला (एडमिनिस्ट्रेशन/प्रोजेक्ट) का दायित्व सौंपा गया है। अंतिम रूप से राज्य सरकार की ओर से यह आदेश मुख्य सचिव संजय गुप्ता द्वारा जारी किए गए।

## उपलब्धि | प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने बढ़ाया उत्तर भारत का मान

# मुंह के कैंसर उपचार में एम्स बिलासपुर ने रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर का प्लास्टिक सर्जरी विभाग मुंह के कैंसर के उपचार में नए मानक स्थापित करना जारी रखे हुए है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मरीजों को सर्वोत्तम पुनर्निर्माण और पुनर्वास सहायता मिल सके।

एम्स बिलासपुर ने मुंह के कैंसर (ओरल मैलिग्नेंसी) के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है, जिससे उत्तर भारत में एक अग्रणी तृतीयक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। हाल ही में प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में संस्थान में मुंह कैंसर से पीड़ित 60 रोगियों की जटिल सर्जरी और सफल पुनर्निर्माण (रिकस्ट्रक्शन) किया गया है।

> **पुनर्निर्माण** सर्जरी मुंह कैंसर उपचार का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल शारीरिक संरचना ही नहीं, बल्कि रोगियों की वाणी, निगलने की क्षमता और आत्मसम्मान को भी पुनर्स्थापित करती है।
>
> -डॉ. नवनीत, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, एम्स बिलासपुर



### एक ही छत के नीचे व्यापक उपचार

**एम्स** बिलासपुर में मुंह कैंसर का प्रबंधन एक उच्च स्तरीय सामूहिक प्रयास है। इसमें ऑन्कोसर्जरी, ईएनटी और दंत चिकित्सा विभाग ट्यूमर को हटाने (रिसक्शन) का कार्य करते हैं, जबकि प्लास्टिक सर्जरी टीम जटिल पुनर्निर्माण प्रक्रिया को अंजाम देती है। इसके उपरांत रोगियों को रेडिएशन और मेडिकल ऑन्कोलॉजी की सेवाएं भी यहीं प्राप्त होती हैं। इन रोगियों के लिए एनेस्थीसिया और सर्जरी के दौरान का प्रबंधन भी काफी चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे एम्स की विशेषज्ञ टीम सफलतापूर्वक संचालित कर रही है।

### क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा पर प्रभाव

**इससे** पहले, हिमाचल प्रदेश के मरीजों को ऐसी 'सुप्रा-मेजर' सर्जरी के लिए पीजीआई चंडीगढ़ जैसे दूरदराज के केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ये उन्नत प्रक्रियाएं उपलब्ध होने से मरीजों के खर्च में कमी आई है और उनके जीवन की गुणवत्ता (क्वालिटी ऑफ लाइफ) में सुधार हुआ है।

### सर्जिकल उपलब्धियां

**प्लास्टिक** सर्जरी विभाग के डॉ. नवनीत ने बताया कि पिछले दो वर्षों में किए गए 60 पुनर्निर्माण कार्यों में दो प्रमुख तकनीकों का उपयोग किया गया है।

**फ्री फ्लैप पुनर्निर्माण (24 मामले):** इसमें शरीर के दूर के हिस्से (जैसे पैर या हाथ) से ऊतक (टिश्यू) लेकर मुख के जटिल दोषों को ठीक किया जाता है। यह सुविधा पहले इस क्षेत्र में दुर्लभ थी।

**लोकल फ्लैप पुनर्निर्माण (36 मामले):** इसमें प्रभावित क्षेत्र के पास के ऊतकों का उपयोग करके बेहतर कार्यात्मक और कॉस्मेटिक परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### डिजिटल लेनदेन में बरतें सावधानी: सुनील

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांगड़ा सहकारी समिति बैंक बिझड़ी के सौजन्य से स्थानीय बाजार में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने उपस्थित जनसमूह को डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल का है, इसलिए किसी भी प्रकार का लेनदेन अत्यंत सावधानी से करें। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए बताया कि किसी अनजान व्यक्ति के फोन, मैसेज या कॉल पर प्राप्त ओटीपी को न तो साझा करें और न ही ऐसे कॉल अटेंड करें, जिससे बैंक फ्रॉड से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर फोन करता है तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित बैंक शाखा को दें। कार्यक्रम में अतिरिक्त शाखा प्रबंधक किरण ज्योति ने भी बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

### डॉ. विनय संयोजक, रॉबिन सह संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश और जिला के शीर्ष नेतृत्व तथा मंडल अध्यक्षों के विचार-विमर्श के बाद भाजपा शोध प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉ. विनय कुमार सोनी को संयोजक और रॉबिन डटवालिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया। सभी संयोजकों और सह संयोजकों को बधाई दी गई और भरोसा जताया गया कि वे पार्टी को मजबूत बनाने और बूथ स्तर तक गतिविधियों को प्रभावी रूप से पहुंचाने में योगदान देंगे। रॉबिन डटवालिया ने बताया कि आगामी दिनों में मंडल, विधानसभा और जिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रकोष्ठ के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जाएगा और पार्टी गतिविधियों तथा कार्यक्रमों को धरातल तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

### मुस्कान ने झटके 87.17 प्रतिशत अंक

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** जिला हमीरपुर के गौना स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित किया गया। डीएलएड प्रथम वर्ष का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें मुस्कान ने 87.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ममता कुमारी ने 86.08 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पंकज गौतम ने 85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीएलएड द्वितीय वर्ष का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर संस्थान के प्रिंसिपल मदन लाल बन्याल ने सभी प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और शिक्षण स्टाफ के योगदान की सराहना की।

### बस शुरू होने पर लड्डू बांटकर जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** हमीरपुर-नादौन-हमीरपुर बस का संचालन गरियाली, मछु, डब्बर, नैहड़, डडलू-मंडलू, पुखरेड़, चरूरी व बड़ा आदि क्षेत्रों से शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य व पूर्व उपप्रधान राजेश कुमार पिंका, प्रधान गरियाली तिलक राज, राजकुमार, रिंका एवं स्थानीय महिलाएं, पुरुष, सेवानिवृत्त अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा बस स्टाफ व सवारियों का भी मुंह मीठा करवाया गया। सभी ने बस संचालन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है।

### सुनील 5वीं बार बने बार एसोसिएशन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर बार एसोसिएशन का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ। सुनील कुमार लखनपाल को पांचवीं बार प्रधान चुना गया है। इस चुनाव में 38 सदस्यों ने भाग लिया। सुनील कुमार पिछले दो सालों से लगातार बार एसोसिएशन के प्रधान रहे हैं। इस बार उन्हें पांचवीं बार इस पद पर चुना गया है। इससे पहले भी दो बार सुनील कुमार लखनपाल प्रधान रहे हैं। बार एसोसिएशन के सदस्य एस एस बन्याल ने इस चुनाव को लेकर आपत्ति दर्ज की है। उनका कहना है कि वोटर लिस्ट के अनुसार चुनाव संपन्न नहीं हुआ है और एल्डर कमेटी द्वारा चुनाव को स्थगित करने के बाद चुनाव करवा दिया गया। जबकि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का कहना है कि चुनाव समिति से संपन्न करवाए गए हैं।

### सर्व टीजीटी महासंघ का जनरल हाउस 1 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ की राज्य कार्यकारिणी के गठन के बाद जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी बनाने के लिए जनरल हाउस का आयोजन 1 फरवरी को बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हमीरपुर में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। इस बैठक में जिला के सभी ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित की जाएगी। प्रदेश महासचिव सुनील कुमार शर्मा, सह सचिव मनु देव शर्मा और कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि महासंघ टीजीटी वर्ग के सभी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर हल करवाने का प्रयास करेगा। इसमें वेतन विसंगति सुधार, नए वेतनमान लागू करना, ट्रांसफर दूरी सीमा में बदलाव, अनुबंध कर्मचारियों का नियमितीकरण और सेवा को वरिष्ठता एवं पेंशन में शामिल करना प्रमुख मुद्दे हैं।

### पर्यटन उद्योग देगा आत्मनिर्भर रोजगार के अवसर

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय टूरिज्म क्षेत्र में उद्यमिता कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रख्यात शिक्षाविद सुमन प्रजापति ने कहा कि पर्यटन उद्योग केवल घूमने-फिरने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए स्थायी और आत्मनिर्भर रोजगार के अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि होटल प्रबंधन, ट्रैवल और टूर ऑपरेटर, टूर गाइड, होम-स्टे, एडवेंचर और इको-टूरिज्म, फोटोग्राफी, फूड और हैंडीक्राफ्ट जैसे अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर हैं। हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और परंपराएं पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। प्रजापति ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे हिमाचल की विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के लिए उद्यमी सोच विकसित करें।

### चौकी जमवालां स्कूल में बच्चों को मिली साइकलें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बुधवार को चौकी जमवालां के राजकीय उच्च विद्यालय में कहा कि किसी भी बच्चे की जिंदगी में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। उनके प्रेरक शब्द बच्चों की पूरी जिंदगी बदल सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन और प्रोत्साहन से विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करते हैं और उनकी सोच पर माता-पिता से भी अधिक असर पड़ता है। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के सवालों से कभी चिढ़ने की बजाय सही दिशा में मार्गदर्शन देने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान कैनरा रोबेको म्यूचुअल फंड कंपनी की ओर से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत 68 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। उपायुक्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों के फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा देने और उन्हें फिट रखने का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि आजकल बच्चों की शारीरिक गतिविधियाँ कम हो गई हैं, और साइकल मिलने से वे पढ़ाई के साथ-साथ अच्छी कसरत भी कर पाएंगे।

### नगर निगम के कर्मचारियों को सौंपें कूड़ा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर ने बुधवार को हिम अकादमी स्कूल विकासनगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक जागरुकता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को घरों में ही सूखे और गीले कचरे की छंटनी करने तथा इसका सही निष्पादन सुनिश्चित करने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने घर और आस-पड़ोस में सभी लोगों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित करें। इस कूड़े को जहां-तहां फेंकने के बजाय नगर निगम के सफाई कर्मचारियों और कचरे के वाहनों को सौंपें। यदि लोग खुले में कचरा फेंकते हुए दिख जाए तो उन्हें ऐसा करने से रोकें, ताकि हमीरपुर शहर और इसके आसपास का पूरा क्षेत्र साफ-सुथरा और सुंदर बना रहे।

### 2063 करोड़ के ऋण आवंटन की संभावना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान हमीरपुर जिले में लगभग 2063 करोड़ रुपये के ऋण आवंटन की संभावना है। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बुधवार को नाबार्ड की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) जारी करते हुए यह जानकारी दी। योजना के तहत कृषि क्षेत्र को 793.66 करोड़, एमएसएमई के लिए 1086.04 करोड़ और शिक्षा, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सामाजिक अवसंरचना जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 183.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि पीएलपी बैंकों के लिए मार्गदर्शक का काम करेगी और यह ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने तथा सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगी। उन्होंने बैंकों और विभागीय अधिकारियों को ऋण और सब्सिडी योजनाओं के प्रति आम जनता को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम नरेश कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल, कृषि, उद्यान और पशुपालन विभाग के उपनिदेशक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# यूजीसी नियमों पर राजपूत महासभा का विरोध

## यूजीसी के नए नियम स्वर्ण समाज के साथ विश्वासघात, निरस्त नहीं किया तो होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किए गए नए नियमों को लेकर राजपूत महासभा व स्वर्ण समाज से जुड़े नेताओं ने विरोध करना शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में बुधवार को जिला राजपूत महासभा हमीरपुर ने शहीद कै मृदुल शर्मा चौक पर सभा आयोजित की और यूजीसी द्वारा शिक्षण संस्थानों में इक्विटी कमेटी गठन बारे जारी की गई अधिसूचना का पुरजोर विरोध किया। राजपूत महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि इस अधिसूचना को जारी करके केंद्र सरकार ने स्वर्ण समाज के साथ वही विश्वासघात किया है जो 1990 में बीजेपी समर्थित वीपी सिंह सरकार ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करके और हजारों सामान्य वर्ग के नौजवानों के जीवन की आहुति ली थी। जिला राजपूत महासभा हमीरपुर ने यूजीसी की जारी की अधिसूचना के विरोध में नारे बाजी भी की। इसके बाद राजपूत महासभा के पदाधिकारियों व स्वर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ के माध्यम से केंद्र सरकार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और स्थानीय संसद को ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर



यूजीसी के नए नियमों के विरोध में राजपूत महासभा के सदस्य प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

नेताओं ने कहा कि सामान्य वर्ग जहां इस सरकार से जाति आधारित आरक्षण को आर्थिक आधार पर किए जाने की उम्मीद कर रहा था और एससी, एसटी एट्रोसिटी एक्ट के हो रहे भयंकर दुरुपयोग को रोकने के प्रति आशावान था, लेकिन इससे भी खतरनाक नियम शिक्षा के क्षेत्र में लागू करके जहां सामान्य वर्ग के बच्चे हर वक्त इसके दुरुपयोग के कारण भयभीत रहेंगे, अपने भविष्य के प्रति कभी निश्चिंत नहीं रह पाएंगे। इससे शिक्षण संस्थानों में जातीय भेदभाव भी बढ़ेगा। इसके अलावा विभिन्न छात्र संगठनों की एकता पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इक्विटी कमेटी में सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व न होना भी इस वर्ग के साथ पक्षपात और अन्याय को बढ़ावा देगा इसके दुरुपयोग को न रोकने की व्यवस्था के कारण शिकायतकर्ता कभी भी अपने किसी भी स्वार्थ को पूरा करने के लिए सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं के ऊपर इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल करेंगे।

राजपूत महासभा द्वारा भेजे गए ज्ञापन में यह मांग की है कि इस अन्यायपूर्ण कानून को निरस्त करवाया जा सके। इस कानून के लागू होने से सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं में भय का वातावरण उत्पन्न होगा, जिससे वे स्वतंत्र और निष्पक्ष रूफसे अपनी पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के साथ-साथ ओबीसी वर्ग को इसके दायरे में शामिल किए जाने से यह कानून प्रताड़ना का संभावित औजार बन इससे शिक्षा, रोजगार और शैक्षणिक गुणवत्ता जैसे साझा मुद्दे पीछे छूट जाएंगे तथा समावेशी छात्र राजनीति कमजोर होकर छात्र एकता खंडित हो सकती है। साथ ही ब्राह्मण, सूद, महाजन सभा सहित सामान्य वर्ग के अन्य संगठन एक साथ मिलकर समन्वय समिति के रूप में इस कानून को तुरंत प्रभाव से निरस्त करने और सामान्य वर्ग को न्याय प्रदान करने की मांग करता है।

उन्होंने कहा कि यदि इस कानून को निरस्त नहीं किया गया तो देश और प्रदेश इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला राजपूत महासभा के महासचिव जोगिंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव डीएस डटवालिया, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष तिलक राज शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित ठाकुर व अन्य स्वर्ण समाज के नेता मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत रहूंगा: जोगिंद्र

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में नए मंदिर अधिकारी जोगिंद्र कुमार ने कार्यभार संभाल लिया। जोगिंद्र कुमार भोटा के नायब तहसीलदार भी हैं और इस अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे। वे बाहनवी, भोरंज तहसील,



हमीरपुर के निवासी हैं और पिछले 36 वर्षों से रेवेन्यू विभाग में सेवा दे रहे हैं। जोगिंद्र कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना होगी। उन्होंने ट्रस्ट के कर्मचारियों के सहयोग से बेहतर व्यवस्थाओं की दिशा में प्रयास करने की बात कही। चैत्र माह के मेलों को सुचारू रूप से संपन्न करवाना उनकी सबसे बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, कुछ लोग सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं क्योंकि भोटा से मंदिर की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है, जिससे सरकारी खर्च बढ़ सकता है।

## हिम अकादमी स्कूल विकासनगर के छात्रों को दी स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की जानकारी



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को सफल बनाने के उद्देश्य से हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में नगर निगम हमीरपुर के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन तथा नागरिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम हमीरपुर के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद को विशेष रूप से 'गेस्ट ऑफ ऑनर' सम्मान प्रदान किया गया। इनके साथ ही अंकित शर्मा जिला समन्वयक, राकेश कुमार, व सहायक अभियंता अश्वनी कुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उप-प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, मुख्य अध्यापिका कंचन लखनपाल व कार्यक्रम समन्वयक मनीषा मारवाह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राम प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कचरे के पृथक्करण, गीले व सूखे कचरे के सही निपटान और स्वच्छ शहर निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अंकित शर्मा, राकेश कुमार तथा अश्विनी कुमार ने भी विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक रोचक स्किट रही, जिसमें लाल, नीले व हरे डस्टबिन के माध्यम से कचरे के सही वर्गीकरण को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया।

### कैहरवीं-गोला दा गहरा के बीच मुख्य सड़क 25 फरवरी तक रहेगी बंद

◆ **हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क का अपग्रेडेशन कार्य जारी: डीसी**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क की अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर कैहरवीं और गोला दा गहरा के बीच यातायात अब 25 फरवरी तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि कैहरवीं और गोला दा गहरा के बीच मुख्य सड़क पर वाहनों की आवाजाही पहले 10 जनवरी तक बंद की गई थी, लेकिन यह अपग्रेडेशन का कार्य अभी जारी है। इसको देखते हुए अब सड़क के इस हिस्से को 25 फरवरी तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जिलाधीश ने बताया कि इस दौरान हमीरपुर से भोरंज की ओर जाने वाहन लंबलू से डुघली, डबरेड़ा और नुहाड़ा होते हुए कैहरवीं पहुंच सकते हैं। जबकि भोरंज से हमीरपुर की ओर आने वाले वाहन कैहरवीं से बिरडी, बलोह सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

## परंपरागत खेल हमारी सांस्कृतिक पहचान, इन्हें संरक्षित करना सभी का दायित्व: राजीव राणा



दियोटसिद्ध में दंगल के दौरान मुख्यातिथि राजीव राणा का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ परिसर में व्यापार मंडल एवं बाजार सुधार कमेटी द्वारा आयोजित विशाल दंगल में हिमाचल प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजीव राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर कमेटी द्वारा मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया।

राजीव राणा ने कहा कि परंपरागत खेल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। दंगल जैसे आयोजन न केवल हमारी लोक परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचान और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

राजीव राणा ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक भागीदारी से ही इन पारंपरिक खेलों का संरक्षण संभव है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधान संजय कुमार, सचिव जोगिंदर चंदेल, मुख्य सलाहकार पवन जागोता, यशपाल चंदेल, अमन गुप्ता, नितेश ननु, रजत सहित व्यापार मंडल एवं बाजार सुधार कमेटी के अन्य सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## अधवानी-बनालग वाया उटपुर सड़क का विधायक रणजीत सिंह ने किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के बमसन इलाके में विकास को नई दिशा देते हुए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने अधवानी से बनालग वाया उटपुर सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क क्षेत्र की वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे अब धरातल पर उतारा जा रहा है। विधायक के आगमन पर स्थानीय जनता, कांग्रेस कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी बड़े उत्साह के साथ पहुंचे।

कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, महिलाएं, युवा और पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। लोगों ने इस सड़क को क्षेत्र के समग्र विकास की नींव बताया और माना कि यह आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में नए अवसर पैदा करेगी। भूमि पूजन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के व्यापक



विधायक रणजीत सिंह सड़क का भूमि पूजन करते हुए। अनंत ज्ञान

विकास की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि सड़क कई पंचायतों को जोड़कर आवागमन को सुगम बनाएगी। साथ ही प्रस्तावित पुल दुर्गम क्षेत्रों के लोगों के लिए राहत का काम करेगा। स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा संस्थानों और बाजारों तक पहुंच आसान होगी।

कार्यक्रम में कैप्टन रणजीत सिंह ने पूर्व विधायक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पहले विकास केवल कागज और वीडियो तक सीमित रहता था। उन्होंने कहा, 'हम दिखावे की राजनीति नहीं करते, बल्कि जमीन पर काम करने में विश्वास रखते हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले बजट सुनिश्चित किया जाता है और फिर कार्य शुरू किया जाता है, जिससे जनता को वास्तविक लाभ मिले।

स्थानीय जनता और पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की। पूर्व सैनिक मदन लाल ने कहा कि इस सड़क से उटपुर की धार को जंददू की धार से जोड़ा जाएगा, जो क्षेत्र के लिए फायदेमंद होगा। महिला मंडल की महिलाओं ने विधायक का आभार व्यक्त किया और उन्हें प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

### सेना के शौर्य व सेवा ने बढ़ाया हिमाचल का मान: राकेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भारतीय रक्षा सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन और लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह को बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि वात्स्यायन ने नौसेना में दीर्घकालीन, अनुकरणीय सेवा से समुद्री सुरक्षा सुदृढ़ की, जबकि रणजीत सिंह ने सेना में नेतृत्व, रणनीति और साहस के साथ देश की रक्षा में योगदान दिया। ये दोनों अधिकारी हमीरपुर की हीरानगर कॉलोनी के निवासी हैं। इसके अलावा, ठाकुर ने कांगड़ा जिले के आर्मी हवलदार मकसूद दीन को ऑपरेशन सिंदूर में अद्वितीय वीरता के लिए सेना मेडल से सम्मानित किए जाने पर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की धरती वीर सपूतों की जननी रही है और इन सभी सैनिकों का शौर्य और समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणा है। भाजपा हमीरपुर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 31 मार्च तक पूरी हो टीजीटी भर्ती व पदोन्नति प्रक्रिया: संघ

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल में टीजीटी के बड़ी संख्या में रिक्त पद पड़े हैं। ऐसे में टीजीटी की बैच-आधारित भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जानी चाहिए। वर्तमान में 37.5 प्रतिशत बैच-आधारित कोटे के अंतर्गत भर्ती लंबित है, जबकि हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से होने वाले 37.5 प्रतिशत कमीशन कोटे के तहत कुल 937 टीजीटी पदों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इनमें टीजीटी (आर्ट्स) के 425, टीजीटी (नॉन-मेडिकल) के 343 और टीजीटी (मेडिकल) के 169 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए भर्ती परीक्षाएं आयोजित हो चुकी हैं, इसलिए इनकी नियुक्ति प्रक्रिया 31 मार्च 2026 तक पूरी की जाए। इसके अलावा पदोन्नति कोटे के तहत 15 प्रतिशत जेबीटी और 10 प्रतिशत सी एंड वी, कुल 381 टीजीटी पदों को भरने हेतु डीपीसी भी पिछले दो वर्षों से लंबित है। इस प्रकार कमीशन और प्रमोशन मिलाकर कुल 1318 टीजीटी पदों पर भर्तियां की जानी हैं। वर्तमान स्थिति में टीजीटी आर्ट्स के 510, टीजीटी मेडिकल के 270 तथा टीजीटी नॉन-मेडिकल के 538 पद रिक्त चल रहे हैं। वहीं, पिछले तीन वर्षों में 249 टीजीटी आर्ट्स, 57 टीजीटी नॉन-मेडिकल और 32 टीजीटी मेडिकल शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

दो वर्ष पूर्व हुई बैच-आधारित भर्ती में टीजीटी आर्ट्स के 652, नॉन-मेडिकल के 492 और मेडिकल के 265 पद भरे गए थे। इनमें भूतपूर्व सैनिक कोटे से टीजीटी आर्ट्स के 353, दिव्यांग कोटे से 90 और खेल कोटे से 68 शिक्षक नियुक्त हुए थे। इसके बावजूद 1999 से 2002 के बीच बीएड कर चुके हजारों शिक्षक आज भी बैच-आधारित नियुक्तियों की प्रतीक्षा में हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि मार्च 2026 में बड़ी संख्या में टीजीटी शिक्षक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। ऐसे में स्कूलों में पढ़ाई को सुचारू बनाए रखने के लिए लंबित भर्ती व पदोन्नति प्रक्रियाएं 31 मार्च 2026 तक पूरी की जाएं, अन्यथा आचार संहिता लगने की स्थिति में नियुक्तियां और अधिक लटक सकती हैं।

## नादौन शहर में चिट्टे के खिलाफ संयुक्त रैली निकालने का निर्णय

◆ **नशे के खिलाफ एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक**

अनंत ज्ञान

**नादौन।** समाज में वढ़ रहे नशे को लेकर नादौन में एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें विभागों के अधिकारियों तहसीलदार रोहित कंवर, एसएचओ निर्मल सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी, बीएमओ डॉ राजेश भारद्वाज, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा,जिला भाषा अधिकारी, एसएमओ डॉ स्वाती, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के अलावा समाज सेवियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम निशांत शर्मा ने की। बैठक में नशे को रोकने के लिए विस्तार से चर्चा की गई तथा नशे को जड़ से उखाड़ने का संकल्प लेते हुए निर्णय लिया गया कि 3 फरवरी को चिट्टे के खिलाफ नादौन शहर में इंद्रपाल मार्किट चैंक से लेकर ध्यानू भगत की समाधि तक संयुक्त रैली निकाली जाएगी जिसमें नादौन के सभी विभाग,नगर परिषद नादौन, व्यापार मण्डल व शहरवासी शामिल होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम निशांत शर्मा ने शहरवासियों से आग्रह किया चिट्टा जैसे नशे को रोकने व जड़ से उखाड़ने के लिए खुलकर आगे आएं ताकि नशा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी चिट्टे के नशे से कई युवा बर्बाद हो रहे हैं। युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए मुख्यमंत्री ने नशे को रोकने के कड़े एवं प्रभावी कदम उठाए हैं और नशा विरोधी मुहिम को एक जन आंदोलन के रूप में प्रदेश भर में शुरू किया है। इस आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए नादौन निवासियों से आग्रह है कि वे इस चिट्टे के खिलाफ इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें ताकि युवा पीढ़ी को इस नशे से बचाया जा सके।

नादौन वार्ड न. 1 में ब्यास नदी के तट पर माता ज्वालामुखी के अनन्य भक्त ध्यानू की समाधि है। उस बारे बैठक में विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया इस 3 फरवरी को इस समाधि व आस-पास की साफ सफाई की जाएगी

**निर्देश** घायलों के डेढ़ लाख तक के कैशलैस इलाज के लिए तुरंत अपलोड हो डाटा

## सड़क हादसे रोकने को उठाएं आवश्यक कदम: डीसी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा इनसे होने वाली मौतों की संख्या को शून्य तक लाने के लिए लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी, पुलिस, परिवहन विभाग और अन्य संबंधित विभाग सभी आवश्यक कदम उठाएं। इसके अलावा यातायात के नियमों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए आम लोगों को भी जागरुक करें। बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान जिला में कुल 67 सड़क हादसे हुए। जबकि, वर्ष 2024 में 84 हादसे हुए थे। हालांकि, पिछले एक वर्ष के दौरान सड़क हादसों में कमी आई है, लेकिन अभी भी काफी सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि जिला से गुजरने वाले सभी नेशनल हाईवेज



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करती हुई डीसी गंधर्वा। अनंत ज्ञान

और एक्सप्रेस हाईवेज पर स्पीड लिमिट के बोर्ड होने चाहिए। स्पीड ब्रेकर्स, जैबरा क्रासिंग्स और चौक-चौराहों पर सही मार्किंग होनी चाहिए। ट्रैफिक, पार्किंग और नो पार्किंग जोन इत्यादि के लिए भी उपयुक्त साइज के बोर्ड हों। शिमला, चंडीगढ़, कांगड़ा और पालमपुर की ओर आवाजाही करने वाले वाहनों को बाईपास से भेजने के लिए भी सभी प्रमुख स्थानों पर दिशासूचक बोर्ड लगाएं।

उपायुक्त ने कहा कि दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों की मरम्मत एवं सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी और एनएच के अधिकारी त्वरित कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए तत्काल सहायता प्रदान करने वाले नेक व्यक्तियों को राहवीर योजना के तहत 'गुड सेमेरिटन' पुरस्कार दिया जाता है। जिला में अभी तक 7 लोगों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। उपायुक्त ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अब आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध सभी अस्पतालों और अन्य सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ लाख रुपये तक के मुफ्त एवं कैशलैस इलाज की व्यवस्था की गई है। इस योजना के क्रियान्वयन में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इससे संबंधित डाटा अपलोडिंग में कोई दिक्कत आ रही है तो डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रबंधों और जागरुकता गतिविधियों के लिए विभिन्न विभागों को नियमित रूप से बजट आवंटित किया जाता है। हर विभाग के पास इसके व्यय के लिए प्रभावी योजना होनी चाहिए। बैठक में एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग और अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित रिपोर्ट पेश की। जबकि, समिति के सचिव एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने सभी मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# शिमला में बारिश-बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## 150 से अधिक सड़कें और 200 से अधिक बिजली के ट्रांसफार्मर बंद, पेयजल योजनाओं पर भी संकट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को हुए मौसम के बदलाव ने जहां एक ओर कड़ाके की ठंड बढ़ा दी है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं को भी भारी नुकसान पहुँचाया है। शिमला शहर में रुक-रुक कर हुई बारिश और जाखू की चोटियों पर हल्की बर्फबारी के बीच पूरे जिला में शीतलहर का प्रकोप तेज हो गया है। हालांकि, लंबे समय से सूखे के बाद हुई इस बारिश और ऊपरी इलाकों में बर्फबारी ने जिला के ऊपरी क्षेत्रों में बागवानों के चेहरे पर खुशी ला दी है, क्योंकि सेब के बागानों के लिए यह नमी 'सफेद सोना' साबित होगी।


शिमला के समीप बर्फबारी में कुफरी से गुजरती मुख्य सडक का विहंगम दृश्य। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार ताजा बर्फबारी और भारी बारिश के कारण जिला शिमला में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अकेले शिमला जिला में 150 से अधिक संपर्क सड़कें यातायात के लिए पूरी तरह बंद हो गई हैं, जिससे ऊपरी शिमला का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। सड़कों के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को भी करारा झटका लगा है। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक बिजली के ट्रांसफार्मर ठप होने से दर्जनों गांव अंधेरे में डूब गए हैं। विभाग की टीमें कड़ाके की ठंड में लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी हैं, लेकिन खराब मौसम काम में बाधा डाल रहा है।

बर्फबारी और गिरते पारे का सीधा असर जिला की पेयजल योजनाओं पर पड़ा है। जिला शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में करीब 30 से 40 पेयजल परियोजनाएं आंशिक या पूर्ण रूप से बाधित हुई हैं। तापमान शून्य से नीचे चले जाने के कारण कई मुख्य पाइपलाइनों में पानी जम गया है, जिससे ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शिमला शहर के बाहरी क्षेत्रों में भी पानी की किल्लत महसूस की जा रही है। प्रशासन ने जल शक्ति विभाग को मुस्तैद रहने और प्रभावित योजनाओं को जल्द बहाल करने के निर्देश जारी किए हैं।

### बागवानी के लिए वरदान, चिलिंग आवर्स होंगे पूरे

**सड़कों** और बिजली की दुश्वारियों के बीच यह मौसम जिला शिमला के प्रमुख व्यवसाय 'बागवानी' के लिए राहत लेकर आया है। शिमला जिला के मुख्य सेब उत्पादक क्षेत्रों-नारकंडा, चौपाल, रोहड़ू और कोटखाई-में हुई बर्फबारी से बागवानों की उम्मीदें जीवंत हो गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सेब की फसल के लिए जरूरी चिलिंग आवर्स 700 से 1000 घंटे की ठंड इस बर्फबारी से पूरे होने की संभावना बढ़ गई है। जमीन में नमी जमा होने से पौधों को पोषण मिलेगा, जिससे आने वाले सीजन में फलों की गुणवत्ता और आकार दोनों में सुधार होने की प्रबल संभावना है।

### प्रशासन की चेतावनी, पाले-फिसलन से रहें सावधान

**शिमला** जिला प्रशासन ने बिगड़ते मौसम को देखते हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त शिमला ने कहा है कि ऊपरी इलाकों जैसे कुफरी, फागू और नारकंडा की ओर जाने वाले लोग विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि रात के समय सड़कों पर पाला जमने से गाड़ियां स्किड होने का खतरा बढ़ जाता है। लोक निर्माण विभाग को मुख्य मार्गों पर तुरंत रेत और मिट्टी बिछाने के आदेश दिए गए हैं ताकि आपातकालीन सेवाओं और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित न हो।

### बर्फबारी वाले क्षेत्रों में पीडीएस राशन के लिए छूट की मांग

**हिमाचल** किसान सभा ने सरकार से बर्फबारी वाले दुर्गम क्षेत्रों में पीडीएस राशन लेने के लिए विशेष छूट देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली गुल रहने और ई-पॉस मशीन खराब होने से लोगों को राशन नहीं मिल पाता, साथ ही महीने के अंत तक राशन लेने की समय सीमा के कारण गरीब परिवारों का राशन लैप्स हो जाता है। इसलिए उन्होंने ऑफलाइन वितरण, अतिरिक्त तिथियाँ और विशेष छूट की तत्काल व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

# मनरेगा से गांधी का नाम हटाने पर भड़की कांग्रेस

अनंत ज्ञान

- कल रिज पर सुक्खू सरकार का महा-उपवास एकजुटता का होगा प्रदर्शन

**ब्यूरो, शिमला।** मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने और इस योजना को कमजोर करने के प्रयासों के विरोध में राज्य कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में आगामी 30 जनवरी को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष एक विशाल उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस सांकेतिक धरने में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल सहित मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और विधायक अपनी एकजुटता प्रकट करेंगे।

इस प्रदर्शन के बाद राजनीति का केंद्र बिंदु कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन होगा, जहां प्रदेश मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल संगठनात्मक मजबूती को लेकर मैराथन बैठकें करेंगी। दोपहर 2 बजे से प्रस्तावित इस बैठक में सभी जिला अध्यक्षों और 'मनरेगा बचाओ अभियान' के लिए नियुक्त कॉर्डिनेटर्स के साथ योजना की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही रजनी पाटिल युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सेवादल जैसे अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग संवाद कर धरातल पर फीडबैक लेंगी।

पार्टी नेतृत्व ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कड़ा रुख अपनाया है और संगठन के सभी स्तरों पर उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। प्रदेश कांग्रेस सचिव ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी जिला व ब्लॉक कॉर्डिनेटर और पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी बैठकों में अनिवार्य रूप से भाग लें। विनय कुमार ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस महात्मा गांधी की विरासत और गरीबों के रोजगार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 'द व्हाइट टूथ' वेब सीरीज की लॉन्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने द व्हाइट टूथ नामक एक नई वेब सीरीज लॉन्च की है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य स्तरीय पूर्ण राजत्व दिवस के अवसर पर किया। इस सीरीज के 7 एपिसोड यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर ज्ञान विज्ञान स्ट्रीम के माध्यम से उपलब्ध होंगे, जिनका उद्देश्य युवाओं को नशे की बढ़ती लत से बचाना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। समिति का मानना है कि सोशल मीडिया के इस दौर में वेब सीरीज नशे के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करने में कारगर साबित होगी।

### अजीत पवार के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने एक विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के असामयिक निधन पर गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया है। शोक संदेश जारी करते हुए विनय कुमार ने कहा कि अजीत पवार का जाना भारतीय राजनीति के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि वे परिवार को इस अपार कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### कुलदीप सिंह पठानिया ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने महाराष्ट्र राज्य के बारामती (पुणे) में हुए भीषण विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। यह विमान आज सुबह मुंबई से पुणे के लिए रवाना हुआ था, जो दुर्भाग्यवश बारामती में लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिनमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार भी शामिल थे। अपने शोक संदेश में विधान सभा अध्यक्ष ने इस दुर्घटना को अत्यंत हृदय विदारक बताते हुए कहा कि इससे प्रभावित परिवारों को हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के असामयिक निधन से महाराष्ट्र ने एक होनहार, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्रीय स्तर के नेता को खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

# राष्ट्रपति का अभिभाषण विकसित भारत के संकल्प का मजबूत रोडमैप: हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान

- कहा- गरीब, किसान व मध्यम वर्ग मोदी सरकार की प्राथमिकता
- युवा शक्ति और इंफ्रास्ट्रक्चर से आत्मनिर्भर भारत की ओर तेज कदम

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि बजट सत्र 2026-27 के दौरान राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सशक्त स्वर देता है। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों के साथ आने वाले समय की स्पष्ट कार्ययोजना सामने रखी गई है, जिससे यह साफ है कि केंद्र सरकार का मूल फोकस गरीब कल्याण, किसान समृद्धि, मध्यम वर्ग को राहत और युवाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। पिछले एक दशक में लक्षित और पारदर्शी योजनाओं के जरिए लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।



शिमला से जारी बयान में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि किसानों की खुशहाली विकसित भारत की नींव है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख करोड़ से अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचाई गई है। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन के साथ कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए 1.25 लाख करोड़ का निवेश किया गया है। तिलहन, दलहन और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय मिशन शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए हालिया कर सुधारों में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर ऐतिहासिक राहत दी गई है।

# राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने विवि अनुदान आयोग के नए नियमों का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता बढ़ाने संबंधी विनियम 2026 के विरोध में प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने गले में रस्सी का फंदा और हाथों में हथकड़ी डालकर नारेबाजी की। पार्टी ने इन नियमों को शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संतुलन के लिए नुकसानदेह बताया। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूमित ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सवर्ण समाज के साथ अन्याय किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ये नए नियम शिक्षा के समान अवसरों को प्रभावित करेंगे और समाज में विभाजन को बढ़ावा देंगे। रूमित ठाकुर ने कहा कि इन नियमों के कारण युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। रूमित ठाकुर ने भाजपा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावी मंचों से बड़े-बड़े नारे देने वाले नेता सवर्ण समाज के हितों पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि वे किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री हैं। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि इन नियमों को वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# विधायक प्राथमिकता से लेकर आपदा राहत तक प्रदेश सरकार पर जयराम ठाकुर का तीखा प्रहार

अनंत ज्ञान

- विधायक प्राथमिकता में पक्षपात का आरोप, बैठक बहिष्कार की चेतावनी
- विधायक और ऐच्छिक निधि पर रोक से जनता को नुकसान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद भाजपा विधायकों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के लिए दी गई विधायक प्राथमिकताओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो इन कार्यों की डीपीआर तैयार करवाई जा रही है और न ही वित्तीय स्वीकृतियों के लिए संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिन परियोजनाओं को बजट, डीपीआर और फॉरेस्ट क्लीयरेंस तक मिल चुकी है, उन्हें भी जानबूझकर लटकाया जा रहा है। सरकार पर दलगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यदि यही रवैया जारी रहा तो भाजपा विधायक आगामी विधायक प्राथमिकता बैठक का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

जयराम ठाकुर शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब विधायकों की विधायक निधि और ऐच्छिक निधि पर रोक लगाई गई है। आपदा के दौर से गुजर रहे प्रदेश में पेयजल योजनाएं ठप हैं, पुल टूटे पड़े हैं और विकास कार्य रुके हुए हैं। ऐसी स्थिति में विधायक निधि ही जनता के लिए सहारा बनती है, लेकिन सरकार ने उस पर भी ताला लगा दिया है। उन्होंने कहा कि ऐच्छिक निधि रुकने से जरूरतमंद और गरीब लोगों की मदद का रास्ता भी बंद हो गया है, जो सरकार की प्रतिशोध और पक्षपातपूर्ण राजनीति को दर्शाता है।

### भारतीय बंधकों की रिहाई पर बधाई, दुखद हादसे पर शोक

**जयराम** ठाकुर ने अमरीकी कोस्ट गार्ड द्वारा रोके गए रूसी तेल टैंकर मैरिनेरा (बेला-1) के पालमपुर निवासी रीक्षित सहित तीनों भारतीय क्रू मेंबर की रिहाई पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का आभार जताया। उन्होंने बताया कि इस मामले को उन्होंने स्वयं प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय के संज्ञान में लाया था।



वहीं, महाराष्ट्र में हुए दुखद विमान हादसे में मुख्यमंत्री अजीत पवार सहित अन्य लोगों के निधन पर उन्होंने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक बताया तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

# 272 का लक्ष्य था, 472 बेसहारा पशु गोसदनों तक पहुंचे: उपायुक्त

अनंत ज्ञान

- अभियान शुरू होते ही बढ़ी बेसहारा पशुओं की संख्या
- डीसी की अपील, पशुधन हमारी धरोहर, इन्हें सड़कों पर न छोड़ें

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सड़कों के किनारे घूम रहे बेसहारा पशुओं को गौसदनों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन के सर्वेक्षण में जिला में 272 बेसहारा पशु चिन्हित किए गए थे, लेकिन अभियान के दौरान यह संख्या बढ़ गई। 28 जनवरी तक जिला प्रशासन 472 बेसहारा पशुओं को रेस्क्यू कर विभिन्न गौसदनों तक सुरक्षित पहुंचा चुका है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि यह चिंताजनक है कि अभियान शुरू होते ही लोगों ने अपने पशुओं को सड़कों पर छोड़ना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन का लक्ष्य 01 जनवरी 2026 तक शिमला को बेसहारा पशु मुक्त जिला बनाना था। प्रारंभिक लक्ष्य हासिल कर लिया गया था, लेकिन इसके बाद लगातार नए बेसहारा पशुओं की सूचनाएं मिलती रहीं, जिस कारण आंकड़ा बढ़ता गया। उपायुक्त ने कहा कि पशुधन हमारी धरोहर है और इन्हें बेसहारा छोड़ना अमानवीय है, खासकर सर्दियों में इनके जीवन को गंभीर खतरा रहता है। उन्होंने पशु छोड़ने वालों से अपील की कि वे अपने पशु वापस ले जाएं और आम लोगों से आग्रह किया कि यदि कहीं कोई पशु छोड़ा जाता है तो इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# आपातकालीन सेवाओं में हिमाचल बना नंबर वन

## देश में नंबर वन बनी 112 सेवा, मुख्यमंत्री सुक्खू ने सराहा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल पुलिस ने आपातकालीन सेवा ईआरएसएस-112 के तहत औसत रिस्पॉन्स टाइम के मामले में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर एक मिसाल कायम की है। बीते 24 घंटों के आंकड़ों में राज्य पुलिस का प्रदर्शन देशभर में अव्वल रहा, जो कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद नागरिकों तक सबसे तेज मदद पहुंचाने की उसकी क्षमता को दर्शाता है। यह उपलब्धि न केवल तकनीकी दक्षता की पहचान है, बल्कि जनता के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भी मजबूत प्रमाण है।



इस ऐतिहासिक सफलता पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि ईआरएसएस-112 में तैनात टीमों और पुलिस थानों के अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत, निष्ठा और बेहतरीन तालमेल का नतीजा है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में काम करना आसान नहीं होता, इसके बावजूद राज्य पुलिस ने यह साबित किया है कि मजबूत इरादों और सही रणनीति से हर मुश्किल को मात दी जा सकती है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सेवाएं देने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है।

उन्होंने कहा कि 'स्पीड, सेंसिटिविटी और सर्विस' आने वाले समय में भी प्रदेश पुलिस का मार्गदर्शक सिद्धांत बना रहना चाहिए। पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने कहा कि यह सफलता अनुशासित कार्यप्रणाली और फील्ड स्तर पर सशक्त निगरानी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है।

### सीएम सुक्खू ने अजीत पवार के निधन पर जताया गहरा शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सुबह बारामती (महाराष्ट्र) में हुए विमान हादसे में उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें एक अनुभवी राजनेता बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र के विकास में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह आघात सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# पंचायतों की मतदाता सूचियों के लिए 30 तक बढ़ी समय सीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंचायत स्तर पर मतदाता सूचियों के प्रकाशन को लेकर राज्य सरकार ने समयसीमा में दो दिन की बढ़ोतरी कर दी है। अब जिला उपायुक्त 28 जनवरी के बजाय 30 जनवरी तक मतदाता सूचियां जारी कर सकेंगे। इस संबंध में प्रशासनिक स्तर पर निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि प्रक्रिया बिना किसी जल्दबाजी के पूरी की जा सके।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि समय बढ़ाने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया सही ढंग से पूरी हो सके। अतिरिक्त समय मिलने से पंचायत स्तर पर आपत्तियों के निपटारे और सत्यापन का काम बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। माना जा रहा है कि इस कदम से आगामी पंचायत संबंधी गतिविधियों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता दोनों मजबूत होंगी।

# राष्ट्रपति का अभिभाषण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की शक्तिशाली अभिव्यक्ति: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

- कहा-'विकसित भारत' के लिए निर्णायक रोडमैप पेश करता है राष्ट्रपति का संबोधन

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद के संयुक्त अधिवेशन में राष्ट्रपति के अभिभाषण में भाग लेते हुए इसे 'विकसित भारत' की दिशा में निर्णायक और दूरदर्शी रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संबोधन अल्पकालिक और दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करता है तथा समावेशी विकास, आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि सामाजिक न्याय के साथ विकास, जिम्मेदारी के साथ प्रौद्योगिकी और करुणा के साथ सुरक्षा—ये सभी राष्ट्रपति के संबोधन को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति बनाते हैं। उन्होंने कहा कि 2026 को आधार वर्ष और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को केंद्र में रखकर प्रस्तुत दृष्टि व्यावहारिक, समावेशी और महत्वाकांक्षी है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार की सराहना की। आयुष्मान भारत, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और मिशन मोड रोग नियंत्रण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर दिए गए जोर को महत्वपूर्ण बताया।

कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर बोलते हुए उन्होंने रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, किसानों की आय बढ़ाने और कृषि अवसंरचना को सशक्त करने की नीतियों की प्रशंसा की। वहीं मेक इन इंडिया, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, निर्यात प्रोत्साहन और रोजगार सृजन को भारत की तकनीकी संप्रभुता के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने अवसंरचना, कनेक्टिविटी, वंदे भारत नेटवर्क, ग्रामीण सड़कों और राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रपति के दृढ़ संदेश को राष्ट्र की प्रगति का मजबूत आधार बताया।

# हिमाचल में डिब्बा बंद वस्तुएं खरीदते समय मात्रा की जांच करना अनिवार्य

अनंत ज्ञान

- खाद्य तेल को लेकर उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक

**ब्यूरो, शिमला।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे डिब्बा बन्द वस्तुओं, विशेषकर पैकेज्ड खाद्य तेल जैसे रिफाइंड और सरसों तेल की खरीद करते समय उस पर दर्शाई गई शुद्ध मात्रा की सावधानीपूर्वक जांच करें। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को इस विषय में लगातार जागरूक किया जा रहा है ताकि वे खरीदारी के समय किसी भी प्रकार के भ्रम या नुकसान से बच सकें।

जानकारी के अनुसार पहले खाद्य तेल निश्चित मानक मात्रा में ही पैक किए जा सकते थे, लेकिन विधिक माप विज्ञान (डिब्बा बन्द वस्तुए) नियम, 2011 के द्वितीय खंड को भारत सरकार द्वारा निरस्त किए जाने के बाद अब निर्माता या पैकर किसी भी मात्रा में तेल या अन्य तरल पदार्थ पैक कर सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए यह और भी आवश्यक हो गया है कि वे पैकेट या डिब्बे पर अंकित मात्रा को ध्यान से पढ़ें और समझें। हाल ही में कई जगह उचित मूल्य की दुकानों पर कम वजन के रिफाइंड तेल को लेकर खबरें प्रकाशित हुई थीं। इसके बाद प्रदेश भर में विधिक माप विज्ञान अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें यह सामने आया कि कई उपभोक्ता तरल पदार्थों के पैकेट पर मुद्रित आयतन और वास्तविक वजन के अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं। आमतौर पर तेल के पैकेट पर एक निश्चित तापमान पर आयतन लीटर या मिलीलीटर में दर्शाया जाता है और जहां मात्रा आयतन में घोषित होती है, वहां वजन का उल्लेख भी अनिवार्य होता है।

उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और संबंधित नियमों के तहत पैकेट पर दर्ज सभी वैधानिक जानकारियों जैसे शुद्ध मात्रा, निर्माता या पैकर का नाम और पता, पैकिंग का माह और वर्ष, अधिकतम खुदरा मूल्य, उपभोक्ता सहायता विवरण और उपयोग की अंतिम तिथि की भी जांच अवश्य करें। सभी विवरण स्पष्ट, पढ़ने योग्य और आसानी से दिखाई देने योग्य होने चाहिए।

### टोल फ्री नंबर पर सीधे करें शिकायत

**यदि** किसी उपभोक्ता को डिब्बा बंद वस्तु की मात्रा, वजन या कीमत को लेकर कोई संदेह हो, या आवश्यक जानकारी अस्पष्ट अथवा अनुपस्थित लगे, तो वे नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1800-11-4000 या 1915, तथा सीएम संकल्प हेल्पलाइन 1100 के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता संरक्षण, व्यापारिक पारदर्शिता और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सभी कानूनी प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

**भ्रमण** इसरो भ्रमण बना प्रेरणा का केंद्र, शैक्षणिक यात्रा के उद्देश्य व सहभागिता से मिली नई सीख

# बच्चों को वैज्ञानिकों से संवाद व चंद्रयान से मिली प्रेरणा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के लिए बेंगलुरु का यह शैक्षणिक भ्रमण ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा से भरपूर रहा। प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों के 76 विद्यार्थियों के दल ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बेंगलुरु स्थित केंद्रों का भ्रमण कर अंतरिक्ष विज्ञान और उपग्रह तकनीक की कार्यप्रणाली को नज़दीक से जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने रॉकेट प्रक्षेपण की अवधारणा, उपग्रह निर्माण, अनुसंधान प्रक्रियाओं और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को प्रत्यक्ष रूप से समझा, जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा का विस्तार हुआ।


बेंगलुरु में इसरो के आईएसटीआरएसी केंद्र का भ्रमण करते पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित इस शैक्षणिक यात्रा में प्रदेश के नौ जिलों से चयनित 76 विद्यार्थी शामिल रहे, जिनके साथ छह अध्यापक भी उपस्थित थे। यह भ्रमण समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को इसरो के आईएसटीआरएसी केंद्र का अवलोकन कराया गया, जहाँ उन्हें अंतरिक्ष अभियानों की योजना, नियंत्रण और तकनीकी समन्वय की विस्तृत जानकारी दी गई। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए पाठ्यपुस्तकों से परे जाकर विज्ञान को समझने का सशक्त माध्यम बना। भ्रमण के दौरान इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक बी. शंकर मेडास्वामी ने विद्यार्थियों से संवाद किया और संगठन की कार्यसंस्कृति को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इसरो में कार्यरत अनेक वैज्ञानिक ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और शिक्षा व समर्पण के बल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

आईएसटीआरएसी की प्रयोगशालाओं के भ्रमण के दौरान वॉटर बूस्टर रॉकेट के प्रक्षेपण का प्रदर्शन विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रयोगात्मक प्रस्तुति ने विज्ञान को जीवंत और रोचक रूप में प्रस्तुत किया। भ्रमण से शिक्षकों को भी महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे वे कक्षा शिक्षण को अधिक अनुभवाधारित और गतिविधि-केंद्रित बना सकेंगे, जो नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है।

### अन्य शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्थलों से भी मिला अनुभव

**इसरो** भ्रमण के अतिरिक्त विद्यार्थियों ने बेंगलुरु के प्रमुख शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्थलों का भी अवलोकन किया। उन्होंने विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय में विज्ञान और तकनीक के विविध प्रयोग देखे, इस्कॉन मंदिर में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को समझा तथा लाल बाग उद्यान में जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से परिचित हुए। वंडरला भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक झूलों में प्रयुक्त तकनीक, गति, गुरुत्वाकर्षण और सुरक्षा प्रणालियों को समझते हुए विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग का अनुभव प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### टांडा फायरिंग रेज में फायरिंग अभ्यास आज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना की ओर से टांडा फायरिंग रेंज में 29 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कोहाला, कछियारी, खोली तथा घुरकड़ी के लोगों से आग्रह किया कि 29 जनवरी को फायरिंग रेंज के आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचें, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके।

### आईटीआई सरोतरी में कैंपस इंटरव्यू 2 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आईटीआई बड़ोह में युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। 2 फरवरी को आईटीआई बड़ोह (सरोतरी) में लार्सन एंड टुब्रो द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इसमें एसोसिएट ट्रेनी/अप्रेंटिसशिप पदों के लिए ड्राफ्ट्समैन सिविल, सर्वेयर, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, वायरमैन, प्लंबर, वेल्डर, बीएससी व डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग तथा स्नातक योग्य अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। कुल 3000 पद भरे जाएंगे। इसके अलावा फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट के लिए पासआउट अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 से 19,000 रुपए मासिक वेतन के साथ ईएसआई, पीएफ, मुफ्त प्रशिक्षण, छात्रावास, भोजन व सुरक्षा उपकरण की सुविधा मिलेगी। आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 8851275433 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन पर दिया बल




**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल रहे। प्रधानाचार्य राकेश राणा के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया। उन्होंने संविधान से मिले अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन पर बल दिया। राकेश राणा ने देश के प्रति सम्मान, बलिदान और सुरक्षा की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ हुआ।

### हिमाचली मिलन समारोह में मेधावी सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दिल्ली में रह रहे हिमाचलियों की प्रमुख संस्था हिमाचल जन जागृति समिति द्वारा हिमाचल दिवस पर सामुदायिक केंद्र पुष्प विहार में हिमाचली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। लोक गायक मोहित गर्ग, विनोद डोगरा व संजीव शर्मा ने पहाड़ी गीतों से समां बांधा। सामाजिक, सांस्कृतिक व व्यावसायिक क्षेत्रों में योगदान देने वालों और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। दिल्ली हिमाचल स्टूडेंट एसोसिएशन के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में कांगड़ी धाम का भी विशेष आयोजन रहा।

### लायंस क्लब ने लगाया निशुल्क रिपेयर मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के निकटवर्ती सौकनी दा कोट ग्राम पंचायत में अंबेडकर भवन परिसर में लायंस क्लब धर्मशाला द्वारा निशुल्क रिपेयर मेले का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता लायन मोहिंदर सिंह धीमान ने की, जबकि आयोजन पंचायत प्रधान की देखरेख में संपन्न हुआ। ग्रामीणों द्वारा बेकार रखे गए टूटे-फूटे बिजली उपकरण जैसे पंखे, मिक्सर ग्राइंडर, प्रेस, गैस चूल्हे, कुकर आदि की निशुल्क मरम्मत कर उन्हें पुनः उपयोगी बनाकर ग्रामीणों को सौंपा गया। आयोजन लायन त्रिलोक शर्मा के सहयोग तथा लायन बीके शर्मा के कुशल नेतृत्व में सभी लायन सदस्यों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में दी किसान क्रेडिट कार्ड और बीमा योजनाओं की जानकारी



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा लोअर लंबागांव की ओर से खंड विकास अधिकारी कार्यालय में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक कुलदीप शमा व गुरवचन अध्यक्षता आयोजित शिविर में डिजिटल भुगतान केवाईसी, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाओं के साथ ऋण योजनाओं, डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर बैंक अधिकारियों के साथ अर्चना कुमारी, सपना देवी, रीना कुमारी, वंदना कुमारी, पवना, शिवानी, अंजू चौहान, दीपा शर्मा, पूजा शर्मा के साथ अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

# एचआरटीसी डिपो धर्मशाला में नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल जल्द

## फरवरी के पहले सप्ताह में धर्मशाला पहुंच जाएगी नई बस

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित एचआरटीसी डिपो में नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल जल्द होगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जानकारी के अनुसार, ट्रायल के लिए एक नई इलेक्ट्रिक बस फरवरी माह के पहले सप्ताह में धर्मशाला पहुंच जाएगी। बस के धर्मशाला पहुंचने उपरांत फरवरी के दूसरे सप्ताह में धर्मशाला में नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल प्रस्तावित है। गौरतलब है कि प्रदेश में 297 नई इलेक्ट्रिक बसें परिवहन निगम के बेड़े में शामिल की जा रही हैं, जिस पर 424 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राज्य के विश्राम गृहों तथा सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर 310 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा सार्वजनिक निजी भागीदारी के आधार 41 अन्य स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।



धर्मशाला में निर्माणाधीन एचआरटीसी वर्कशॉप। अनंत ज्ञान

**चार्जिंग स्टेशन का कार्य अंतिम चरण में :** धर्मशाला में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत एचआरटीसी वर्कशॉप का निर्माण किया जा रहा है। इसमें लग रहे इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का कार्य अंतिम चरण में है। वर्कशॉप की प्रथम मंजिल में इलेक्ट्रिक चार्जर स्थापित कर दिए गए हैं। वर्कशॉप एंट्री रोड, वॉशिंग एरिया का कुछ कार्य शेष है। अभी वर्कशॉप में पांच के करीब चार्जर लगाए जा रहे हैं, लेकिन आगामी दिनों में नई इलेक्ट्रिक बसें आने पर उनके चार्जर को भी यहीं स्थापित किया जाएगा।



> धर्मशाला में जल्द नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल किया जाएगा। इसके लिए नई बस के फरवरी के पहले सप्ताह में धर्मशाला पहुंचने की संभावना है। स्मार्ट सिटी के तहत बन रही वर्कशॉप में चार्जिंग स्टेशन का कार्य अंतिम चरण में है, जबकि कुछ एक कार्य शेष हैं।
>
> **-पंकज चड्डा, डीएम एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला।**

# डॉ. जनमेजय सिंह गुलेरिया को मिला श्रीश्री शिक्षक सम्मान

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, संगीतज्ञ एवं लोक संस्कृति संवाहक डॉ. जनमेजय सिंह गुलेरिया को शिक्षा एवं संगीत के क्षेत्र में उनके बहुआयामी, सतत और अनुकरणीय योगदान के लिए श्रीश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान 25 जनवरी को बेंगलुरु में आयोजित भव्य समारोह में विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रवि शंकर की ओर से प्रदान किया गया।

राजकीय उच्च विद्यालय सिद्धबाड़ी में कार्यरत मुख्याध्यापक पद एवं पदोन्नत प्रधानाचार्य डॉ. गुलेरिया का चयन धर्मशाला, जिला कांगड़ा एवं संपूर्ण हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। डॉ. जनमेजय सिंह गुलेरिया ने शिक्षा, संगीत एवं लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी विद्वान के रूप में उन्होंने गणित विषय में एमए एवं एमफिल तथा संगीत में पीएचडी जैसी उच्च शैक्षणिक उपाधियां प्राप्त की हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है तथा 12 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्तियां प्राप्त हुई हैं। डॉ. गुलेरिया की लोक संस्कृति पर चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा दो पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। उन्होंने लगभग 500 गीतों का स्वरांकन, संकलन एवं संयोजन कर लोकसंगीत और शिक्षा जगत को अमूल्य धरोहर प्रदान की है। डॉ. जनमेजय ने इस सम्मान का श्रेय अपने स्व. पिता देस राज गुलेरिया, माता शकुंतला गुलेरिया (नगरोटा सूरियां) तथा अपने पूजनीय गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके संस्कार, आशीर्वाद और मार्गदर्शन ने ही इस यात्रा को संभव बनाया।

## स्पंदन गर्भ संस्कार गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सिटी अस्पताल मटौर में गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित स्पंदन गर्भ संस्कार विश्वास और विज्ञान का सशक्त माध्यम बनकर सामने आया है। यह कार्यक्रम गर्भस्थ शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए मातृत्व को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को केवल चिकित्सीय उपचार ही नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और संस्कारात्मक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के तहत गर्भ में पल रहे शिशु के संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए योग, श्वास अभ्यास, सकारात्मक ध्यान, म्यूजिक थेरेपी, गर्भ-संवाद और मानसिक संतुलन से जुड़ी गतिविधियों करवाई जाती हैं। हाल ही में एक प्री-टर्म डिलीवरी के मामले में स्पंदन गर्भ संस्कार से जुड़ी मां ने चिकित्सकीय देखरेख और अभ्यास के माध्यम से एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। यह एक बड़ा उदाहरण है कि कैसे स्पंदन गर्भ संस्कार गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। स्पंदन गर्भ संस्कार का संचालन डॉ. अंकिता चौधरी की ओर से किया जा रहा है, जो एमएस आयुर्वेद, गर्भ संस्कार एक्सपर्ट है। यह कार्यक्रम मातृत्व को नई दिशा प्रदान कर रहा है और उनकी मातृत्व की यात्रा को सुरक्षित और सकारात्मक बना रहा है। डॉ. प्रदीप मक्कर का कहना है कि आज के समय में सफल चिकित्सा के लिए शारीरिक इलाज के साथ साथ मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। स्पंदन गर्भसंस्कार इसी सोच का परिणाम है जो चिकित्सा विज्ञान और संस्कारों का प्रभावी संगम प्रस्तुत आता है।

## श्री गुरु रविदास जी के प्रकट उत्सव पर योल में भक्तिमय माहौल

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** श्री गुरु रविदास जी के पावन प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास सभा योल कैंट की ओर से 23 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन प्रभात फेरियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इन प्रभात फेरियों ने पूरे योल क्षेत्र को धर्म, भक्ति और सामाजिक समरसता के रंग में रंग दिया है। प्रात:काल की शांत वेला में निकलने वाली प्रभात फेरियों में हर रोज किसी न किसी क्षेत्र के नौजवान, बुजुर्ग, माता-बहनें और बच्चे बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। श्री गुरु रविदास सभा योल कैंट के सचिव रमेश कुमार ने बताया कि 31 जनवरी को श्री गुरु रविदास जी के प्रकट उत्सव के अवसर पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस बार नगर कीर्तन का नजारा विशेष रूप से आकर्षक और मनमोहक होगा, जिसमें सजी हुई पालकी, भजन मंडलियां और श्रद्धालुओं का विशाल सैलाब देखने को मिलेगा। 1 फरवरी को प्रात: 10 बजे निशान साहिब की सेवा के उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात पूरे दिन गुरु का अटूट लंगर लगाया जाएगा, जहां जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने विरोधियों को दिया करारा जवाब, कहा–

## कृतज्ञता चाटुकारिता नहीं, हक की जीत का सम्मान है

अनंत ज्ञान

- **राजनीति करने वाले को समझना चाहिए, हक मिलने पर आभार जताना शालीनता है : भंडारी**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन जब विरोध का आधार केवल ईर्ष्या और संकीर्ण राजनीति बन जाए, तो वह निंदनीय हो जाता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेंशनभोगियों के हित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के बाद हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करना कुछ लोगों को चाटुकारिता लग रहा है, परंतु तथ्यों की कसौटी पर परख से सिद्ध होता है कि यह पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के अपने संघर्ष और सार्थक संवाद की सफलता का नतीजा है।



हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि जो लोग आज विरोध के स्वर अलाप रहे हैं, वे शायद आंकड़ों की ताकत को नजरअंदाज कर रहे हैं कि 2008 से 2013 के बीच रिटायर हुए लगभग 42,000 पेंशनर्स (70-75 वर्ष की आयु वर्ग) को उनके 30त्न पेंशन एरियर के भुगतान की घोषणा हुई है।

यह उन बुजुर्गों का हक है, जो वर्षों से टकटकी लगाए बैठे थे। इसके अलावा 2016 से 2021 के बीच रिटायर हुए 13 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जो समाज का सबसे मेहनतकश हिस्सा हैं, उन्हें लीव एनकैशमेंट का 70त्न और ग्रेच्युटी का 50त्न बकाया मिलना तय हुआ है। कुल 55,000 परिवारों के चूल्हों में जो उम्मीद की लौ जली है, उसका धन्यवाद करना कोई गुनाह नहीं है। कल्याण भंडारी ने कि जब कोई संगठन सालों तक सड़कों पर संघर्ष करता है और अंतत: सार्थक संवाद स्थापित कर सरकार उनकी मांगों को स्वीकार कर वित्तीय लाभ जारी करती है, तो मुख्यमंत्री का धन्यवाद करना एक सभ्य और लोकतांत्रिक परंपरा है। आभार प्रकट करना इस बात का प्रमाण है कि ज्वाइंट फ्रंट ने अपनी मांगों को मनवाने में सफलता प्राप्त की है। नकारात्मकता की राजनीति करने वालों को यह समझना चाहिए कि हक के लिए लड़ना अगर वीरता है, तो हक मिलने पर आभार जताना शालीनता है। हिमाचल के पेंशनर्स जागरूक हैं, वे जानते हैं कि कौन उनके अधिकारों के लिए लड़ रहा है और कौन केवल राजनीति की रोटियां सेंक रहा है।

## 112 शिकायतों पर कार्रवाई के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से किया जाए पालन

अनंत ज्ञान

- **डीआईजी नॉर्थ जोन सौम्या ने फतेहपुर थाना पहुंचकर की समीक्षा बैठक**
- **घरेलू हिंसा व जमीनी मामलों में सावधानी व कार्रवाई के दिए आदेश**

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश की 112 पुलिस हेल्पलाइन सेवा ने आपातकालीन सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पूरे भारत में हिमाचल प्रदेश ने 112 रिस्पांस सिस्टम में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने का औसत समय साढ़े चार मिनट दर्ज किया गया है। इसी उपलब्धि के मद्देनजर नॉर्थ जोन की डीआईजी सौम्या सांबशिवन बुधवार को पुलिस थाना फतेहपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने थाना स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर समीक्षा बैठक की।

फतेहपुर थाना परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में डीआईजी सौम्या सांबशिवन ने 112 पुलिस हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की कार्रवाई व अन्य मामलों पर प्रक्रियाओं की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू हिंसा और जमीनी विवादों से संबंधित मामलों में पुलिस की भूमिका और कार्यशैली का जायजा लिया। डीआईजी ने निर्देश दिए कि ऐसे संवेदनशील मामलों में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और आवश्यकता पड़ने पर टीम बनाकर मौके पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने से पहले स्थिति का सही आकलन किया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। 112 पुलिस हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों में कई मामले घरेलू हिंसा और जमीनी विवादों से जुड़े होते हैं, जिनमें हालात अचानक बिगड़ सकते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा बेहद जरूरी है, इसलिए मौके पर जाने से पहले पूरी स्थिति का आकलन किया जाए और जरूरत पड़ने पर टीम के साथ कार्रवाई की जाए। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि 112 शिकायतों पर कार्रवाई के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।

## धर्मशाला में फॉरेंसिक की बारीकियां सीख रहे 47 स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिजनल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी धर्मशाला में इन दिनों प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। देश के विभिन्न संस्थानों के 47 स्टूडेंटस, फॉरेंसिक में इंटर्नशिप के लिए धर्मशाला पहुंचे हैं। यह स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है कि वे अपना ज्ञानवर्धन कैमिस्ट्री, क्वश्चन डाक्यूमेंट, डिजिटल फॉरेंसिक, क्राइम सीन मेजरमेंट में से किस में करना चाहता है, जिससे कि जब स्टूडेंट्स मास्टर्स करके निकलें तो प्रेक्टिकल नॉलेज के साथ निकलें। डायरेक्ट आफ फॉरेंसिक साइंसेज हिमाचल प्रदेश की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम सफल होने और प्रेक्टिल काम करने से स्टूडेंट्स को एक्सपोजर मिल जाता है। इन प्रोग्राम के जरिए स्टूडेंट्स मास्टर डिग्री पूरी करने के लिए अपने प्रोजेक्ट वर्क पर भी काम करते हैं। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम एक माह से तीन माह के होते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग प्रोग्राम उपरांत जब स्टूडेंट्स जॉब में जाते हैं, तो उन्हें इंटर्नशिप का फायदा मिलता है।

## व्यापार मंडल योल की पूरी कार्यकारिणी ने दिया इस्तीफा

अनंत ज्ञान

- **नई कमेटी के चुनाव की घोषणा की, बैठक में पूर्व व्यापार मंडल के कार्यों की हुई सराहना**

**मनोज चंदेल, योल।** व्यापार मंडल योल में बड़ा संगठनात्मक बदलाव देखने को मिला, जब पुरानी कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इस निर्णय के साथ ही संगठन में नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसे व्यापारियों के हित में एक अहम कदम माना जा रहा है। बैठक के दौरान व्यापारियों ने पूर्व व्यापार मंडल द्वारा किए गए कार्यों की खुलकर सराहना की।

वहीं, संगठनात्मक स्तर पर मौजूद कमियों को भी स्पष्ट रूप से सामने रखा। व्यापारियों ने कहा कि कई मुद्दों पर व्यापार मंडल की भूमिका सराहनीय रही, लेकिन कुछ समस्याएं ऐसी भी रहीं, जिनके समाधान की अपेक्षा अभी शेष है। इसी आत्मविश्लेषण और पारदर्शिता की भावना के चलते नई कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार, शीघ्र ही व्यापार मंडल की पांच सदस्यीय मुख्य कमेटी के चुनाव करवाए जाएंगे। इसके बाद योल के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों घियारी पुल मार्केट, सेंटर मार्केट, पीरू सिंह चौक तथा मानक शाह द्वार क्षेत्र से दो-दो प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें कमेटी में शामिल किया जाएगा, ताकि सभी बाजार क्षेत्रों को समान और संतुलित प्रतिनिधित्व मिल सके। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव कमेटी के संयोजक राजेश ग्रोवर की निगरानी में किया जाएगा। चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 2000 की सिक्योरिटी राशि निर्धारित की गई है। वहीं, व्यापार मंडल के चुनाव में भाग लेने के लिए व्यापारियों के वोट तैयार किए जाएंगे, जिसके लिए 50 शुल्क तय किया गया है।

नियम के अनुसार एक दुकान, एक वोट का स्पष्ट प्रावधान रखा गया है। बताया गया है कि चुनाव की तिथि एक सप्ताह के भीतर घोषित कर दी जाएगी। व्यापारियों ने आशा जताई है कि नई कमेटी के गठन से व्यापार मंडल को नई ऊर्जा, पारदर्शिता और मजबूती मिलेगी तथा व्यापारियों की समस्याओं को अधिक प्रभावी और संगठित तरीके से उठाया जा सकेगा।

**आक्रोश** 5 ग्राम पंचायतों के लोगों ने एकजुट होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# एसडीएम कार्यालय बहाली को सड़कों पर उतरी जनता

अनंत ज्ञान

**सालविया शर्मा, गरली।** रक्कड़ में एसडीएम कार्यालय बहाली की मांग अब आर-पार की लड़ाई में तब्दील हो गई है। बुधवार को 15 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण, पंचायत प्रधान, उपप्रधान और जनप्रतिनिधि एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर रोष जताया।

रक्कड़ संघर्ष समिति के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन ने साफ कर दिया कि अब जनता आश्वासन नहीं, सीधा फैसला चाहती है। 'साडा हक ऐथे रख, रक्कड़ दा हक ऐथे रख' जैसे नारों के बीच प्रदर्शनकारियों ने रक्कड़ बाजार से होते हुए जोरदार रैली निकाली। पूरे बाजार क्षेत्र में सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही, जिससे माहौल पूरी तरह गर्मा गया। रक्कड़ संघर्ष समिति के चेयरमैन अरविंद प्रभाकर तथा वाइस चेयरमैन एवं चौली पंचायत के उपप्रधान दलीप सिंह वर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पहले से नोटिफाइड रक्कड़ एसडीएम कार्यालय को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई गई। सभा को संबोधित करते हुए अरविंद प्रभाकर ने दो टूक कहा कि रक्कड़ की जनता के सब्र की परीक्षा ली जा रही है।




रक्कड़ बाजार में रैली निकालकर नारेबाजी करते 15 पंचायतों के लोग। अनंत ज्ञान

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक रक्कड़ में एसडीएम कार्यालय नहीं खोला जाता, तब तक संघर्ष थमेगा नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परागपुर में एसडीएम कार्यालय खोलने की घोषणा का कोई विरोध नहीं है, लेकिन रक्कड़ के अधिकारों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। वाइस चेयरमैन दलीप सिंह वर्मा ने कहा कि रक्कड़ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, आबादी और प्रशासनिक जरूरतें एसडीएम कार्यालय की मांग को पूरी तरह जायज ठहराती हैं। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक व उग्र किया जाएगा। अब सवाल यह है कि सरकार रक्कड़ की आवाज सुनेगी या फिर जनाक्रोश की यह लहर और तेज होगी। इस मौके पर अध्यक्ष अरविंद प्रभाकर, उपाध्यक्ष दलीप सिंह वर्मा, जिला परिषद सदस्य अश्वनी ठाकुर, बीडीसी चेयरमैन रेणु जामला, रूप कुमार, प्रधान संजीव कुमार (पीरसालूही), प्रधान राम पाल (कुहना), प्रधान जीबना (रक्कड़), उपप्रधान विनोद मेहता (दोदूं), बीडीसी सदस्य परवीन धीमन (पीरसालूही), सुदर्शन ठाकुर (कूडना), उपप्रधान तिलक राज (पुनानी), पंकज, विपन, आशा राणा, अधिवक्ता नरेश ठाकुर, राजीव कुमार, रमण शर्मा, मदन लाल, शशि शर्मा, सुनील राणा, राजेश कुमार, प्रकाश धीमन, पारी, अनिल कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पारदर्शी व जवाबदेह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: पठानिया

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** मिनी सचिवालय शाहपुर के सभागार में मंगलवार देर सायं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम तथा विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक ने जलशक्ति, विद्युत, वन, कृषि एवं बागवानी, नगर पंचायत, स्वास्थ्य, राजस्व सहित अन्य विभागों द्वारा क्षेत्र में संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

साथ ही प्रदेश सरकार की जनहितकारी फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति पर भी गहन चर्चा की गई। पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का संपूर्ण विवरण तैयार करें, जिसमें खर्च की जा रही धनराशि, योजनाओं के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र तथा लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख हो। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि जनता को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने गांव स्तर पर आयोजित जनशिकायत निवारण कार्यक्रमों में अधिकारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है। पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदेश सरकार की प्रमुख नीति है। बैठक में बताया गया कि शीघ्र ही शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है, जिसके दौरान कई विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभाग आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत बोर्ड को स्मार्ट मीटर को लेकर आमजन में फैली भ्रांतियों को दूर कर इसके लाभों की सही जानकारी देने के भी निर्देश दिए।



विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

### स्मार्ट मीटर पर जारी विरोध पर बोले चीफ इंजीनियर, प्रदेश में ही नहीं, देशभर में लगाए जा रहे मीटर

# हर नई चीज का होता विरोध स्मार्ट मीटर से रुकेगी चोरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में स्मार्ट बिजली मीटर पर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में अब विद्युत बोर्ड के अधिकारी इस मामले पर सामने आकर स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं।



इसी कड़ी में विद्युत बोर्ड कांगड़ा जोन के चीफ इंजीनियर अजय गौतम ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि कोई भी नई चीज आती है, तो उसका विरोध होता है। उसी तरह से स्मार्ट मीटर का भी विरोध हो रहा है। जब पूर्व में इलेक्ट्रोनिक मीटर लगाए गए थे, तब भी विरोध हुआ था और लोगों में शंकाएं भी थी। स्मार्ट मीटर को लेकर धर्मशाला और शिमला में पायलट प्रोजेक्ट किया गया। जब देखा गया कि स्मार्ट मीटर से लोगों को अच्छी सेवाएं मिल रही हैं तो उसके बाद इन्हें प्रदेश स्तर पर लगाने का निर्णय लिया गया। पूरे देश में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और इससे उपभोक्ताओं को नुकसान के बजाय लाभ होगा।

## राजस्व सरप्लस होने से कम होगा टैरिफ

**बकौल** चीफ इंजीनियर स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी रुकेगी और जितना खर्चा बिजली पर होता है, उतना बिल आता है और राजस्व सरप्लस होता है, जिससे टैरिफ कम होता है, जिससे उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर फायदा होगा। धर्मशाला में स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटर जंप करने और मिस रीडिंग की समस्या दूर हो गई है। पहले भी मीटर रीडिंग में गलती सहित अन्य समस्याएं आती थी, लेकिन स्मार्ट मीटर से इन बातों को नहीं जोड़ा जाना चाहिए। स्मार्ट मीटर लोगों के लिए लाभकारी हैं, इस बारे में जो भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, इस बारे में लोग अपनी शंकाएं विद्युत बोर्ड के उपमंडल कार्यालय में जाकर उनका समाधान पा सकते हैं। जो उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की सेवाएं ले रहे हैं, उनसे भी जानकारी हासिल की जा सकती है।

## ट्रेंड मैन पावर को कोई नहीं निकालता

**स्मार्ट** मीटर लगने के बाद बिजली बिल काटने वाले स्टाफ को नौकरी से बाहर करने के सवाल पर चीफ इंजीनियर ने कहा कि ट्रेंड मैन पावर को कोई नहीं निकालता। कुछ लोगों को इसी स्मार्ट मीटर कार्य में लगाया जाएगा, जबकि शेष को अन्य कार्यों में लिया जाएगा। ट्रेंड मैन पावर को निकालने की बातें भी भ्रांतियां हैं।

# शिक्षा बोर्ड की परीक्षार्थियों को बड़ी राहत

### 31 तक फीस जमा करने का अंतिम मौका, अन्यथा नहीं मिलेंगे रोल नंबर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय के उन सैकड़ों छात्र-छात्राओं को अपना भविष्य बचाने का एक अंतिम अवसर दिया है, जिनकी परीक्षा फीस तकनीकी कारणों से अटक गई थी।

स्कूल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च-2026 सत्र की 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 जनवरी को पूरी हो चुकी है, लेकिन कई विद्यार्थियों की फीस अभी तक बोर्ड के खाते में जमा नहीं हुई है। बोर्ड की समीक्षा में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि कुल 228 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन तो सफलतापूर्वक कर दिया था, लेकिन उनकी निर्धारित परीक्षा शुल्क की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। कुछ मामलों में आवेदन के दौरान शुल्क जमा ही नहीं किया गया, जबकि कुछ मामलों में भुगतान होने के बाद तकनीकी कारणों से पैसा वापस अभ्यर्थियों के बैंक खातों में लौट गया। आंकड़ों के मुताबिक, इस श्रेणी में कक्षा 8वीं के 17, 10वीं के 97 और 12वीं के 114 छात्र शामिल हैं। छात्रों के शैक्षणिक हितों को सुरक्षित रखने के लिए बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। इन कंद्रों को आदेश दिया गया है कि वे अपने छात्रों की



लंबित परीक्षा फीस 31 जनवरी तक बोर्ड मुख्यालय के काउंटर पर व्यक्तिगत रूप से जमा करवाना सुनिश्चित करें। बोर्ड ने साफ कर दिया कि जो छात्र इस अंतिम तिथि तक शुल्क जमा नहीं करेंगे, उन्हें परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र) जारी नहीं किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट कहा कि प्रवेश पत्र जारी करने में किसी भी बाधा से बचने के लिए यह अंतिम समय सीमा तय की गई है। इसके बाद समय में किसी भी प्रकार का विस्तार नहीं किया जाएगा। ऐसे में छात्र और अध्ययन केंद्र समय रहते इस प्रक्रिया को पूरा कर लें, ताकि परीक्षार्थियों का साल खराब न हो।

## सालगिरह मुबारक



पनियामल गांव के विजय कुमार व शारदा देवी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# रक्षित चौहान का 19 दिन बाद संपर्क होने पर परिजनों ने ली राहत की सांस

◆ 7 जनवरी के बाद से बेटे से संपर्क न होने से चिंतित थे परिजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अमरीकी नौसेना की ओर से जब्त किए गए रूसी ऑयल टैंकर मैरिनेरा (बेला-1) पर फंसे पालमपुर के रानी सिद्धपुर निवासी रक्षित चौहान के परिजनों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

19 दिन के लंबे अंतराल के बाद रक्षित चौहान की अपने परिवार से बात हो पाई है। 26 जनवरी को मोबाइल के माध्यम से हुई बातचीत में रक्षित ने स्वयं को पूरी तरह सुरक्षित बताया और कहा कि वह फिलहाल यूनाइटेड किंगडम में है। हालांकि उन्होंने घर वापसी की कोई निश्चित तिथि नहीं बताई, लेकिन जल्द स्वदेश लौटने का भरोसा दिलाया। रक्षित के पिता रणजीत सिंह ने बताया कि 7 जनवरी के बाद से बेटे से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था, जिससे पूरा परिवार गहरी चिंता में था। बेटे की कुशलक्षेम की सूचना मिलते ही परिवार ने राहत की सांस ली। रणजीत सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्वयं फोन कर उन्हें इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और भारत सरकार का आभार जताया। रक्षित की मां रीता देवी ने कहा कि बेटे रक्षित से लंबे समय बाद बात हुई है, उसके सकुशल होने की सूचना से काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि भगवान से यही कामना है कि हमारा बेटा रतिक्ष जल्द घर लौटे। गौरतलब है कि अमरीकी कोस्ट गार्ड की ओर से अटलांटिक महासागर में जब्त किए गए रूसी ऑयल टैंकर मैरिनेरा पर कुल 28 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें तीन भारतीय भी शामिल थे। इन्हीं में से एक पालमपुर का युवक रक्षित चौहान भी था। जहाज के जब्त होने के बाद से 7 जनवरी के पश्चात रिक्षित का परिवार से कोई संपर्क नहीं हो सका था, जिससे परिजन बेहद चिंतित थे।

## नेता प्रतिपक्ष जयराम बोले- विदेश मंत्रालय के ध्यान में लाया था मामला

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने हाल ही में रक्षित के पालमपुर स्थित घर जाकर परिजनों से मुलाकात की थी और पूरे मामले को प्रधानमंत्री कार्यालय व विदेश मंत्रालय के संज्ञान में लाया था। जयराम ठाकुर ने इसे प्रदेश और देश के लिए सुखद समाचार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और संबंधित अधिकारियों का आभार जताया। वहीं, परिजनों ने भी कठिन समय में मिले सहयोग के लिए केंद्र सरकार और सभी संबंधित प्राधिकारियों का धन्यवाद किया है।

## परिजनों से रक्षित की बात होना सुखद: त्रिलोक

**प्रदेश** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने बताया कि रक्षित चौहान का मामला भारत सरकार के समक्ष पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज सहित अन्य नेताओं द्वारा गंभीरता से उठाया गया था। अब रक्षित की अपने परिजनों से बातचीत होना सुखद और राहत देने वाला समाचार है।

## बीड़ स्कूल पहुंचने पर आज होगा छात्रा जानवी का स्वागत

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड की प्लस टू आर्ट्स की छात्रा ने इस बार की राज्यस्तरीय गणतंत्र परेड शिमला में जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व करते हुए परेड में बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही उक्त स्वयंसेवक ने धोवन पानीए जो चली संस्कृतिक कार्यक्रम में भी समस्त शिमला व प्रदेशवासियों का ध्यान आकर्षित किया। गौरतलब है कि बीड़ की स्वयंसेवक प्रथम बार गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनी। जानवी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के समस्त लोगों ने उसको बधाई दी। प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा सहित स्कूल के स्टाफ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ग्राम पंचायत प्रधान सुरेश ठाकुर ने तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल के प्रधानाचार्य बृजमोहन ने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर बेटी का वीरवार को स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर बेटी के माता-पिता भीं विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



# छात्रा मौत मामला: आरोपी प्रोफेसर का होगा नार्को टेस्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में पुलिस की ओर से जांच का दायरा और अधिक बढ़ाते हुए मामले में आरोपी प्रोफेसर का नार्को टेस्ट करवाया जाएगा। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि इसके लिए पुलिस द्वारा कोर्ट से अनुमति लेने के बाद मामले को जांच के लिए शिमला ले जाया गया है। जहां जुन्गा स्थित स्टेट फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में प्रोफेसर का नार्को टेस्ट करवाया जाएगा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

नार्को परीक्षण का प्रयोग किसी व्यक्ति से जानकारी प्राप्त करने के लिए दिया जाता है जो या तो उस जानकारी को प्रदान करने में असमर्थ होता है या फिर वो उसे उपलब्ध कराने को तैयार नहीं होता, दूसरे शब्दों में यह किसी व्यक्ति के मन से सत्य निकलवाने लिए किया प्रयोग जाता है। वहीं, पुलिस की ओर से मेडिकल रिपोर्ट व डिजिटल पहलूओं के अध्ययन का दौर जारी रहा। मामले में अभी भी पुलिस को फोरेंसिक लैब में जांच को भेजे गए मोबाइल फोन में से कुछ की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। पुलिस को उम्मीद है कि मोबाइल फोनों से पुलिस को कुछ डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हो सकते हैं। जो इस मामले में अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। हालांकि मामले में पुलिस की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि अब आगामी जांच को मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अवलोकन व निष्कर्षों के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात 1 जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की चार छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। मेडिकल बोर्ड ने छात्रा से जुड़े मामले में अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। जिसके तहत जांच जांच जारी है।

## शहरी विकास विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित पेंशन देने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शहरी विकास विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लंबे समय से संशोधित पेंशन का लाभ न मिलने से गहरा असंतोष व्याप्त है। शहरी विकास पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि विभाग के पेंशनर्स को अब भी 1 जनवरी, 2006 के वेतनमान के आधार पर पेंशन दी जा रही है, जबकि प्रदेश के अधिकांश अन्य विभागों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 1 जनवरी, 2016 से संशोधित वेतनमान के अनुरूप पेंशन प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्षों से शहरी विकास विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न तो समय पर वित्तीय लाभ दिए गए और न ही अन्य विभागों के समान अधिकार सुनिश्चित किए गए। इस असमानता के कारण पेंशनर्स आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और कर्मचारियों के बीच भी व्यापक नाराजगी देखने को मिल रही है। धर्मशाला में जारी प्रेस बयान में शहरी स्थानीय निकाय पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता और महासचिव रमेश कुमार ने प्रदेश सरकार से मांग की कि सभी पेंशनर्स को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान के आधार पर पेंशन देने संबंधी अधिसूचना तुरंत जारी की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इस लंबे समय से लंबित मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती है, तो पेंशनर्स संघ को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। पेंशनर्स संघ का कहना है कि समान कार्य और समान सेवा अवधि के बावजूद शहरी विकास विभाग के कर्मचारियों के साथ किया जा रहा यह भेदभाव न केवल अनुचित है, बल्कि सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के भी विपरीत है।

## 25 वर्ष की निरंतर सेवाओं के बाद भी कंप्यूटर शिक्षकों को वेतन के लाले

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर शिक्षकों ने समय पर वेतन न मिलने पर सरकार व शिक्षा विभाग के प्रति आक्रोश प्रकट किया है। प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुमन ठाकुर व प्रदेश संयोजक व मीडिया प्रभारी अजीत धीमान ने प्रेस बयान में कहा कि 25 वर्षों की निरंतर सेवाओं के बाद भी कंप्यूटर शिक्षकों को हर महीने वेतन के लिए तरसना पड़ रहा है। 28 तारीख बीत जाने के बाद भी कंप्यूटर शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हर माह कंप्यूटर शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। 25 वर्ष की निरंतर सेवाएं लेने के बाद भी आज तक शिक्षा विभाग कंप्यूटर शिक्षकों के लिए सैलरी हेड बनाने में विभाग असफल रहा है। साथ ही संघ का कहना है कि बजट 2025 में मात्र 500 रुपए बढ़ाया हुआ वेतन भी आज तक कंप्यूटर शिक्षकों को नहीं मिला है, न ही उसका एरियर दिया गया है। वित्तीय भी समाप्त होने वाला है। गौरतलब है कि 25 साल से लगभग 1300 कंप्यूटर शिक्षक स्कूलों में कार्यरत हैं और यह वर्तमान में हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन के अधीन कार्यरत हैं और इन्हें वेतन देने का जिम्मा जिला बार अलग-अलग कंपनियों को दे रखा है, लेकिन कंपनियां समय पर वेतन देने में नाकाम रही हैं। ज्ञात हो कि माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा भी कंप्यूटर शिक्षकों को 2016 से नियमित करने के आदेश सरकार को जारी हुए हैं। इस आदेश को लागू करने के लिए भी सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

◆ कंप्यूटर शिक्षकों में सरकार व शिक्षा विभाग के प्रति रोष

# प्रशिक्षण संस्थान डाइट धर्मशाला में चौकीदार ने कुर्सी से छात्राओं को डराया

### छात्राओं ने संस्थान प्रबंधन से उठाई उचित कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट धर्मशाला में एक चौकीदार की ओर से छात्राओं को कुर्सी से मारने व डराने का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में डाइट के छात्रों ने प्रबंधन से उचित कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को डाइट धर्मशाला में उक्त चौकीदार की ओर से छात्राओं को कुर्सी से मारने की बात कहकर डराने व धमकाने का प्रयास किया गया। छात्राओं ने आरोप लगाए कि इस दौरान चौकीदार ने गाली-गलौज भी किया। मामले को बढ़ता देख डाइट प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया।

इसके बाद डाइट प्रिंसिपल राकेश शर्मा की ओर से पुलिस थाना धर्मशाला व उच्च शिक्षा उप-निदेशक को भी सूचित किया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरंभिक जांच पड़ताल की है। उधर, इस संबंध में डाइट धर्मशाला के प्रिंसिपल राकेश शर्मा ने बताया कि मामले के दौरान मौके पर पहुंचकर संबंधित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को रोका गया है। उन्होंने बताया कि मामले में शिक्षा विभाग व पुलिस थाना में भी शिकायत की गई है, जिसमें आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## भाजयुमो मंडल पालमपुर की कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) मंडल पालमपुर (शहरी) के अध्यक्ष शुभम भंगालिया ने युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उन्होंने आईटी संयोजक, सह-संयोजक तथा सोशल मीडिया संयोजक और सह संयोजक घोषित किए हैं। अक्षय कोहली को पालमपुर (शहरी) का आईटी संयोजक बनाया है। संदीप सभ्रवाल को आईटी सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी है, जबकि अतुल शर्मा को सोशल मीडिया संयोजक और आशीष कुमार को सोशल मीडिया के सह-संयोजक का कार्यभार सौंपा है। शुभम भंगालिया ने बताया कि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव लागू हो गई हैं।

## धर्मशाला में आईटी-आईटीईएस जॉब फेयर 12 व 13 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यूथ एंप्लॉयमेंट जॉब फेयर-2026 का आयोजन 12 व 13 फरवरी को किया जाएगा। इस जॉब फेयर का आयोजन युवाओं को उनकी योग्यता, कौशल और रुचि के अनुसार रोजगार एवं इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। जॉब फेयर में आठ से 10 प्रतिष्ठित आईटी एवं आईटीईएस कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें एक सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रमुख पदों में डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई, फुल स्टैक डेवलपर, वेब डेवलपर, टेक्निकल सपोर्ट, सेल्स एवं मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस रोजगार मेले में 2024-25 में स्नातक तथा 2026 में स्नातक होने वाले छात्र भाग ले सकते हैं। इसमें बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीटैक, एमबीए व एमसीए सहित विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवार पात्र होंगे। भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपडेटेड सीवी/बायोडाटा, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

◆ आठ से 10 प्रतिष्ठित आईटी एवं आईटीईएस कंपनियां लेंगी हिस्सा

धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए न्यूअस के डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि यह जॉब फेयर युवाओं को सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से जुड़ने, साक्षात्कार देने और मौके पर ही चयन का अवसर प्रदान करेगा। चयन प्रक्रिया ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की जाएगी। यह आयोजन क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे उन्हें अपने करियर को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा।

## प्रो. एसके शर्मा एसएचआरडी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रख्यात बागवानी वैज्ञानिक एवं पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) निवासी प्रो. एसके शर्मा को बागवानी विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय एवं आजीवन योगदान के लिए एसएचआरडी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड (रिसर्च एंड डेवलपमेंट इन हॉर्टिकल्चरल साइंसेज) से सम्मानित किया गया। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड का यह सम्मान प्रो. एसके शर्मा के समर्पण, वैज्ञानिक दूरदृष्टि और भारतीय बागवानी विज्ञान के सतत विकास में उनके अमूल्य योगदान का प्रतीक है।



यह प्रतिष्ठित सम्मान बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी में आयोजित चतुर्थ बागवानी शिखर सम्मेलन सह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (28 से 30 जनवरी 2026) के उद्घाटन सत्र के दौरान प्रदान किया गया। अपने दीर्घ एवं गौरवशाली अकादमिक-प्रशासनिक जीवन में प्रो. एसके शर्मा ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए बागवानी शिक्षा, अनुसंधान एवं संस्थागत विकास को नई दिशा प्रदान की। प्रो. शर्मा को विशेष रूप से शुष्क क्षेत्र बागवानी, फल फसल अनुसंधान, संस्थागत सुदृढ़ीकरण तथा मानव संसाधन विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त है। उनके मार्गदर्शन में अनेक वैज्ञानिक, शिक्षक एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

### सौगात आशीष बुटेल ने ननाहर और सपैड़ू में विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए

# हर गांव को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना लक्ष्य

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल ने क्षेत्र की दो पंचायतों में लगभग 34 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली जन सुविधाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के हर गांव को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है।



विधायक ने ननाहर पंचायत में 19 लाख रुपए की लागत से पंचायत घर एवं जन सेवा केंद्र का किया लोकार्पण। अनंत ज्ञान

विधायक ने ननाहर पंचायत में करीब 19 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत घर एवं जन सेवा केंद्र का लोकार्पण किया, जिससे अब ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे प्रशासनिक और डिजिटल सेवाएं सुलभ होंगी। इसी कड़ी में उन्होंने ननाहर मलोण में 5 लाख रुपए की लागत से तैयार सामुदायिक हॉल का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों और सामुदायिक बैठकों के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। ननाहर के बाद आशीष बुटेल ने सपैड़ू पंचायत का दौरा किया, जहां उन्होंने 7 लाख रुपए की लागत से बने पंचायत घर के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। साथ ही उन्होंने शिक्षा और ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुस्तकालय भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। क्षेत्र में चल रहे बड़े निर्माण कार्यों का उल्लेख करते हुए विधायक ने कहा कि द्रमण-सपैड़ू-गोरठ संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। लगभग 10 करोड़ रुपए से तैयार हो रही यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा साबित होगी और इससे दर्जनों गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक चंद सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सतगुरु के चरणों में समर्पित होकर प्राप्त कर सकते ब्रह्मज्ञान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन, सारनू (शाहपुर) में सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें नूरपुर शाखा, डून से मुखी महात्मा साधु राम पधारे। सत्संग के दौरान उन्होंने भक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जिज्ञासु पूर्ण सतगुरु के चरणों में समर्पित होकर ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करता है, तभी सच्ची भक्ति की शुरुआत होती है, क्योंकि परम पिता परमात्मा के दर्शन केवल पूर्ण सतगुरु ही करवा सकते हैं। उन्होंने फरमाया कि जिस 'एक' की आज दुनिया बात करती है, जिसे हम हरि व्याप्त सर्वत्र समाना कहते हैं, उस हरि की और उस एक की पहचान आज निरंकारी मिशन करवा रहा है। जिस एक की हम बात करते हैं, उस एक को देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि निरंकारी मिशन आज सभी को यह आवाज दे रहा है कि आओ, इस रमे हुए राम के दर्शन कर लो। सत्संग में उपस्थित समस्त साध संगत इन वचनों को सुनकर अत्यंत पुलकित हुई।

### आकाशवाणी धर्मशाला में बैटमिंटन टूर्नामेंट का किया आयोजन

# रोहित और सुनील की जोड़ी ने जीता खिताब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आकाशवाणी धर्मशाला केंद्र में 77वें भारतीय गणतंत्र दिवस पर खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टाफ सदस्यों के बीच बैडमिंटन डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें रोहित जरयाल एवं सुनील शर्मा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल का खिताब अपने नाम किया, जबकि सुरिंदर व बिपन की जोड़ी फर्स्ट रनर-अप रही। टूर्नामेंट की समाप्ति पर सभी विजेता प्रतिभागियों को सहायक निदेशक राज कुमार की ओर से ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में वाहन चालक ध्यान सिंह द्वारा जलपान की समुचित एवं सराहनीय व्यवस्था की गई। इस मौके पर मुख्य लिपिक रमेश चंद द्वारा आगामी टूर्नामेंट के लिए 1100 रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई। अगला बैडमिंटन टूर्नामेंट 23 फरवरी को आकाशवाणी धर्मशाला केंद्र के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।



सहायक निदेशक ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

## लोगों से किया यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोक संपर्क विभाग व फोक मीडिया, शिवा संगीत एवं सांस्कृतिक कला मंच जयसिंहपुर की ओर से जयसिंहपुर और अप्पर लंबागांव में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली छात्रों, युवाओं, वाहन चालकों तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान कलाकारों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन चलाने के दुष्परिणामों तथा नशे में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हरनाम धीमान, शशि शर्मा, संजीव समकडिय़ा, शशि, दिशांत ,सुरेंद्र,अंजनी ब्यास, नजीना, परू, भारती, शिवानी कलाकारों ने लोगों को यातयात नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस पर सराज अख्तर सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर को जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सराज अख्तर वर्ष 2009 से गोविंद सागर झील को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में एसोसिएशन द्वारा वॉटर स्पोर्ट्स कार्निवाल आयोजित किए गए तथा खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे अनेक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और खेल कोटे से रोजगार प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा 26 जनवरी 2026 को आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों में विशेष योजनाएं होंगी शुरू: धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बचत भवन, बिलासपुर में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की समीक्षा बैठक तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मंत्री ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों, महिलाओं और किशोरियों के लिए पोषण, स्वास्थ्य जांच और कौशल प्रशिक्षण से जुड़े विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। टीबी मरीजों को 'निक्षय मित्र' की तर्ज पर सप्लीमेंट्री डाइट भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में महिलाओं व युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल प्रशिक्षण अभियान चलाने पर जोर दिया गया। साथ ही पशुपालन विभाग को पशु एंबुलेंस देने की स्वीकृति दी गई। डीएमएफटी के तहत जिले में कुल 644 विकास परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिनके माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और अधोसंरचना के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं।

### मनरेगा बचाओ अभियान में कांग्रेस का श्रमदान प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत झंडूता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दसलेहड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक मदन चौधरी, ब्लॉक समन्वयक रिपना कलसाइक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनरेगा बिल में कथित छेड़छाड़ के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर मनरेगा कानून से छेड़छाड़ कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार 2014 से लगातार मनरेगा कानून के स्वरूप से छेड़छाड़ कर रही है, जिससे गरीब और मजदूर वर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात हुआ है। कांग्रेस इस अन्याय को कभी स्वीकार नहीं करेगी। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने कहा कि 'मनरेगा मजदूरों की आजीविका से जुड़ा कानून है। केंद्र सरकार द्वारा इसमें की जा रही छेड़छाड़ के खिलाफ कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और मजदूरों के हक की आवाज बुलंद करेगी।

### अंकिता चौहान कृषि विभाग में बनी एडीओ


अंकिता को सम्मानित करता स्कूल प्रबंधन। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे बिलासपुर शहर के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान आर्यन पब्लिक स्कूल की छात्रा अंकिता चौहान की उपलब्धि के कारण एक बार फिर से सुर्खियों में है। अंकिता का हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग में एग्रीकल्चर डेवलपमेंट आफिसर (एडीओ) पद पर चयन हुआ है। अंकिता ने मुकाम अपनी कड़ी मेहनत और गुरुजनों के अनुभवी मार्गदर्शन से हासिल किया है। अंकिता की इस उपलब्धि से न सिर्फ स्कूल बल्कि इलाके में भी हर्ष की लहर है। प्रिंसीपल पंकज ठाकुर ने बताया कि अंकिता चौहान शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि की होने के साथ-साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। उन्होंने बताया कि अंकिता की इस उपलब्धि ने न सिर्फ आर्यन शिक्षण संस्थान की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाए हैं बल्कि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा दी है। उल्लेखनीय है कि आर्यन स्कूल के होनहार बच्चों ने चिकित्सकीय, इंजीनियरिंग और अन्य विभागों में चयनित होकर स्कूल, शिक्षकों और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने अंकिता चौहान को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### व्यास उत्सव में खेल और सांस्कृतिक धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव के सातवें दिवस के अवसर पर प्रातः सत्र में जलेबी दौड़, प्रश्नोत्तरी, मुक्केबाजी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में निशान्त शर्मा, ईशान गौत्तम, मुनीष मुहम्मद, सौरव सोनी सहित अन्य आयोजकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ सायं लगभग 5 बजे हुआ, जिसका मंच संचालन मृदुल शर्मा ने किया। उल्लेखनीय है कि मृदुल शर्मा पिछले कई वर्षों से इस मंच का कुशल संचालन करते आ रहे हैं। मंच संचालन में उनका लंबा अनुभव रहा है तथा कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी वाक-कला से वे विशेष पहचान बना चुके हैं। वे विगत वर्ष चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के गोल्ड मेडलिस्ट भी रह चुके हैं। उनकी कला को स्थानीय जनता एवं मुख्य अतिथियों द्वारा सराहा गया। सांस्कृतिक संध्या में मिस्टर एवं मिस व्यासपुर प्रतियोगिता, युगल गायन, समूह नृत्य सहित अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। इस उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रवेश पत्र के साथ नशा न करने की शपथ दिलाई गई तथा सामूहिक रूप से जनता को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। उत्सव के दौरान विभिन्न वर्गों के लिए सांस्कृतिक, खेलकूद एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों, अधिकारियों, अध्यापकों एवं रक्तदानियों को सम्मानित भी किया गया।

### गर्मी से पहले पेयजल योजनाएं पूरी करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जल शक्ति विभाग को निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि गर्मी के मौसम में बिलासपुर में पानी की समस्या न हो। उन्होंने शहर में सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और आवश्यकता अनुसार हैंडपंपों के लिए बजट प्रावधान करने को भी कहा। बुधवार को जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक ने आगामी गर्मी को ध्यान में रखते हुए अग्रिम योजना तैयार करने पर जोर दिया। वहीं, लोक निर्माण विभाग के साथ बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत व निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा की गई। पीएमजीएसवाई फेज-4 के अंतर्गत भराथू-झलेड़ा और सोलग-जुरासी सड़कों को मंजूरी मिलने पर उन्होंने शीघ्र औपचारिकताएं पूरी कर कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए

### प्रोटेक्टिव एजिंग कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रोटेक्टिव एजिंग (संरक्षित वृद्धावस्था) कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीएम श्री नयना देवी जी धर्मपाल की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर चर्चा की गई तथा मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण और अंतर-पीढ़ीगत सहभागिता पर विशेष फोकस करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 10 फरवरी को स्वारघाट स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं इंटर-जनरेशन बॉन्डिंग के तहत सभी सरकारी विद्यालयों में 31 जनवरी 2026 को बैग फ्री डे मनाने तथा विभिन्न आयु वर्ग के लिए गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने सभी विभागों, सेवा निवृत्त अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान व कल्याण के लिए सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।

# पीएमजीएसवाई-4 के तहत केंद्र ने बिलासपुर को दी बड़ी सौगात

## बिलासपुर को मिली चार नई ग्रामीण सड़कें और विकास को रफ्तार

अनंत ज्ञान




**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 (पीएमजीएसवाई-4) के तहत केंद्र की भाजपा सरकार ने बिलासपुर जिले को विकास की बड़ी सौगात दी है। ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में जिले की चार महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे दूरदराज के गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने का सपना साकार होने जा रहा है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी स्वीकृतियों के अनुसार हिमाचल प्रदेश में 294 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिन पर लगभग 2247 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें बिलासपुर जिले को मिली चार सड़क परियोजनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि केंद्र सरकार की विकास नीति में बिलासपुर की प्राथमिकता बनी हुई है।

बिलासपुर जिले के लिए स्वीकृत सड़कों में सोलग से जुरासी, भराथू से जंगल झलेड़ा, भटेड से कनफारा, नेरी से बरनोह तुन्नी घाट.मार्ग शामिल हैं। ये सड़कें वर्षों से जनता की मांग रही थीं, जिन्हें अब केंद्र सरकार ने पूरा कर दिखाया है। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार और आपात सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। साथ ही किसानों को अपने उत्पाद मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। यह पहल सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को जमीन पर उतारने का उदाहरण है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इन परियोजनाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार गांव-गरीब और सीमांत क्षेत्रों के विकास को लेकर गंभीर है और पी एम जी एस वाई-4 इसका सशक्त प्रमाण है।

ग्रामीण जनता ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इन सड़कों के निर्माण से बिलासपुर के कई गांव पहली बार हर मौसम में चलने योग्य पक्की सड़कों से जुड़ेंगे, जिससे जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। पीएमजीएसवाई-4 के तहत मिली यह सौगात बिलासपुर को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाने वाला राजनीतिक और प्रशासनिक निर्णय माना जा रहा है।

## स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग एवं इंडस्ट्री 4 .0 को लेकर हुई जागरूकता कार्यशाला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) बिलासपुर ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग एवं इंडस्ट्री 4.0 विषय पर एक इंटरैक्टिव जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होटल सागर व्यू, बिलासपुर में किया। कार्यशाला की अध्यक्षता डीआईसी के जीएम जिया राम अभिलाषी ने की।

कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, क्लाउड और सीआरएम सिस्टम के उपयोग और लाभों से अवगत कराना था। इस पहल का लक्ष्य आरएएमपी (राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस) के अंतर्गत उद्यमों का डिजिटल रूपांतरण करना और उनकी उत्पादन क्षमता तथा गुणवत्ता में सुधार लाना है। कार्यशाला के प्रथम सत्र में आरएएमपी योजना और एमएसएमई के डिजिटल सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने एआई आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस, आईओटी सेंसर द्वारा रीयल-टाइम निगरानी, मशीन लर्निंग आधारित क्वालिटी कंट्रोल और डिजिटल ट्विन्स जैसी तकनीकों के व्यावहारिक उदाहरण साझा किए।

दूसरे सत्र में उद्यमियों ने तकनीक अपनाने की लागत, समाधान प्रदाताओं के चयन और छोटे उद्योगों में स्केलेबिलिटी से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने समाधान प्रस्तुत किए और सुझाव दिया कि चरणबद्ध तरीके से तकनीक अपनाकर कम लागत में उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है।

कार्यक्रम में आगामी दिनों में एमएसएमई इकाइयों के प्लांट विजिट और डिजिटल रेडीनेस असेसमेंट पर भी सहमति बनी। प्रत्येक उद्योग के लिए बेसलाइन असेसमेंट तैयार किया जाएगा और लो-कॉस्ट ऑटोमेशन, ईआरपी तथा आईओटी समाधानों की जानकारी साझा की जाएगी। कार्यशाला में मैनेजर डीईसी मधु शर्मा सहित विभिन्न उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हैंडबॉल खिलाड़ी आंचल चौहान का पुलिस विभाग में चयन

अनंत ज्ञान


आंचल को सम्मानित करते विभाग के अधिकारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कहलूर खेल परिसर की प्रतिभाशाली हैंडबॉल खिलाड़ी आंचल चौहान ने खेल कोटे के माध्यम से हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में चयनित होकर जिला बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है।

युवा सेवा एवं खेल विभाग के हैंडबॉल प्रशिक्षक मनोज ठाकुर ने बताया कि आंचल चौहान ने कहलूर खेल परिसर में नियमित एवं कठोर प्रशिक्षण के माध्यम से खेल की बारीकियों में विशेष दक्षता हासिल की। उन्होंने जूनियर एवं सीनियर नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उल्लेखनीय है कि आंचल स्वर्ण पदक विजेता हिमाचल महिला हैंडबॉल टीम की सदस्य भी रही हैं, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरवान्वित किया। पुलिस प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व कहलूर खेल परिसर में युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा उनके सम्मान में एक सादे किंतु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों और साथी खिलाड़ियों ने आंचल चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आंचल चौहान की इस सफलता पर हिमाचल हैंडबॉल संघ, खेल विभाग तथा खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। प्रशिक्षक मनोज ठाकुर ने कहा कि आंचल का चयन प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और इससे अन्य खिलाड़ी भी खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

## हमीरपुर के सांसद देश की करंसी के अवमूल्यन पर चुप क्यों : सांख्यान

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने देश के रुपए के लगातार गिरते मूल्य को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब सत्ता में नहीं थे, तब रुपए के अवमूल्यन को देश की गरिमा से जोड़ते थे और यूपीए सरकार को इसी मुद्दे पर घेरते थे। लेकिन अब जब भाजपा 2014 से सत्ता में है और रुपया एक डॉलर के मुकाबले 91 रुपए तक पहुंच चुका है, तो वही नेता और सरकार पूरी तरह मौन हैं।



सांख्यान ने कहा कि 2014 से पहले रुपया 58 से 62 के बीच था, जबकि पिछले 12 वर्षों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब देश की गरिमा नहीं गिर रही है। उन्होंने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जो हर मुद्दे पर बयान देते हैं, वे रुपए के अवमूल्यन पर मौनव्रत साधे हुए हैं।

उन्होंने चिंता जताई कि रुपए की गिरती कीमत से देश पर कर्ज बढ़ रहा है और बेरोजगारी की समस्या और गंभीर होती जा रही है। सांख्यान ने बुद्धिजीवी वर्ग से भी अपील की कि वह राष्ट्रवाद के नारों से परे जाकर अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति पर सवाल उठाए और इस मुद्दे पर चुप न रहे।

## उपनिदेशक स्कूल शिक्षा बलबीर सिंह की सेवानिवृत्ति पर हुई काव्य गोष्ठी



अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा विभाग के उपनिदेशक स्कूल शिक्षा (एलिमेंट्री) बलबीर सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम उपनिदेशक कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

समारोह का आयोजन अवार्डी टीचर एसोसिएशन चंबा और जिला टास्क फोर्स ने किया। कार्यक्रम में डॉ. कविता बिजलवान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित युद्धवीर टंडन, किरण कुमार वशिष्ठ, शाम अजनबी, समाजसेवी उत्तम सूर्यवंशी, गजलकार सुभाष साहिल और अन्य प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग़ज़लकार सुभाष साहिल ने की। कवियों ने पहाड़ी हास्य रचना, ग़ज़ल और वीरांगना गाथाओं के माध्यम से मनोरंजन और संदेश दोनों प्रस्तुत किए। उपस्थित कर्मचारियों ने बलबीर सिंह के सेवाकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके अनुशासन, नवाचार और समर्पण को याद किया।

मुख्य अतिथि ने बलबीर सिंह को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन काव्य प्रस्तुतियों और कर्मचारियों की भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ हुआ।

## जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का भव्य समापन

## गेहड़वीं शीतला देवी की टीम बनी कबड्डी चैंपियन

अनंत ज्ञान


मुख्यातिथि कटवाल के साथ विजेता खिलाड़ी व अन्य। अनंत ज्ञान

**झंडूता।** वर्ष 2025-26 की जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का समापन समारोह अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में झंडूता विधानसभा क्षेत्र के विधायक जीतराम कटवाल उपस्थित रहे। उनके साथ अन्य गणमान्य अतिथि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

समापन समारोह के दौरान कबड्डी का रोमांचक फाइनल मुकाबला गेहड़वीं शीतला देवी और आनंदघाट टीम के बीच खेला गया, जिसमें गेहड़वीं शीतला देवी की टीम ने आनंदघाट को 28-19 (अन्य मुकाबले में 36-27) के अंतर से हराकर कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। रिपब्लिक मैराथन में गाघस के अनीश ने 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि झंडूता के गौरव ने दूसरा स्थान हासिल किया। जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में डांगर की टीम ने घुमारवीं की टीम को फाइनल मुकाबले में 2-1 से पराजित कर विजेता का खिताब जीता।

मुख्यातिथि जीतराम कटवाल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए। कबड्डी विजेता टीम को 7500 रुपए, मैराथन प्रतियोगिता के लिए 4000 रुपए तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए 8600 रुपए की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। मुख्यातिथि ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवक मंडल आनंदघाट के मैदान की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर माई भारत बिलासपुर से यांचे लामो विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग 135 युवाओं ने भाग लिया। अन्य खेल स्पर्धाओं में म्यूजिकल चेयर, रस्साकसी, मटका फोड़ आदि खेल भी आयोजित किए गए। बैडमिंटन अंडर-14 वर्ग में सक्षम एवं परीक्षित तथा कबड्डी में शामी कुमार (आनंदघाट) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। यूथ क्लब आनंदघाट द्वारा सभी अतिथियों को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी वॉलंटियर्स को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

## गुरु रविदास जी की शोभायात्रा निकाली


झंडूता उपमंडल के कड़ोह घाट से भव्य शोभायात्रा का आयोजन करते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** समाज सुधारक एवं युग प्रवर्तक संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी के 649वें प्रकाश पर्व के अवसर पर झंडूता उपमंडल के कड़ोह घाट से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यह शोभायात्रा कोटधार में स्थित गुरुघर कड़ोह घाट से रवाना हुई जो बरोटी, गंगलोह, नघयार, शहतलाई, चकमोह, रैली, जजरी, बरठीं, फटोह, मलारी, मलांगण, भड़ोली कलां, चेलियां होते हुए वापस कड़ोह घाट में समाप्त हुई। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की और लंगर का आयोजन किया गया था। शाहतलाई गुरु रविदास सेवा क्लब के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि इस शोभायात्रा में खुरालगढ़ के प्रधान संत सुरेंद्र दास और कर्म सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बिलासपुर गुरु रविदास महासभा के उप प्रधान महेंद्र सिंह, कडोह सभा के प्रधान भगत सिंह, गंगलोह से परस राम लोहिया, नघियार से जुल्फीराम, पवन कुमार, शाहतलाई गुरु रविदास सेवा क्लब के प्रधान जगदीश भाटिया, चकमोह सभा के प्रधान लेख राम, राजेश कुमार, फटोह सभा के प्रधान संजय कुमार आदि शामिल रहे।

## चिट्टे के खिलाफ घुमारवीं में सामाजिक अभियान तेज

अनंत ज्ञान


चिट्टे के खिलाफ जन जागरूकता बैठक। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं की ओर से 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान' के तहत नगर परिषद घुमारवीं के वार्ड नंबर-2 में चिट्टे के खिलाफ एक जनजागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्मानी ने की। बैठक का उद्देश्य समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट करना और युवाओं को चिट्टे जैसी घातक लत से बचाने के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करना रहा।

बैठक में वार्ड के गणमान्य नागरिकों, स्थानीय दुकानदारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने भाग लिया। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टा अब किसी एक क्षेत्र तक सीमित समस्या नहीं रहा, बल्कि यह घर-घर में फैलता जहर बन चुका है, जो युवाओं के साथ-साथ परिवारों की उम्मीदों को भी नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब अपने ही बच्चे इस लत की चपेट में हों, तब समाज की चुप्पी भी अपराध है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे की गिरफ्त में आए युवा अपराधी नहीं, बल्कि इस जाल के शिकार हैं। उन्हें दंड नहीं, बल्कि संवाद, सहारा और समाज के सहयोग की आवश्यकता है। बैठक में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने में समाज की सक्रिय भूमिका पर चर्चा की गई और अभियान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सुझाव लिए गए। महेंद्र धर्माणी ने सरकार से नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नशे में फंसे युवाओं के लिए पुनर्वास केंद्र स्थापित करने की मांग की। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने चिट्टे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

**आयोजन** नशामुक्त हिमाचल थीम पर प्रवासी हिमाचलियों ने दिया संदेश

## बेंगलुरु में धूमधाम से मनाया हिमाचल दिवस

अनंत ज्ञान


कार्यक्रम में उपस्थित हिमाचली समुदाय के लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल कर्नाटक कल्याण संघ लोकप्रिय नाम हिमाचली इन बेंगलुरु द्वारा हिमाचल प्रदेश का राज्यत्व दिवस 2026 बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए अनेक सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयोजन की मुख्य थीम नशामुक्त हिमाचल रही, जिसका उद्देश्य समाज को नशे से दूर रहने और स्वस्थ, सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ किया गया, जिसने सभी उपस्थित लोगों में देशभक्ति और एकता की भावना को और अधिक प्रबल किया। कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें हिमाचल प्रदेश से जुड़े प्रवासी भाई-बहन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी मातृभूमि के प्रति सम्मानए एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान हिमाचली लोक संस्कृति, पारंपरिक गीत-संगीत के साथ-साथ हिमाचली पारंपरिक व्यंजनों का विशेष आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर धाम, सिड्डू, मदरा सहित अन्य पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। जिन्हें सभी उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। पारंपरिक भोजन ने सभी को हिमाचल की मिट्टी, संस्कृति और परंपराओं से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। इस दौरान एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुति के माध्यम से यह दर्शाया गया कि नशा आज हिमाचल के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। कलाकारों ने मंच के माध्यम से समाज से अपील की कि सभी लोग नशे से दूरी बनाए रखें और अपने परिवार व आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दें। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर दिया और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी को उजागर किया। इस सफल आयोजन में हिमाचल कर्नाटक कल्याण संघ की कार्यकारिणी समिति का विशेष योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन हिमाचली लोकगीतों की मधुर प्रस्तुतियों और पारंपरिक नाटी पर सामूहिक नृत्य के साथ हुआ।

# बर्फबारी से तीन मंजिला मकान ध्वस्त, परिवार बेघर

## सामरा गांव में मकान गिरने से परिवार ने पड़ोसियों के घर में ली शरण, राहत की मांग और प्रशासन से तुरंत मदद की अपील

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुणहकोठी के सामरा गांव में भारी बर्फबारी के चलते आज एक तीन मंजिला मकान गिर गया। गनीमत यह रही कि जिस समय मकान गिरा, उस वक्त घर के अंदर कोई भी मौजूद नहीं था। मकान में रहने वाले पशु भी बाहर आंगन में थे, जिससे किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार यह मकान लता कुमारी पत्नी अशोक कुमार का था, जो भारी बर्फबारी के कारण पूरी तरह जमींदोज हो गया। मकान गिरने से परिवार पूरी तरह बेघर हो गया है। फिलहाल पीड़ित परिवार को पड़ोसियों के घर शरण दी गई है। इस संबंध में पंचायत रुणहकोठी के प्रधान शुभ करण ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण एक मकान क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसकी सूचना मोबाइल के माध्यम से प्रशासन को दे दी गई है।

पीड़ित परिवार और ग्राम पंचायत प्रधान ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से प्रभावित परिवार को तत्काल राहत प्रदान करने तथा मौके पर निरीक्षण कर उचित सहायता देने की मांग की है।



भरमौर के सामरा गांव में भारी बर्फबारी से गिरा तीन मंजिला मकान, परिवार सुरक्षित लेकिन बेघर। अनंत ज्ञान

## डलहौजी-खज्जियार में बर्फबारी से सैलानियों-किसानों में उत्साह

**अनंत ज्ञान, डलहौजी/चंबा।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी तथा इससे सटे बकरोटा हिल में आज सुबह बारिश के साथ ताज़ा बर्फबारी हुई, जिससे क्षेत्र में तापमान में और अधिक गिरावट दर्ज की गई। बीते कल से लेकर आज सुबह तक रुक-रुक कर हुई बर्फबारी के कारण पूरे क्षेत्र में शीत लहर का असर देखने को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद दूसरे राज्यों से आए सैलानी अपने परिवारों के साथ भारी बर्फबारी का आनंद लेते नजर आए। बर्फ से ढकी वादियों में पर्यटक मस्ती करते, तस्वीरें खींचते और मौसम का लुत्फ उठाते दिखाई दिए। यदि डलहौजी और खज्जियार की बात करें तो इन पर्यटन स्थलों में इस समय करीब एक से डेढ़ फुट तक बर्फ जम चुकी है, जिससे पूरा इलाका बर्फ की सफेद चादर में लिपट गया है। वहीं, इस बारिश और बर्फबारी ने किसानों और बागवानों के चेहरों पर भी खुशी ला दी है, क्योंकि यह फसलों और बागवानी के लिए लाभकारी मानी जा रही है।

## चंबा जिले में भारी बर्फबारी के चलते जनजीवन प्रभावित, 119 सड़कें बंद

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा जिला में हुई भारी बर्फबारी के चलते जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। एक ओर बर्फबारी से पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिला है, वहीं दूसरी ओर आम लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई हैं। जिले में लोक निर्माण विभाग की कुल 119 सड़कें बर्फबारी के कारण बंद पड़ी हैं। इसके अलावा जल शक्ति विभाग की करीब 70 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जबकि विद्युत विभाग के 444 ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं।

चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग को सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिया गया है, लेकिन होली और जोत मार्ग अभी भी बंद हैं। खज्जियार से डलहौजी तक भारी बर्फबारी के कारण यातायात पूरी तरह ठप है। राहत की बात यह है कि जिले में कहीं से भी किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

इस बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त चम्बा केशव राम ने बताया कि बर्फबारी के चलते भरमौर क्षेत्र के पूलन में ग्लेशियर खिसकने से दो वाहन और दो दुकानें प्रभावित हुई हैं, लेकिन नुकसान सीमित है। उन्होंने कहा कि जिले में लोक निर्माण विभाग की 119 सड़कें, जल शक्ति विभाग की 70 पेयजल योजनाएं और विद्युत विभाग के 444 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। मौसम साफ होने से बहाली कार्य में तेजी लाई गई है और जेसीबी मशीनों की मदद से सभी मार्गों को जल्द खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

# वफादारी: मालिक की लाश पर 4 दिन तक पहरा देता रहा कुत्ता

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भरमौर क्षेत्र से सामने आई यह हृदयविदारक घटना हर किसी की आंखें नम कर देने वाली है। भरमाणी माता मंदिर के दुर्गम जंगलों में भारी बर्फबारी के बीच दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, लेकिन इस त्रासदी के बीच वफादारी की एक ऐसी मिसाल सामने आई, जिसने पूरे प्रदेश को भावुक कर दिया।



23 जनवरी को 19 वर्षीय विकसित राणा अपने 14 वर्षीय ममेरा भाई पीयूष कुमार के साथ भरमाणी माता मंदिर में दर्शन के लिए निकले थे। उनके साथ पीयूष का पालतू कुत्ता और कैंपिंग का सामान भी था। बताया जा रहा है कि मंदिर के ऊपरी क्षेत्रों में वीडियो शूटिंग के दौरान अचानक मौसम ने करवट ले ली। भारी बर्फबारी और बर्फीले तूफान के कारण दोनों युवक रास्ता भटक गए और शून्य से नीचे तापमान में फंसने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। युवकों के लापता होने के बाद प्रशासन ने व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ड्रोन कैमरों की मदद ली गई और सेना के दो हेलीकॉप्टर भी तलाश अभियान में लगाए गए, लेकिन कई दिनों तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। सोमवार को जब रेस्क्यू टीम घटनास्थल तक पहुंची, तो वहां का दृश्य सभी को झकझोर गया। बर्फ में दबे पीयूष कुमार के शव के पास उसका पालतू कुत्ता ठंड से कांपता हुआ बैठा मिला। बताया गया कि यह कुत्ता बिना भोजन और पानी के करीब चार दिनों तक अपने मालिक के शव के पास डटा रहा और उसे छोड़कर कहीं नहीं गया। कुत्ते की यह वफादारी हर देखने वाले की आंखें नम कर गई।

## न्यूज ब्रीफ

### दांतों की सही देखभाल करने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी कुटेहड़ लिमिटेड द्वारा प्रायोजित नई लहर - ए न्यू जर्नी के एजुकेशन फॉर यू कार्यक्रम के अंतर्गत डेंटल हेल्थ केयर पर एक जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को मौखिक स्वच्छता एवं दंत स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराना था। दिल्ली से आईं 20 वर्षों से अधिक अनुभव वाली विशेषज्ञ डेंटिस्ट ने दांतों की सही देखभाल, आम दंत रोगों से बचाव और स्वस्थ आदतों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित है तथा कुटेहड़ के सीएसआर हेड जितेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। वर्तमान में यह पहल क्षेत्र के चार सरकारी स्कूलों में चल रही है, जिसमें कक्षा 6-8 के लिए अंग्रेज़ी व गणित, 9-10 के लिए साइकोमेट्रिक टेस्ट और 11-12 के लिए करियर काउंसलिंग शामिल है।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साच में विधिक सहायता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमुदाय को नशा उन्मूलन, नालसा की योजनाओं और नशीली दवाओं तथा मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस एक्ट) की जानकारी दी। उन्होंने डॉन योजना और आशा योजना की विशेषताओं के बारे में बताया। डॉन योजना युवाओं में नशा और डिजिटल लत रोकने, परामर्श और पुनर्वास पर केंद्रित है, जबकि आशा योजना कमजोर वर्ग को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करती है। उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के कठोर दंड प्रावधान और नशे के दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। शिविर के अंत में विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन अपनाने और किसी कानूनी समस्या में विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

### डॉ. मानिक को बेस्ट डॉक्टर अवार्ड से नवाजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा के हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मानिक सहगल को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल और पर्यटन बोर्ड अधिकारियों के हाथों बेस्ट डॉक्टर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड चम्बा मेडिकल कॉलेज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दिया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप सिंह और अन्य डॉक्टरों ने उन्हें टोपी, शाल और बुक्के देकर सम्मानित किया। डॉ. मानिक सहगल ने इसे व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरी टीम की सफलता बताया और कहा कि आने वाले समय में चम्बा में रोबोटिक और आर्थोस्कोपिक सर्जरी शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे।

### रास्ता बंद करने पर मामला दर्ज, जांच जारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सरकाघाट में प्रथम सूचना रिपोर्ट राजेश कुमार पुत्र नेत्र सिंह निवासी गांव सदोह डाकघर टिक्कर तहसील सरकाघाट जिला मंडी की शिकायत पर दर्ज हुई है, जिसमें आरोप है कि पड़ोसी बली राम पुत्र जिंदू राम ने घर को जाने वाले रास्ते पर गेट व ग्रिल लगाकर मार्ग बंद किया और रास्ता उपयोग करने से रोका तथा गाली-गलौज और धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार रास्ता बंद होने से परिवार का आवागमन और दैनिक कार्य प्रभावित हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने पुष्टि की है।

### मंझोट में लोगों को बताई बैंकिंग योजनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की काले अंब शाखा ने नाबार्ड के सहयोग से ग्राम पंचायत स्वाहल के गांव मंझोट में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। शिविर में शाखा प्रबंधक ललित कुमार ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना किसानों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। इसके माध्यम से किसानों को खेती एवं इससे संबंधित अन्य कार्यों के लिए बहुत ही आसानी से ऋण मिल जाता है। सभी किसानों का इस सुविधा का लाभ उठाना चाहिए। ललित कुमार ने लोगों को प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, महिला समृद्धि योजना तथा अन्य योजनाओं से भी अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान लोगों की बैंकिंग से जुड़ी कई शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और बाल-केंद्रित शिक्षण पर की चर्चा



उपायुक्त चंबा के नेतृत्व में शिक्षा सुधार बैठक आयोजित की गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों पर सार्थक विमर्श करना था।

इसमें उपनिदेशक स्कूल शिक्षा प्रारंभिक बलबीर सिंह, ओएसडी उमाकांत आनंद, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, जिला साइंस सुपरवाइजर गौरव वैद तथा टास्क फोर्स के सदस्य युद्धवीर टंडन, किरण कुमार वशिष्ठ, शाम अजनबी, पवन कुमार, जीवन बाला, डॉ. कविता बिजलवान, उत्तम सूर्यवंशी, तस्लीम शेख और रेखा रश्मि उपस्थित रहे। बैठक में प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों के लिए छुट्टियों में यूनिट टेस्ट, पैराग्राफ पठन, खेलकूद गतिविधियां, कक्षा-कक्ष में बच्चों की सक्रिय भागीदारी और समग्र शैक्षणिक विकास जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने सदस्यों के अनुभव और सुझाव गंभीरता से सुने।

साहित्यिक प्रस्तुति में रचनाकारों ने देशभक्ति और शिक्षा आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें उपायुक्त ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में वर्षभर शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने सभी सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## परेल घार के पास भूस्खलन; चलती गाड़ी पर गिरे पत्थर, चालक सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-ए पर रात परेल घार के समीप एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पहाड़ी से अचानक हुए भूस्खलन के कारण भारी-भरकम पत्थर चलती हुई स्कॉर्पियो गाड़ी पर आ गिरे, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं।



जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात बारिश के दौरान स्कॉर्पियो वाहन परेल घार क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान ऊपरी पहाड़ी से मलबे के साथ बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगे, जो सीधे गाड़ी पर आ गिरे। गनीमत यह रही कि पत्थर चालक की सीट की ओर न गिरकर वाहन के अन्य हिस्सों पर लगे, जिससे चालक की जान बच गई। घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। परेल घार क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, जहां बारिश के दौरान पहाड़ियों से पत्थर गिरने का खतरा बना रहता है। इस संबंध में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने वाहन चालकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में अत्यधिक सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें।

## चांजू नाला के पास चट्टान गिरने से यातायात बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-तीसा मुख्य मार्ग चांजू नाला के समीप भारी चट्टान गिरने के कारण यातायात के लिए पूरी तरह बाधित हो गया। अचानक मार्ग बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग हरकत में आया और मौके पर विभाग की दो जेसीबी मशीनें तैनात कर दी गईं। चट्टानों व मलबे को हटाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि मार्ग को जल्द से जल्द यातायात के लिए बहाल किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है और मौसम अनुकूल रहने पर शीघ्र ही मार्ग खोल दिया जाएगा। वहीं प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि मार्ग खुलने तक वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

## उपनिदेशक को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला शिक्षा विभाग के लिए गौरवपूर्ण क्षण में उपनिदेशक स्कूल शिक्षा एलिमेंट्री बलबीर सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम उपनिदेशक कार्यालय में आयोजित किया गया और अवार्डी टीचर एसोसिएशन चम्बा तथा जिला टास्क फोर्स ने इसे भव्य बनाया। समारोह में शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. कविता बिजलवान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित युद्धवीर टंडन, किरण कुमार वशिष्ठ, शाम अजनबी, पवन कुमार, गणेश दत्त, राज्य शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत जीवनबाला, समाजसेवी उत्तम सूर्यवंशी, ग़ज़लकार सुभाष साहिल और ओएसडी उमाकांत आनंद शामिल थे। इसके अलावा उपनिदेशक कार्यालय का पूरा स्टाफ भी उपस्थित रहा। समारोह में एक संजीदा काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग़ज़लकार सुभाष साहिल ने की। इस दौरान शाम अजनबी ने अपनी हास्य रचना 'किरलु सेठ', किरण कुमार वशिष्ठ ने 'गर गर्दिश में हैं सितारे' शीर्षक ग़ज़ल, सुभाष साहिल ने प्रभावशाली ग़ज़लें, डॉ. कविता बिजलवान ने वीरांगना गाथा प्रस्तुत की। उपनिदेशक कार्यालय के अधीक्षक परीक्षित धवन और युद्धवीर टंडन ने भी बेहतरीन काव्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने बलबीर सिंह के कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उनके नवाचार, अनुशासन और समर्पण ने जिले के शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रेरित किया। अंत में मुख्य अतिथि ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते रहने का संदेश देते हुए बलबीर सिंह को भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

# भाषण प्रतियोगिता में ईवा ने मारी बाजी

## सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पर करवाई शैक्षणिक प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान

**चंबा।** अंबेडकर मिशन सोसाइटी चम्बा के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती के उपलक्ष्य में अम्बेडकर भवन धड़ोग में शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महासचिव अनूप राही ने बताया कि चूँकि इस वर्ष विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश था, इसलिए 03 जनवरी को होने वाली जयंती कार्यक्रम को 01 से 08 जनवरी के बीच आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। विभिन्न वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज सेवा में योगदान पर प्रकाश डाला। श्री गुरु रविदास सभा चम्बा के प्रधान जितेंद्र सूर्या ने मुख्यातिथि के रूप में समारोह में शिरकत की।

कार्यक्रम के तहत कनिष्ठ वर्ग (छठी से आठवीं) और वरिष्ठ वर्ग (नवीं से बारहवीं) के विद्यार्थियों के लिए भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के विषय महिला सशक्तिकरण, नारी शिक्षा, भ्रूण हत्या, संविधान, महात्मा बुद्ध, डॉ. भीमराव अंबेडकर और सावित्रीबाई फुले के जीवन से संबंधित थे। प्रश्नोत्तरी में प्रो. अविनाश ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में ईवा प्रथम और आदित्य द्वितीय, वरिष्ठ वर्ग में यशवर्धन प्रथम और खुशी द्वितीय रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में शिवांगी-तनिष्का प्रथम, वरिष्ठ वर्ग में आयुष धीमान-शिवेश प्रथम रहे। पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी मुख्यातिथि द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अम्बेडकर मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर, कोषाध्यक्ष संदीप लाहौरी, गुरु रविदास महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान जितेश्वर सूर्या, शिक्षकगण, विद्यार्थी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजक संस्था ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक और बौद्धिक गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाएंगी।



विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

## किसानों-बागवानों के लिए सीएम का कदम दूरदर्शी : डॉ. दिनेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कृषि एवं बागवानी आयोग की स्थापना की घोषणा का स्वागत किया। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हिमाचल की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां कृषि और बागवानी मुख्य आजीविका हैं। बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण किसान और बागवान अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के गठन से किसानों और बागवानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और उनकी जमीनी समस्याओं के समाधान में ठोस प्रयास संभव होंगे। नीति निर्माण, शोध, नवाचार और क्रियान्वयन एक मंच पर उपलब्ध होने से सीधे लाभ मिलेगा। डॉ. दिनेश कुमार ने इसे समयानुकूल, दूरदर्शी और किसानों के मनोबल को बढ़ाने वाला कदम बताया।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, प्रेम चंद** पुत्र श्री गुरदास राम निवासी वार्ड नंबर 04, वीपीओ जाडला क्योड़ी, तहसील घनारी, जिला ऊना (हि.प्र.) - 177208, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम प्रेम सिंह से बदलकर प्रेम चंद कर लिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

**कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी, (नायब-तहसीलदार) उप-तहसील लम्बलू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

**किसम मुकदमा जन्म तिथि पंजीकरण**
**आगामी तारीख पेशी 20.02.2026**
**श्रीमति करामीरां देवी पुत्री श्री शरदा राम वासी गांव व डा. लम्बलू उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.) .... प्रार्थीगण**
**आम जनता**
**नोटिस बनाम नोटिस**

उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति कशमीरां देवी पुत्री श्री शरदा राम वासी गांव व डा० लम्बलू उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिसमें प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि उसका जन्म दिनांक 01/04/1965 को महाल लम्बलू में हुआ है। परन्तु जन्म तिथि का इन्दराज रजिस्टर जन्म / मृत्यु में दर्ज नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत लम्बलू में दर्ज नहीं हुआ है। अतः दर्ज किये जाने प्रार्थना की है।

अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुनादी / अखबार इश्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त इन्दराज बारे कोई उजर / एतराज है तो वह असालतन / वकालतन दिनांक 24/02/2026 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 24/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**लम्बलू, जिला हमीरपुर, (हि.प्र.)**

# जनहित से जुड़ी योजनाओं को दें प्राथमिकता : पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में वार्षिक बजट प्राथमिकताओं पर बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**चंबा/चुवाड़ी।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्षिक बजट प्राथमिकताओं को लेकर उप-मंडल मुख्यालय चुवाड़ी स्थित पंचायत समिति सभागार में जिला एवं उप-मंडल स्तर के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बैठक के दौरान जारी वित्त वर्ष में विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभिन्न विभागों की बजट प्राथमिकताओं का निर्धारण करते हुए अधिकारियों को क्षेत्र में जनहित से जुड़ी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने साथ में यह भी निर्देश दिए कि विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत बजट मांग तथा लंबित देयताओं से संबंधित संक्षिप्त विवरण (ब्रीफ नोट) भी उपलब्ध करवाया जाए। कुलदीप सिंह पठानिया ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को भटियात क्षेत्र में विभिन्न कृषि उपज के आधार पर किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रस्तावित स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्राक्कलन तैयार करने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के तहत विभिन्न परियोजनाओं में अर्जित उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न सड़क परियोजनाओं की निविदाएं जल्द आमंत्रित करने को निर्देशित किया।

उन्होंने साथ में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं को जल्द पूर्ण करने को भी कहा। बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अवगत किया कि विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के अंतर्गत वन अनुमति से संबंधित एफसीए मामलों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि एक हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल से संबंधित विभिन्न योजनाओं के मामलों को अनुमोदन सूची के अनुसार एफआरए के तहत प्रेषित किया जाए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंताओं सहित उपस्थित सभी विभागीय कार्यालय प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति तथा आगामी वित्त वर्ष के लिए बजट मांग से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी, अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा, एसडीएम मनीष सोनी, अनिल भारद्वाज, उप पुलिस अधीक्षक शेर सिंह, सीएमओ जालम सिंह भारद्वाज, अधिक्षण अभियंता दिवाकर पठानिया, राजेश मोंगरा, राजीव ठाकुर, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, परियोजना राम पाल, उपनिदेशक स्कूल शिक्षा उच्च विकास महाजन, कृषि भूपेंद्र सिंह, राकेश भंगालिया, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा सहित कई मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपली**
**विकास खंड चौंतड़ा, तह. जोगिन्द्रनगर जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपली, विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 10/05/2024 को अपराह्न 01:00 (PM) बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत पिपली में व्यक्तिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिएं। निविदाएं दिनांक 13/05/2024 को 3 बजे पंचायत के समक्ष निविदादाताओं / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। **सामग्री का विवरण इस प्रकार है:-** 1. रेत क्रशर प्रति घनमीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) - प्रति घनमीटर, 3. पक्की ईंटें/Bricks (A,B,C GRADE) प्रति 1000 नं., 4. बजरी 10, 20, 40 एमएम (क्रशर की) प्रति घनमीटर, 5. पत्थर (Cut Stone) Size - प्रति घनमीटर, 6. सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घनमीटर, 7 JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घनमीटर, 8. Water Purifier-Per Purifier, 9. शटरिंग (लकड़ी की) प्रति Sqr मीटर, 10. सामग्री ढुलान (सीमेंट) लोडिंग/अनलोडिंग प्रति किलोमीटर, 11. सामग्री ढुलान (Mule Carriage) प्रति किलोमीटर, 12. Sign Board (3'×2', 4'×3') - प्रति Sqr फीट/Per Board, 13. Painting and Carriage with Board do, 14. Dustbin Blue, Green (Cipet approved) -As per capacity/dustbin, 15 Sand (Water Boundh) प्रति घनमीटर, 16. Aggregate (Water Boundh) प्रति घनमीटर, 17. Airport 3 Seater waiting chair Steel - No., 18. Dustbin Iron No., 19 GI Sheets Make No.20 Angle/Channel/Steel - प्रति किलोग्राम, 21. वाटर कूलर - Per Cooler

**नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन नं., TIN NO/GST No. तथा गाड़ी का होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत पिपली के नाम पर भेजनी होगी (सिवाय सामग्री ढुलान, Mule Carriage, 3. दरे अकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 4. GST अलग से नहीं दिया जाएगा। 5. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 6 निविदाधारक को एम फार्म देना अनिवार्य है, एम फार्म न होने पर रायलटी नियमानुसार काटी जाएगी। 7. पारित निविदादाता को मु. 20,000/- रु. अग्रिम सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000 रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 8. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 9. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही अग्रिम/सुनिश्चित राशि वापस होगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/J.E को पैमाइश के उपरांत की जाएगी। 12. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार / उपरांत किया जाएगा। 12. जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्ते मान्य हैं तो वह कार्यालय ग्राम पंचायत पिपली से निविदा आवेदन हेतु आवेदन फार्म 1000/-रुपए (एक हजार रुपए) अदा करके प्राप्त कर सकता है व बिना आवेदन फार्म के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नोट:-** उपरोक्त निम्नलिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उसको निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान: 86862-96900 / सचिव 70181-45905**
**ग्राम पंचायत पिपली, विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**व सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एव नायब तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चंबा (हि. प्र.)।**

मिसल नम्बर तहसील/रीडर/2026
तारीख पेशी
रजत शर्मा पुत्र जितेंदर कुमार निवासी गाँव/मुहल्ला कसाकडा शहर चम्बा तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)। ....प्रार्थी

**वनाम**

(1) काहन सिंह पुत्र धनी राम निवासी गाँव/मुहल्ला कसाकडा शहर चम्बा तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)।
(1) शेर सिंह पुत्र धनी राम निवासी गाँव/मुहल्ला कसाकडा शहर चम्बा तहसील व जिला चम्बा (हि. प्र.) .....प्रतिवादी।

**अनुवान मुकद्दमा-** दरूस्ती इन्द्राज वावत खाता खतौनी नम्बर 994 में 1114 के खसरा नम्बर 2879 किता 1 रक्वा तादादी 36-00 वर्ग गज वाक्या मुहाल चम्बा शहर-11 परगना पंजला तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा। हि. प्र.। निर्मित मकान की वलाई मंजिल व् तह मंजिल पर फ्रीकदोयम के नाम किरायेदारी के स्थान पर इन्द्राज मक्वुजा खुद साईल दर्ज करने वारा।

उपरोक्त अनुवान मुकद्दमा में प्रार्थी रजत शर्मा पुत्र जितेंदर कुमार निवासी गाँव/मुहल्ला कसाकडा शहर चम्बा परगना पंजला तहसील सदर चम्बा ने वाक्या मुहाल चम्बा शहर-11 के खाता/खतौनी नम्बर 994-1113-1114 के मं खसर नम्बर 2879 किता 1 रक्वा तादादी 36-00 वर्ग गज के खाना कैफियत खसरा नम्बर 2879 की वलाई मंजिल जेर कब्जा काहन सिंह व् तहमंजिल जेर कब्जा शेर सिंह स्थानीयवासी किरायादार विला किराया ववजह रजामंदी मालकान दर्ज कागजात माल चला आ रहा है, की बजाये खुद साईल दर्ज होना चाहा है।

अतः इस ईश्तहार के दवारा प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त खसरा नम्बर की दरूस्ती वारा कोई उजर व एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में ईश्तहार के प्रकाशन उपरान्त एक माह के भीतर-भीतर सुबहः 10-00 वजे से सायं 5-00 वजे तक दर्ज करवा सकते है। निर्धारित अवधि में आपति न आने की सूरत में व सूरत गैर हाजरी हस्व जावता कार्यवाही अम्ल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 13-1-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये है।

**सहायक समाहर्ता द्वीतीय-श्रेणी**
**सदर चम्बा जिला चम्बा हि. प्र.।**

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of :-** 1. Sh. Vinod aged about 27 years (DOB 01-01-1998) S/O Sh. Jai Singh R/o V.P.O. Majharnoo, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P. 2. Smt. Priya aged about 25 years (DOB 07-09-2000) D/O Sh. Rajesh Kumar R/o Village Jalakh, P.O. Draoh, Tehsil Palampur, Distt. Kangra, H.P. at present W/O Sh. Vinod S/O Sh. Jai Singh R/O V.P.O. Majharnoo, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P. .....*Applicants.*

**Versus**

General Public
.....*Respondents*

**Subject:** Proclamation for the registration of Marriage under section 15, Chapter-III of the special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Vinod and Smt. Priya have filed an application on dated 19-01-2026 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 11-11-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 28/02/2026 The objection received after 28/02/2026 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 19/01/2026 under my hand and seal of this court.

**Marriage Officer-cum Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh.**
**Phone No. 01908 223895.**

‘**हिंदी** भारत की राष्ट्रभाषा है और यदि मुझसे भारत के लिए एक मात्र भाषा का नाम लेने को कहा जाए तो वह निश्चित रूप से हिंदी ही है।

–कामराज

## संपादकीय

# न्याय बनाम सामाजिक संतुलन

देशभर में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) की ओर से लागू किए गए नए जाति-आधारित समानता नियमों को लेकर उठता विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से लाए गए इन नियमों ने जहां एक ओर सामाजिक न्याय की बहस को नई धार दी है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच असंतोष और टकराव की स्थिति भी पैदा कर दी है। छात्र संगठनों से लेकर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों तक, हर स्तर पर इस मुद्दे पर तीखी प्रति्रि याएं सामने आ रही हैं।

यूजीसी का स्पष्ट कहना है कि इन नियमों का मुख्य उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के साथ होने वाले जाति-आधारित भेदभाव को रोकना है। इसके तहत प्रत्येक यूनिवर्सिटी और कॉलेज में समानता प्रकोष्ठ (इक्वालिटी सेल) स्थापित करने, शिकायत निवारण की व्यवस्था को मजबूत करने और जवाबदेही तय करने जैसे प्रावधान किए गए हैं। ये प्रयास वर्ष 2012 के भेदभाव-रोधी ढांचे को प्रतिस्थापित करते हुए उसे अधिक बाध्यकारी और प्रभावी बनाने की दिशा में उठाया गया कदम बताया जा रहा है। हालांकि, नियमों के लागू होते ही विरोध की लहर भी तेज हो गई। खासकर सामान्य वर्ग के छात्रों और सवर्ण समुदाय से जुड़े संगठनों का आरोप है कि इन प्रावधानों में संतुलन का अभाव है। उनका कहना है कि नए नियमों में शिकायत की स्पष्ट और विश्वसनीय व्यवस्था मुख्यत: अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए ही परिभाषित की गई है, जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए समान अधिकार और संरक्षण की बात स्पष्ट रूप से सामने नहीं आती। इसी आशंका के चलते यह सवाल उठाया जा रहा है कि कहीं यह व्यवस्था भविष्य में एक वर्ग के साथ अन्याय का कारण न बन जाए।

छात्र संगठनों का तर्क है कि यूनिवर्सिटी परिसरों में भेदभाव केवल जाति-आधारित नहीं होता, बल्कि क्षेत्र, भाषा, आर्थिक स्थिति और वैचारिक मतभेदों के आधार पर भी होता है। ऐसे में यदि नियम केवल कुछ वर्गों तक सीमित दिखाई देंगे, तो इससे सामाजिक विभाजन और गहराने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कई जगहों पर छात्र सड़कों पर उतर आए हैं और इस मुद्दे को अपने भविष्य, रोजगार और अवसरों से जोड़कर देख रहे हैं।

दूसरी ओर, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से जुड़े संगठनों का कहना है कि सामान्य वर्ग की ओर से इस मुद्दे को अनावश्यक रूप से तूल दिया जा रहा है। उनके अनुसार, ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे समुदायों को आज भी शिक्षा संस्थानों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। ऐसे में यदि उनके लिए विशेष शिकायत व्यवस्था बनाई गई है, तो इसे भेदभाव नहीं बल्कि सकारात्मक हस्तक्षेप के रूप में देखा जाना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि संविधान का अनुच्छेद 15 राज्य को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति देता है।

कानूनी विशेषज्ञों की राय इस पूरे विवाद को एक मध्य मार्ग से देखने की सलाह देती है। उनका मानना है कि यूजीसी के नियम संविधान के दायरे में हैं और उनका उद्देश्य भेदभाव खत्म करना है, न कि किसी नए भेदभाव को जन्म देना, लेकिन साथ ही यह भी स्वीकार किया जा रहा है कि यदि इन नियमों को लागू करने से पहले व्यापक स्तर पर संवाद, चर्चा और परामर्श किया गया होता, तो मौजूदा सामाजिक तनाव से काफी हद तक बचा जा सकता था। नीति निर्माण में पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भागीदारी आज के समय की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है।

मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह अब न्यायालय तक पहुंच चुका है। दायर याचिकाओं में कहा गया है कि नए नियमों में संतुलन और समानता का अभाव है और इससे समानता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन हो सकता है। अब सबकी निगाहें न्यायपालिका पर टिकी हैं कि वह इस मसले में क्या रुख अपनाती है। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

# भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज

**राज्यवर्धन** सिंह राठौड़ (जन्म- 29 जनवरी 1970, जैसलमेर, राजस्थान) भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज और ओलंपिक रजत पदक विजेता हैं। उन्होंने अगस्त 2004 के एथेंस ओलंपिक में व्यक्तिगत ट्रैप शूटिंग स्पर्धा में भारत को पहला ओलंपिक रजत पदक दिलाया। इससे पहले स्वतंत्र भारत को व्यक्तिगत ओलंपिक रजत पदक मिलने में 57 साल का अंतर था।



राज्यवर्धन सिंह राठौड़
**जन्म** : 29 जनवरी, 1970

1998 में राज्यवर्धन ने शूटिंग शुरू की और जल्द ही विश्व के बेहतरीन ट्रैप शूटरों में शुमार हो गए। उन्होंने 2003 में साइप्रस की निकोसिया में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 191/200 रहा। वे एनडीए और इंडियन मिलिट्री एकेडमी में भी अनेक खेलों में उत्कृष्ट रहे और ‘एनडीए ब्लेजर’ तथा ‘स्वॉर्ड ऑफ ऑनर’ जैसे पुरस्कार प्राप्त किए।

17 अगस्त 2004 को एथेंस ओलंपिक में राठौड़ ने क्वालीफाइंग राउंड में 135 का स्कोर कर पांचवां स्थान प्राप्त किया और फाइनल में 44/50 निशाने साधकर कुल 179 अंक बनाकर रजत पदक जीता। यह भारत का पहला व्यक्तिगत रजत पदक और चौथा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक था। उन्हें अर्जुन पुरस्कार, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने 2002 राष्ट्रमंडल खेल (मैनचेस्टर): दो स्वर्ण पदक, आईएसएसएफ विश्व शॉटगन कप, दिल्ली 2003 : कांस्य पदक, साइप्रस विश्व चैंपियनशिप 2003 : कांस्य पदक, सिडनी विश्व कप 2004 : स्वर्ण पदक, चेक मास्टर्स कप 2004 : स्वर्ण पदक, एशियाई क्ले विज़न प्रतियोगिता, बैंकाक : स्वर्ण पदक भी हासिल किया है। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सेना छोड़कर निशानेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन किया। उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन ने उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। ■



कविता

## मेले

हरिराम धीमान, नालागढ़
मोबाइल 94180-22852

**लोगों** के दिलों को मिलाते हैं मेले
संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं मेले।
संस्कृति व समाज का दर्पण होते हैं ये मेले
सदियों से इस बोझ को ढो रहे हैं ये मेले।
गौरवमई अतीत की याद दिलाते हैं मेले
संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं मेले।
एक स्वर पांव उठते, एक स्वर गान होते
गीत गुंजित स्वरों से जाग उठते लोग सोते।
नित्य नई सुबह का आभास देते हैं मेले
संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं मेले।
धर्म में नित्य प्रति घट रही है आस्था
क्लब प्रधान फिल्म प्रधान हो रही है व्यवस्था।
बहाने से तीर्थाटन कर आते हैं मेले,
संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं मेले।
लोगों के दिलों को मिलाते हैं मेले
संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं मेले।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ‘डॉक्टर’ उपाधि पर मेडिकल प्रैक्टिशनर का एकाधिकार नहीं

हिमाचल प्रदेश के डिग्री कॉलेजों में शीतकालीन अवकाश के दौरान बनारस जाने के लिए बेगमपुरा एक्सप्रेस के सी-2 कोच में सफर कर रहा था। मेरी सीट साइड अपर थी। अंबाला कैंट से रात नौ बजे जैसे ही ट्रेन ने पटरी पर दौड़ना शुरू किया, वैसे ही काले रंग के कोट में टैबलेट लेकर टीटीई आ गया।

उसके पूछने पर अपने नाम के साथ ‘डाक्टर’ शब्द जोड़कर बताया। टीटीई ने सम्मानजनक व्यवहार किया और आईकार्ड नहीं मांगा, जबकि ई-टिकट के साथ आईकार्ड जरूरी होता है। शायद आईकार्ड मांगकर देखता तो उसे पता चल जाता कि मैं कोई मेडिकल प्रैक्टिशनर नहीं, बल्कि पत्रकारिता पढ़ाने वाला प्रोफेसर हूं। खैर, तड़के करीब तीन बजे गहरी नींद में था। कोच में जल रही नाइट लैंप की रोशनी में एक युवक जोर-जोर से मेरे सीट नंबर को बोलकर पूछ रहा था किधर है। मेरे पास आकर निवेदन भरे शब्दों में बोला, ‘डॉक्टर साहब’ एस-3 कोच में एक व्यक्ति की तबीयत ठीक नहीं है, चलकर देख लीजिए, टीटीई ने बताया कि आप डॉक्टर हैं। नींद से जागते हुए शांत स्वर में मैंने समझाया, ‘भाई, मैं पीएचडी डॉक्टर हूं, एमबीबीएस नहीं। मैं कॉलेज में पढ़ाता हूं, किताबें पढ़ता हूं, मेडिकल प्रैक्टिस नहीं करता।’ इतना सुनते ही युवक निराश हो गया। उसने फोन उठाया और संभवत: अपने किसी साथी से कहा, ‘ये दवाई देने वाले डॉक्टर नहीं हैं।’ यह घटना मात्र ट्रेन यात्रा का छोटा-सा किस्सा नहीं है, बल्कि ‘डॉक्टर’ शब्द के अर्थ, उपयोग और सामाजिक धारणा को भी उजागर करती है। जनसामान्य में ‘डॉक्टर’ सुनते ही एमबीबीएस या मेडिकल प्रैक्टिशनर की छवि उभर आती है, जबकि इस शब्द की जड़ें बहुत व्यापक हैं। इसी संदर्भ में केरल हाईकोर्ट का हालिया फैसला अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है, जिसमें अदालत ने स्पष्ट किया कि ‘डॉक्टर’ या ‘डॉ.’ उपाधि का उपयोग केवल मेडिकल डॉक्टरों (एमबीबीएस धारकों) तक सीमित नहीं है। केरल हाईकोर्ट ने मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें फिजियोथैरेपिस्ट और ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट द्वारा ‘डॉ.’ उपसर्ग के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की गई थी।



डॉ. अवधेश कुमार यादव
सहायक प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय कुल्लू

जस्टिस वी.जी. अरुण की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ‘डॉक्टर’ शब्द की उत्पत्ति चिकित्सा क्षेत्र से नहीं हुई। प्राचीन काल में यह शब्द उन विद्वानों के लिए प्रयुक्त होता था जिन्होंने उच्चतम शिक्षा प्राप्त की हो और जिन्हें धर्मशास्त्र, कानून या दर्शनशास्त्र जैसे विषयों में पढ़ाने का अधिकार प्राप्त हो। समय के साथ चिकित्सा विज्ञान के विकास से विश्वविद्यालयों द्वारा प्रशिक्षित मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी ‘डॉक्टर’ कहा जाने लगा, लेकिन इससे यह शब्द केवल उनके लिए आरक्षित नहीं हो जाता है।




अदालत ने नेशनल मेडिकल कमीशन अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि इसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो एमबीबीएस या अन्य मेडिकल डिग्री धारकों को ‘डॉ.’ उपसर्ग का विशेष कानूनी अधिकार देता हो। इसी तरह, केरल राज्य चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम की धारा 40 में प्रयुक्त ‘टाइटल’ शब्द से भी यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि केवल मेडिकल डॉक्टरों को ही ‘डॉ.’ लिखने का वैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब कानून में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, तो मेडिकल प्रोफेशनल्स ‘डॉक्टर’ शब्द पर एकाधिकार का दावा नहीं कर सकते। फैसले में अदालत ने पीएचडी जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यताओं वाले लोगों के ‘डॉक्टर’ उपाधि उपयोग को वैध माना, जैसा कि ऐतिहासिक रूप से होता आया है। साथ ही, नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन्स अधिनियम, 2021 के प्रावधानों में हस्तक्षेप से इनकार किया। कोर्ट ने फिजियोथैरेपिस्ट और ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट को केवल मेडिकल डॉक्टरों के सहायक मानने की संकीर्ण व्याख्या को अस्वीकार किया और बहु-विषयी स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता पर बल दिया। मेरी ट्रेन की घटना इस बहस का सजीव उदाहरण है। नाम के साथ ‘डॉक्टर’ सुनते ही टीटीई का व्यवहार सम्मानपूर्ण हो गया, लेकिन जैसे ही मेडिकल आपात स्थिति सामने आई, वही शब्द उम्मीद और जिम्मेदारी का प्रतीक बन गया। युवक की प्रतिक्रिया-‘ये दवाई देने वाले डॉक्टर नहीं हैं’-इस बात को उजागर करती है कि आम समाज में ‘डॉक्टर’ का अर्थ लगभग पूरी तरह से इलाज करने वाला बन चुका है। यही कारण है कि पीएचडी जैसे अकादमिक डॉक्टरों को भी अपने परिचय में सफाई देनी पड़ती है।

दरअसल, यह टकराव नया नहीं है। ‘डॉक्टर’ एक अकादमिक उपाधि है, जिसका इतिहास शिक्षण और विद्वता से जुड़ा रहा है। विश्वविद्यालयों में यह सम्मान पीएचडी, डी.एससी. और डी.लिट. धारकों को मिलता रहा है। समस्या तब पैदा होती है, जब इस शब्द को केवल मेडिकल प्रैक्टिस से जोड़ दिया जाता है। बिना मेडिकल योग्यता के इलाज करना निश्चित रूप से गलत और खतरनाक है, लेकिन नाम के साथ उपाधि का उपयोग करना अपने आप में अवैध नहीं।

केरल हाईकोर्ट का फैसला इसी संतुलन को रेखांकित करता है। यह स्पष्ट करता है कि ‘डॉक्टर’ किसी एक पेशे का एकाधिकार नहीं, बल्कि ज्ञान और प्रशिक्षण का प्रतीक है-बशर्ते इसका उपयोग किसी को भ्रमित करने के लिए न किया जाए। असल मुद्दा शब्द नहीं, उसका संदर्भ और जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा, त्योहारों की विरासत और विकेन्द्रित पर्यटन

हिमाचल प्रदेश त्योहारों व नृत्यों की विशेष भूमि है, पर्यटन विकास की संभावनाओं की दृष्टि से विचार करें तो महत्वपूर्ण पहलू ध्यान देने योग्य है कि हिमाचल की अपनी विलक्षण संस्कृति है, जिसके बारे में जानने के लिए लोग लालायित रहते हैं, चाहे वो देव संस्कृति हो, हिमाचली धाम सहित अनेक अनोखे व्यंजन हो,नाटी हो,टोपी हो यहां की वेशभूषा हो या प्रसिद्ध देवी-देवताओं के मंदिर व यहां मनाएं जाने वाले प्रसिद्ध मेले एवं त्योहार।



ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी, हिमाचल प्रदेश
dikshit9805@gmail.com

हिमाचल प्रदेश के अधिकांश मेले और त्योहार जीवन का उत्सव हैं इनका धार्मिक या कृषि से जुड़ाव है। हर त्योहार की अपनी एक अलग पहचान है। हिमाचल प्रदेश में लगभग दो हजार देवी-देवताओं की पूजा की जाती है और उनके सम्मान में कई मेले और त्योहार आयोजित किए जाते हैं। ऋतुओं से लेकर खेलों तक, धर्म से लेकर संस्कृति तक, यहां जीवन के प्रत्येक रंग आनंदमयी रूप में विद्यमान है। हिमाचल में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी, कुल्लू दशहरा,मिंजर मेला, लवी मेला और विंटर कार्निवाल ऐसे कुछ प्रमुख आयोजन हैं ,जिनकी लोकप्रियता देश-विदेशों तक है, इनके बारे में और अधिक प्रचार-प्रसार कर हम पर्यटकों को सांस्कृतिक पर्यटन की दृष्टि से आमंत्रित कर सकते हैं।

प्रदेश में पर्यटन के नाम पर हो-हल्ला, दारूबाजी, स्टंट, फूहड़ता से संबंधित गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई कर सांस्कृतिक पर्यटन की ओर बढ़ावा दिया जा सकता है।

आंग्ल नव वर्ष व क्रिसमस के अवसर पर शिमला, कसौली, मनाली डलहौजी व धर्मशाला जैसे शहर पर्यटकों की आमद से अक्सर गुलजार रहते हैं। इन मौकों पर पर्यटकों को लुभाने के लिए सांस्कृतिक स्पर्शता की आवश्यकता है। किन्नौर-लाहौल व स्पीति जिलों में सांस्कृतिक विलक्षणता विद्यमान है, किन्नौर में रूलाणे जैसे त्योहार सोशल मीडिया पर वायरल रहते हैं,भावा वैली, जसपा, चितकुल, शिपकी लॉ जैसे क्षेत्रों में पर्यटन की गहरी अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन का अधिकांश भार आज भी शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी जैसे उन स्थलों पर है, जो अंग्रेजी शासन काल से ही प्रसिद्ध रहे हैं। इससे एक ओर इन क्षेत्रों पर पर्यावरणीय और बुनियादी ढांचे का अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के अनेक ऐसे क्षेत्र पर्यटन की मुख्यधारा से बाहर रह गए हैं, जहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं। ऐसे में समय की मांग है कि हिमाचल में पर्यटन को विकेन्द्रित करते हुए अनछुए और कम चर्चित क्षेत्रों को स्पर्शता प्रदान की जाए।



कालका-शिमला विश्व धरोहर रेलवे लाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार, कांगड़ा घाटी टॉय ट्रेन का सुचारु संचालन तथा कुल्लू के बंजार क्षेत्र में जिभी और शांघड़ जैसे शांत और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थलों को लोकप्रिय बनाया जा सकता है। मंडी जिले का सराज क्षेत्र, पराशर झील, जंजैहली, करसोग और कमलाह गढ़ किला-धर्मपुर जैसे स्थल भी पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान पाने के योग्य हैं। इन क्षेत्रों में सड़क, पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन की बेहतर व्यवस्था से पर्यटकों की संख्या में संतुलित वृद्धि संभव है। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल अत्यंत समृद्ध है। ज्वालाजी, बज्रेश्वरी, चामुंडा देवी, नयना देवी, छिन्नमस्तिका, बैजनाथ शिवधाम, मणिकरण और पांवटा साहिब जैसे तीर्थस्थलों को रेल व सड़क नेटवर्क से जोड़कर धार्मिक पर्यटन को सशक्त किया जा सकता है। साथ ही गोबिंद सागर और पौंग झील में जल क्रीड़ाओं, तथा स्पीति, सोलंग और रोहतांग में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

अकादमिक, विरासत और सिनेमा पर्यटन भी हिमाचल के लिए नई संभावनाएं खोलते हैं। हालांकि, इन सभी प्रयासों के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति और पहाड़ी पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभावों का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। विवेकपूर्ण और सतत विकास ही हिमाचल पर्यटन को स्थायी पहचान दिला सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मतदाता नहीं, जागरूक मतदाता सुदृढ़ लोकतंत्र की नींव

हर साल की भांति इस साल भी देशभर में मतदाता दिवस मनाया गया। इस बार 16वें मतदाता दिवस पर ‘वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम’ थीम के साथ मनाया गया। वर्ष 2011 से रास्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 के उपलक्ष में मनाया जाता है।



डॉ. महिंदर सिंह
प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ब्रेही जिला चंबा (हि.प्र.)

भारतीय संविधान के अनुछेद 324 के तहत अपनी स्थापना से लेकर वर्तमान तक 77 वर्षों के सफर में इस स्थायी संवैधानिक निकाय ने विभिन्न सोपानों को पार करते हुए भारतीय लोकतंत्र की सजीवता, निरंतरता, विकास और सुदृढ़ता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। लोकतंत्र की संजीवनी विभिन्न प्रकार के चुनावों का अधीक्षण, निर्देशन, नियमन और नियंत्रण कर इस निकाय ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की गरिमा को बढ़ाया है। जहां तक इसके ढांचे का प्रश्न है तो 1989 तक यह एक सदस्यीय था तथा आरवीएस पेरीशास्त्री एक सदस्यीय चुनाव आयोग के अंतिम आयुक्त थे। विभिन्न विवादों से निपटकर ‘मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (सेवा और शर्तें) अधिनियम 1993’ सर्वाच्च न्यायलय के निर्णय के साथ 14 जुलाई 1995 को प्रभाव में आया तथा यह आयोग त्रिसदस्यीय बना । यह ढांचा वर्तमान तक जारी है।

संविधान का अनुच्छेद 326 भारत के नागरिकों जो अनिवास, चितविकृति, अपराध या भ्रष्ट आचरण के आधार पर अन्यथा आयोग्य न हो को मत देने का अधिकार प्रदान करता है। वहीं, अनुच्छेद 324 से 329 के विभिन्न प्रावधान संसद तथा राज्य विधान मंडल को निर्वाचन के संबंध में विधि बनाने का अधिकार प्रदान करते हैं। संविधान में इन निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 बनाए गए। विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों और जनप्रतिनिधित्व कानूनों में मतदाताओं को जो मत देने व निर्वाचन के संबंध में अन्य अधिकार प्रदान किए गए उनके सफल कार्यन्वयन और जन आत्मसातीकरण करवाने के लिए चुनाव आयोग हमेशा प्रयासरत रहा है। आयोग के प्रयासों से मतदान प्रतिशतता में सुधार भी हुआ है हालांकि नब्बे या सौ फीसदी मतदान का लक्ष्य अब भी काफी दूर जान पड़ता है। मतदान प्रतिशतता का बढ़ना एक शुभ लक्षण है, मगर एक स्वस्थ और सुदृढ़ लोकतंत्र पूर्ण भागीदारी के साथ-साथ समझदार और जागरूक मतदाता का भी मुखापेक्षी है कि मतदाता किसी भी प्रकार के दबाव, प्रलोभन और ध्रुवीकरण में अपनी समझ और जागरूकता का परिचय दे कर विखंडन आधारित नैरेटिवों से अपने आप को स्वतंत्र रखे।



यदि मतदाता दबाव या प्रलोभन में आ कर आंखें मूंदकर एक अयोग्य व्यक्ति को नीति नियंता की श्रेणी में ला देते हैं तो लोकतंत्र में उसकी भागीदारी औचित्यहीन हो जाएगी, क्योंकि भारत में चयन का आधार बहुमत प्रणाली है और आपका एक वोट भी किसी प्रत्याशी का भविष्य निर्धारित कर सकता है। यही कारण है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर चुनाव को समाज के सबसे पीडित् वर्ग का हथियार मानते थे और यह सर्वमान्य है कि हथियार सचेत हो कर न चलाया जाए तो कभी-कभी चलाने वाले के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। 61वें संविधान संशोधन 1989 में जब मतदान की आयु 21 से 18 वर्ष की गई तो अप्रत्यक्ष तौर पर देश इस नतीजे पर पहुंचा था कि शिक्षा ने काफी संचरण कर लिया है तथा 18 वर्ष का नया मतदाता कम से कम 12वीं कक्षा उतीर्ण कर एक अवधारणात्मक समझ का मालिक बन गया है।

वर्तमान समय में जब राजनीतिक दल धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर वोट बैंक बनाने में लगे हैं, तब मतदाता की जागरूकता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। चुनाव आयोग के स्वीप अभियान और स्कूलों के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रकरण : संत का स्वर या राजनीतिक शोर?

भारत की सनातन परंपरा में संतों का स्थान सदैव मार्गदर्शक का रहा है। समाज संकट में हो तो संत चेतावनी देते हैं, सत्ता भटके तो धर्म उसे मर्यादा का स्मरण कराता है, किंतु जब कोई संत स्वयं विवादों के केंद्र में आ जाए, तब प्रश्न केवल व्यक्ति का नहीं, संस्था और परंपरा की गरिमा का भी बन जाता है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का प्रकरण इसी द्वंद्व को उजागर करता है।

सबसे बड़ी त्रुटि यह है कि आध्यात्मिक प्रभाव का प्रयोग राजनीतिक टकराव और सार्वजनिक ध्रुवीकरण के लिए किया जा रहा है। संत का कार्य समाज को जोड़ना होता है, न कि उसे भावनात्मक रूप से बांटना। मंच से दिए गए बयान यदि तर्क से अधिक आवेश से संचालित हों, तो वे समाधान नहीं, बल्कि विवाद पैदा करते हैं।



शिशु गुप्ता
स्वतंत्र लेखक, चंबा

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद स्वयं को शंकराचार्य परंपरा का प्रतिनिधि बताते हैं। यह परंपरा केवल पद नहीं, बल्कि संयम, संतुलन और समन्वय का प्रतीक रही है, किंतु हालिया वक्तव्यों और गतिविधियों में जिस प्रकार तीखे राजनीतिक संकेत, टकरावपूर्ण भाषा और भावनात्मक उकसावे के स्वर दिखाई देते हैं, वे इस परंपरा की मूल भावना से मेल नहीं खाते।

यह स्वीकार करना होगा कि कई विषयों पर उनकी चिंता-चाहे वह गो-रक्षा हो, धर्मांतरण का प्रश्न हो या सनातन मूल्यों की रक्षा-समाज के एक बड़े वर्ग की भावनाओं से जुड़ी है।

इन विषयों पर विमर्श आवश्यक भी है, लेकिन विमर्श और उग्रता के बीच एक महीन रेखा होती है, जिसे पार करना किसी भी संत के लिए शोभनीय नहीं माना जा सकता। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की सबसे बड़ी त्रुटि यही प्रतीत होती है कि वे आध्यात्मिक प्रभाव को राजनीतिक टकराव का औजार बनाने की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं। इससे न केवल उनके कथनों की विश्वसनीयता प्रभावित होती है, बल्कि सनातन परंपरा को भी अनावश्यक विवादों में घसीटा जाता है। संत का कार्य समाज को जोड़ना होता है, न कि उसे ध्रुवीकृत करना। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक मंचों पर दिए गए कुछ बयान तथ्यात्मक संतुलन से अधिक भावनात्मक आवेश से प्रेरित प्रतीत होते हैं। आज के डिजिटल युग में शब्द केवल शब्द नहीं रहते-वे समाज में तनाव या संवाद, दोनों में से किसी एक का कारण बन सकते हैं। इस जिम्मेदारी को समझना विशेषकर उन लोगों के लिए आवश्यक है, जिन्हें लाखों लोग श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। यह भी स्मरणीय है कि शंकराचार्य परंपरा ने सदैव सत्ता से संवाद किया है, संघर्ष नहीं। आदि शंकराचार्य से लेकर आधुनिक काल तक, इस परंपरा की शक्ति तर्क, ज्ञान और संयम रही है-न कि सड़क की भाषा या मंचीय उत्तेजना।



अत: आवश्यकता इस बात की है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद आत्ममंथन करें। यदि वे सचमुच धर्म और समाज की चिंता करते हैं, तो उन्हें अपनी वाणी और मंच-दोनों की मर्यादा पुन: स्थापित करनी होगी। आलोचना का अधिकार सबको है, परंतु संत की आलोचना शास्त्रसम्मत और समाजोपयोगी होनी चाहिए, न कि विवादप्रिय।

यह प्रकरण एक चेतावनी भी है-संतों के लिए, समाज के लिए और राजनीति के लिए भी। यदि धर्म का उपयोग तात्कालिक उत्तेजना के लिए होगा, तो दीर्घकाल में उसकी ही विश्वसनीयता संकट में पड़ जाएगी। सनातन की रक्षा शोर से नहीं, संयम और विवेक से होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# लाखों का गबन, पंचायत प्रधान और उपप्रधान समेत 3 वार्ड पंच निलंबित

## सुधराणी पंचायत का मामला: जिला पंचायत अधिकारी ने जारी किए निलंबन के आदेश

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** मंडी जिले की विकास खंड बालीचौकी की ग्राम पंचायत सुधराणी में विकास कार्यों में लाखों के घोटाले के आरोप में पंचायत प्रधान और उपप्रधान समेत 3 वार्ड पंच निलंबित कर दिए हैं।

यह आदेश मंगलवार को जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने जारी किए हैं। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता चुन्नी लाल की शिकायत के आधार पर जांच पूरी होने के बाद जिला पंचायत अधिकारी ने की है, जो उनके कार्यकाल से 4 दिन पहले की गई है। वहीं अब मामले में 2 पंचायत सचिव और 3 तकनीकी सहायक भी जांच के दायरे में आए हैं, जिन पर ग्रामीण विकास विभाग अलग से कार्रवाई करेगा। अब ऐसे में उन पर जल्द गाज गिर सकती है। जिला पंचायत अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि संबंधित पदाधिकारियों के कब्जे में अगर कोई पंचायत अभिलेख या पंचायत की चल व अचल सम्पत्ति है उसे जल्द ही संबंधित पंचायत सचिव के हवाले करना होगा। उधर मामले की पुष्टि जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने की है।

### क्या था पूरा मामला

**बता** दें कि ग्राम पंचायत सुधराणी में विकास कार्यों में धांधली को लेकर स्थानीय निवासी चुन्नी लाल ने मई 2025 को विकास खंड अधिकारी को एक शिकायतपत्र सौंपा था। जिसके बाद विभाग ने एक जांच कमेटी का गठन किया। जिसमें कमेटी द्वारा बीडीओ को सौंपी रिपोर्ट में सभी को दोषी पाया गया। इसके बाद नवम्बर 2025 को बीडीओ द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया जिस पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके चलते जिला पंचायत अधिकारी ने 27 जनवरी 2026 को उन्हें निलंबित कर दिया है।

### ◆ शिकायतकर्ता चुन्नी लाल की शिकायत के आधार पर कार्रवाई

**मेरे** ऊपर लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार है। मुझे पंचायती राज प्रक्रिया से कुछ लोग दूर रखना चाहते हैं। ताकि मैं आगामी पंचायतीराज चुनावों में भाग न ले सकूं। निलंबन के खिलाफ शीघ्र न्यायलय में जाउंगा।

**-संतराम, पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं निलंबित उपप्रधान ग्राम पंचायत सुधराणी।**

**शिकायतकर्ता** चुन्नी लाल की शिकायत के आधार पर एक जांच कमेटी का गठन किया गया था। जिसमें लगभग डेढ़ दर्जन स्कीमों में प्रथम दृष्टि में अनियमितताओं का खुलासा हुआ। जिसकी रिपोर्ट जिला पंचायत अधिकारी के संज्ञान में प्रेषित की गई थी। इस पूरे मामले के उपरांत अब उक्त पदाधिकारियों को सभी सरकारी अभिलेख एवं मोहर इत्यादि जमा करने के आदेश दे दिए गए हैं।

**-बबनेश चड्ढा, बीडीओ बालीचौकी।**

## सुंदरनगर में युवक से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सुंदरनगर की गश्त टीम ने बीबीएमबी मार्ग बस अड्डा सुंदरनगर के समीप देवव्रत पुत्र रवि शर्मा निवासी मोती बाजार मंडी तहसील सदर जिला मंडी के कब्जे से तीन ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना सुंदरनगर में अभियोग पंजीकृत कर उसे विधि अनुसार पाबंद किया गया है तथा मामले में आगामी अन्वेषण जारी है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने पुष्टि की है।

## चालान कर वसूला 1200 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 282 चालान, कोटपा के अंतर्गत बारह चालान, 1200 रुपए जुर्माना तथा माइनिंग एक्ट के अंतर्गत एक चालान किया है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों, तंबाकू नियंत्रण और अवैध खनन पर निगरानी लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने पुष्टि की है।

# अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव: वॉयस ऑफ शिवरात्रि और सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन 3 फरवरी से

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी 2026 के तहत वॉयस ऑफ शिवरात्रि के टॉप 10 के चयन तथा महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए नवोदित कलाकारों के गायन एवं नृत्य ऑडिशन 3 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने दी। सभी ऑडिशन मंडी के पड्डल मैदान स्थित युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के टेबल टेनिस हॉल में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक होंगे। इसके अतिरिक्त, विशेष बच्चों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पहली बार स्पेशल चाइल्ड हंट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के गायन व नृत्य ऑडिशन 2 फरवरी को एक ही दिन लिए जाएंगे।

3 फरवरी को मंडी सदर, कोटली, बालीचौकी व धर्मपुर के कलाकारों के ऑडिशन होंगे। 4 फरवरी को बल्ह, सरकाघाट, पधर व जोगिंद्रनगर के कलाकारों के ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे। 5 फरवरी को करसोग, गोहर, सुंदरनगर व थुनाग उपमंडलों के कलाकार ऑडिशन देंगे। 6 फरवरी को अन्य जिलों के कलाकारों के ऑडिशन होंगे। 7 फरवरी को केवल नृत्य (शास्त्रीय, लोक व समकालीन) के प्रतिभागियों के ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मंडी जिला सहित अन्य सभी जिलों के कलाकार भाग ले सकेंगे।

### वॉयस ऑफ शिवरात्रि की पात्रता व प्रारूप

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने बताया कि वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए आवेदक की आयु 1 जनवरी 2026 को 16 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रतियोगिता में केवल एकल (सोलो) गायन रखा गया है व युगल गीत, समूह गान अथवा अन्य समूह प्रस्तुतियां इसमें शामिल नहीं होंगी। प्रदेश के प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

### विजेता प्रतिभागियों को मिलेगा नकद पुरस्कार

**वॉयस** ऑफ शिवरात्रि का फाइनल महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में सेरी मंच पर आयोजित किया जाएगा और उसी दिन विजेता की घोषणा की जाएगी। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बेस्ट स्टेज परफॉर्मर तथा मोस्ट यूनिक वॉयस के पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जबकि फाइनल राउंड के सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### पिछले वर्ष के विजेताओं को विशेष अवसर

**पिछले** वर्ष वॉयस ऑफ शिवरात्रि में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बिना ऑडिशन के सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति का अवसर मिलेगा।

**आवेदन प्रक्रिया:** इच्छुक कलाकार अपने आवेदन अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में सीधे या ईमेल adcmandi@gmail.com के माध्यम से जमा कर सकते हैं। वहीं दिव्यांग बच्चों के ऑडिशन के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में या कार्यालय की ईमेल पर जमा करवाए जा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभावितों के लिए जन सुनवाई 25 व 27 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिंदरनगर मनीश चौधरी ने बताया कि ब्यास नदी पर हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 191 मेगावाट क्षमता की थाना प्लौंन जल विद्युत परियोजना के प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए जन सुनवाई 25 और 27 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। परियोजना के तहत भूमि मालिकों और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के लिए FCTLARR Act, 2013 की धारा 16 के तहत पुनर्वास योजना का प्रारूप तैयार किया गया है। बनारु अबल, बनारु दोम और बनोगी गांवों के प्रभावितों की सुनवाई 25 फरवरी को बनारु अबल में और चरोंझ, रोपड़ू, बल्ह एवं बनवार गांवों की सुनवाई 27 फरवरी को चरोंझ में होगी।

### जोगिंद्रनगर में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र में विद्युत रखरखाव कार्य के चलते 29 जनवरी को कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 132 केवी बीबी स्टिच यार्ड, बस्सी पावर हाउस में पुराने इंसुलेटर बदले जाने का कार्य किया जाना है, जिसके चलते यह शटडाउन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 33 केवी बस्सी मकरीड़ी, बस्सी मारंडा, बस्सी गवाली तथा 11 केवी बस्सी जोगिंदर नगर, बस्सी मझारनू, बस्सी बालक रूपी, बस्सी कॉलोनी और 11 केवी बस्सी छपरोट फीडरों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक तथा शाम पांच बजे से छह बजे तक, या कार्य पूर्ण होने तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### बैहना और छछोल में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत अनुभाग गुटकर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बैहना, गलियां बैहना, छछोल, रोपा तथा इनके आसपास के क्षेत्रों में 30 जनवरी को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवधान 11 के.वी. लाइन पर पुरानी तारों को नई तारों से बदलने तथा नए फोर पोल स्ट्रक्चर के निर्माण एवं स्थापना कार्य के चलते रहेगा। यदि मौसम खराब रहता है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विद्युत उप-विभाग मंडल-2, मंडी के सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### गणतंत्र दिवस पर महिला पुलिस कर्मी सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अथर्व यूनिवर्सिटी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। अथर्व यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं कुलपति सुनील राणे ने पुलिस बल की कर्तव्यनिष्ठ 10 महिला पुलिस कर्मियों को अत्याधुनिक लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया। डिजिटल युग में उनकी कार्यक्षमता को और सशक्त बनाने तथा तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से यह सराहनीय पहल की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज में अपने उल्लेखनीय कार्यों के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाने वाली महिला पुलिस कर्मियों का सम्मान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील राणे ने कहा, 77वें गणतंत्र दिवस पर हम महिला पुलिस कर्मियों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हैं।

# गुरुकोठा सब पोस्ट ऑफिस स्थानांतरण के विरोध में उबाल, दर्जनों पंचायतों ने लगाई रोक की गुहार

### ◆ अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव चमन राही ने केंद्र सरकार से की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पिछले 75 वर्षों से स्थापित सब पोस्ट ऑफिस गुरुकोठा को लेदा स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के विरोध में कोठी पंचायत, बैरी पंचायत, लुहाखर पंचायत, बरस्वाण पंचायत, सिध्याणी पंचायत, खिलड़ा, धारंडा आदि पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर चीफ पोस्टमास्टर जनरल शिमला को प्रेषित किया है, वहीं दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर इस स्थानांतरण का कड़ा विरोध जताया है।



अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पंचायतों की मांग को ध्यान में रखते हुए सब पोस्ट ऑफिस गुरुकोठा को लेदा स्थानांतरण से रोका जाए। उन्होंने बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि इस मामले को लोगों की सुविधा के अनुरूप सुलझाया जाए तथा चुनाव में लिए गए वोटों का फर्ज निभाया जाए। चमन राही ने यह भी कहा कि बल्ह विधायक दिल्ली जाकर मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रणौत से मिलें और मामला भारत सरकार के समक्ष रखें ताकि समय रहते जनभावनाओं के अनुरूप उचित निर्णय हो सके। उपभोक्ताओं ने प्रवर अधीक्षक वृत्त मंडी को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि सब पोस्ट ऑफिस गुरुकोठा को स्थानांतरित किया गया तो करोड़ों रुपये निकालकर बैंकों में जमा करवा दिए जाएंगे और पोस्ट ऑफिस में लेन-देन बंद कर दिया जाएगा।

स्थानीय लोगों दलीप सिंह, प्रेम सिंह, यशोधा देवी, हिमाचली देवी, सरोज कुमारी, घनश्याम आदि ने कहा कि स्थानांतरण से 400 से अधिक स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, मजदूरों, कर्मचारियों सहित पैन कार्ड व आधार कार्ड अपडेट करवाने वाले लोगों को पते बदलवाने की मजबूरी होगी, जिससे सरकारी धन की बर्बादी और महीनों तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। चमन राही ने कहा कि गुरुकोठा में पोस्ट ऑफिस भवन निर्माण के लिए जमीन की नकल व ततीमा आदि दस्तावेज पहले ही जमा करवाए जा चुके हैं और भारत सरकार, मंडी सांसद तथा बल्ह विधायक अपनी निधि से निर्माण के लिए धन उपलब्ध करवाकर बगड़ा बल्ह क्षेत्र की हजारों की आबादी को राहत दें।

# बर्फबारी से छोटा भंगाल-चौहार घाटी में जनजीवन ठप

## दुर्गम गांवों में गिरी 1-2 फुट बर्फ, बोचिंग-रुलिंग, बरोट-मयोट सड़कें बंद

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल व चौहार घाटी में बुधवार को मौसम साफ रहने से लोगों ने धूप का आनंद लिया, जबकि 23 जनवरी की रात भारी हिमपात से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन धीरे पटरी पर लौट रहा था, पर मंगलवार रात ताजा हिमपात से दुर्गम गांवों में जनजीवन फिर ठहर गया। जानकारी अनुसार निचले भाग के मुख्य बाजार मुल्थान व बरोट में चार इंच तथा दुर्गम गांवों में एक से दो फुट बर्फ गिरी। चौहारघाटी के बोचिंग-रुलिंग, बरोट-मयोट, थल्टुखोड़-मढ़ तथा छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान-बडाग्रां, मुल्थान-लोहारड़ी सड़क मार्गों पर यातायात बंद है। मार्ग अवरुद्ध होने से लोगों को कठिनाई हो रही है। दुर्गम गांवों में ताजा बर्फबारी से बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। विद्युत विभाग व लोकनिर्माण विभाग सड़कें और बिजली बहाल करने में जुटे हैं।



छोटा भंगाल और चौहार घाटी में हुए ताजा हिमपात का दृश्य। अनंत ज्ञान

### पंडोह-गोहर सड़क लैंडस्लाइड से बंद, हजारों लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, बालक राम, पंडोह।** भारी बारिश में पंडोह-गोहर सड़क मार्ग लैंडस्लाइड के कारण बुधवार को बंद रहा। बता दें कि इस सड़क मार्ग की चौड़ाई का कार्य इन दिनों जोरों पर चल रहा था। जैसे ही मौसम ने करवट ली और मंगलवार को पुरी रात जम कर बारिश होने से पंडोह के साथ राफी मोड़ पर बडा लैंडस्लाइड होने से बड़ी चट्टानों ने सड़क मार्ग अवरुद्ध कर दिया। बुधवार सुबह 6 बजे के करीब यह लैंडस्लाइड हुआ है। गनीमत रही कि उस वक्त कोई वाहन या राहगीर इस की चपेट में नहीं आया। लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क चौड़ीकरण में जुटी ठेकेदार की एल एनटी के सहयोग से शाम 5-15 बजे तक इस सड़क मार्ग को केवल छोटे वाहनों के लिए ही सुचारू कर सके। बता दें कि चट्टानें बहुत बड़ी बड़ी है जिन्हें केवल ब्लास्ट से ही हटाया जा सकता है। उम्मीद की जा रही है कि वीरवार शाम तक ही इस सड़क मार्ग पर बसों की आवाजाही हो सकेंगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता नवीन कुमार ने बताया कि विभाग ने बड़े प्रयास इन चट्टानों को हटाने के किए मगर तब भी सड़क मार्ग को बसों के लिए सुचारू नहीं कर पाए। वीरवार को पुनः प्रयास किए जाएंगे। ध्यान देने वाली बात है कि इस सड़क के चौड़ाई का कार्य चल रहा है जिससे पक्की पहाड़ियों बारिश में सड़क अवरुद्ध का कारण बनती रहेगी। इससे 5 दिन पहले भी इसी सड़क के छपराहण के अगले मोड़ पर एक निजी बस लैंडस्लाइड से बाल-बाल बची है। बरसात में यह सड़क मार्ग सबसे ज्यादा परेशानी का कारण बनेगा। सड़क बंद से हजारों लोग और स्कूल कॉलेजों में जाने वाले बच्चे परेशान हुए हैं।

# मनरेगा कानून की बहाली के लिए 12 को सरकाघाट में करेंगे प्रदर्शन: भूपेंद्र

अनंत ज्ञान



मनरेगा कानून की बहाली के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मनरेगा कानून को निरस्त करने के खिलाफ सीटू से सबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन 12 फरवरी को सरकाघाट में प्रदर्शन करेगी। जिसके चलते यूनियन ने ग्राम पंचायत सधोट के गांव धनराशी, बाहरू, मोरतन और कटेतेहड़ा में मनरेगा मजदूरों के साथ बैठकें आयोजित की, जिसमें सीटू के ज़िला प्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, खंड प्रधान करतार सिंह चौहान, महासचिव प्रकाश वर्मा, किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, सचिव बाला राम ने भाग लिया। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2005 में बने मनरेगा कानून को खत्म करके नया कानून लाया है। जिसके चलते अब मनरेगा में रोजगार की गारंटी खत्म कर दी गई है। कार्यों के निर्धारण का अधिकार जो ग्राम पंचायतों को था उसे समाप्त कर दिया है और अब केंद्र सरकार ही कार्यों का निर्धारण करेगी और काम की गारंटी के रूप में सबसे बड़ी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी उसे भी घटा दिया गया है और अब नए कानून में 40 प्रतिशत बजट राज्य सरकारों को देना होगा। अगर राज्य सरकारें अपना हिस्सा नहीं देगी तो केंद्र सरकार भी अपना हिस्सा जारी नहीं करेगी और कुल मिलाकर राज्यों की खराब वित्तिय स्थिति के अनुसार मजदूरों को काम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार शुरू से ही मनरेगा योजना को बंद करना चाहती थी और उसके पिछले दस सालों में भी आवश्यकता से 50 प्रतिशत बजट ही उपलब्ध करवाया है जिसके कारण वर्तमान में 50-60 दिन का ही काम मनरेगा जॉबकार्ड धारकों को मिल रहा था और अब जब केंद्र ने अपनी हिस्सेदारी पहले से आधी कर दी है तो अब तो केवल नाममात्र का ही काम मिलेगा। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यूनियन विरोध प्रदर्शन में मज़दूरों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चला रही है।

# स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में घाटी की पंचायतों का कड़ा रुख

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया के विरोध में जन प्रतिनिधियों ने कड़ा रुख अपनाया है। मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी, पूर्व बीडीसी सदस्य कमलेश कुमारी, लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर, बरोट पंचायत के प्रधान रमेश ठाकुर, लपास पंचायत के प्रधान रमेश चंद, बरोट पंचायत के पूर्व प्रधान सुभाष ठाकुर सहित बलदेव सिंह, वजिंद्र सिंह, प्रकाश कुमार आदि ने कहा कि यह योजना बिजली वितरण के निजीकरण, सब्सिडी बंद, कर्मचारियों की छंटनी व पेंशन समाप्ति की शुरुआत है। उनका कहना है कि बिजली आपूर्ति अधिनियम 1948 व राज्य बिजली बोर्ड से जुड़े सिद्धांत सामाजिक व आर्थिक विकास पर आधारित रहे हैं, जबकि स्मार्ट मीटर प्रीपेड-पोस्टपेड प्रणाली से रिचार्ज खत्म होते ही चेतावनी के बाद बिजली काट देंगे। इससे गरीब व मध्यम वर्ग पर बार-बार रिचार्ज का बोझ पड़ेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि घाटियों में स्मार्ट मीटर लगाने की कोशिश हुई तो कड़ा विरोध कर इन्हें नहीं लगने देंगे तथा सरकार से पुराने मीटर यथावत रखने की मांग की।

# इष्ट देवता स्थापना समारोह में सामाजिक एकता और जनजागरण का दिया संदेश



क्षत्रिय संघ जिला मंडी हिमाचल के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** राजपूत समुदाय कल्याण सभा कोटकहलूर तहसील नैना देवी जी जिला बिलासपुर के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ठाकुर सेवानिवृत्ति तहसीलदार के आमंत्रण पर उनके गांव खुलवी में इष्ट देवता स्थापना समारोह आयोजित हुआ, जिसमें क्षत्रिय संघ जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के सचिव राजेंद्र पॉल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाल चौहान, मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्ति एसएचओ भगत राम तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने मंदिर में इष्ट देवता को नमन कर आशीर्वाद लिया, भजन-कीर्तन में सहभागिता की और स्थापना उपरांत सैकड़ों ग्रामीणों सहित देव प्रांगण में पंगत भोजन ग्रहण किया।

कार्यक्रम के बाद राजपूत समुदाय कल्याण सभा कोट कहलूर जिला बिलासपुर के पदाधिकारी व गणमान्य सदस्यों तथा क्षत्रिय संघ जिला मंडी के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में क्षत्रिय समाज के उत्थान व विकास पर चर्चा हुई। उपस्थित बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई तथा जरूरतमंद, असहाय, गरीब व बीमार लोगों की सहायता हेतु रक्तदान कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के ब्लड बैंक में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

# हिमाचल में जनता त्रस्त और सीएम सुक्खू के चहेते मस्त: अजय ठाकुर

### ◆ कहा- गरीबों पर कहर बरपा रही कांग्रेस सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गरीबों के ऊपर कहर बरपा रही है। कांग्रेस ने बीपीएल श्रेणी के लिए जो नियम बदलें हैं, उससे बड़ी संख्या में गरीब इस श्रेणी से बाहर हो जाएंगे। जिससे उन्हें मिलने वाली सुविधाएं बंद हो जाएंगी और उनका जीवन कठिन हो जाएगा। इस कदम की कड़ी निन्दा हो रही है, गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



अजय ठाकुर ने कहा कि गरीबी हटाओ का नारा देकर कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश सरकार गरीबों को हटाने का काम कर रही है। प्रदेश सरकार युवा विरोधी है ,यह सरकार रोजगार समाप्त करके, अपने मित्रों को सरकारी खजाने से लाभ देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने सरकारी खजाने के ऊपर बोझ डालकर दर्जनों सलाहकार भर्ती कर लिए हैं, लेकिन किसी एक सलाहकार की भी सलाह प्रदेश के हित में नहीं आई। इससे यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस का काम केवल अपनों को लाभ पहुंचाना है। अजय ठाकुर ने कहा कि साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार की नीतियों से लगातार महंगाई बढ़ी है जिससे जन-जीवन कठिन हो गया है। कांग्रेस सरकार ने रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाई, डीजल पर वैट बढ़ाया, एचआरटीसी बस किराये कई गुना बढ़ाए और यात्रियों को मिलने वाली छूट समाप्त कर दी। कैग की रिपोर्ट ने हाल में राजस्व हानि सहित कई कमियों की ओर इशारा किया था। प्रदेश सरकार का विजन जन-केंद्रित न होकर, अपने चुनिंदे लोगों पर केन्द्रित है। वह केवल अपने लोगों को लाभ पहुंचाना चाहती है, चाहे उसके लिए भ्रष्टाचार ही क्यों न करना पड़े।

## स्पर्धा | मंडी में पतंग प्रतियोगिता आयोजित, महापौर ने विजेताओं को किया सम्मानित

# पड्डल मैदान में प्रतिभागियों ने उड़ाए पतंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम मंडी एवं को.ऑपरेटिव बैंक के सहयोग से पड्डल मैदान (झूला मैदान) में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पतंग प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को नशे तथा अन्य सभी प्रकार के नशों से दूर रहने के लिए जागरूक करना एवं उन्हें खेलकूद तथा स्वस्थ मनोरंजन की गतिविधियों की ओर प्रेरित करना था। इस अवसर पर महापौर द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशा विरोधी शपथ भी दिलाई गई।



पतंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए महापौर मंडी नगर निगम। अनंत ज्ञान

महापौर ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए समय रहते जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है। खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधिआं प्रतियोगिताएं और स्वस्थ मनोरंजन बच्चों को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। जब बच्चे मैदान में खेलते हैं व अपनी प्रतिभा दिखाते हैं और समाज से जुड़ते हैं तो वे नशे जैसी बुराइयों से स्वाभाविक रूप से दूर रहते हैं। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे तथा उससे अधिक आयु वाले बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों द्वारा प्रतियोगिता में बढ़. चढ़कर भाग लिया। इसमें लगभग 10 स्कूलों के विधार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 से अधिक बच्चों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें 16 वर्ष से कम वर्ग में प्रथम एकदश पुत्र फरीद अहमद द्वितीय आरयन पुत्र विश्वनाथ व तृतीय शिव भाटिया पुत्र प्रकाश ने स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष की कम छात्रा वर्ग में एकमात्र लड़की श्रुति पुत्री राकेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम स्थान अनिल कुमार पुत्र श्याम लाल, द्वितीय अभय पुत्र मनी राम ने स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगण, नगर आयुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सहायक अभियंता नरेश, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया व निगम के अन्य कर्मचारियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठनों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# विंटर क्वीन स्नेहा शर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा ने विंटर क्वीन-2026 का खिताब जीतने पर आज यहां स्नेहा शर्मा को सम्मानित किया। उन्होंने हिमाचली परंपरा के अनुरूप शॉल-टोपी पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर शशि शर्मा ने कहा कि मंडी शहर की होनहार बेटी स्नेहा ने इस वर्ष के विंटर कॉर्निवल, मनाली में विंटर क्वीन का खिताब हासिल कर अपने माता-पिता सहित मंडी शहर व जिला का नाम रौशन किया है। आज के युग में बेटियां हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं जो सरकार सहित विविध स्तर पर महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी सार्थक करता है। उपाध्यक्ष ने कहा कि स्नेहा शर्मा की कड़ी मेहनत व लगन से आज उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने स्नेहा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके परिजन एवं सफलता के इस सोपान तक पहुंचने में मददगार बने सभी लोग भी बधाई के पात्र हैं।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### मुकेश करेंगे बढ़ेड़ा पंचायत घर भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दोपहर 12 बजे बढ़ेड़ा में नवनिर्मित पंचायत घर भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में रहेगा। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### आज लठियानी फीडर में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** वीरवार 29 जनवरी 2026 दिन वीरवार को 11 केवी लठियानी फीडर के आवश्यक रख-रखाव हेतु इस फीडर के अन्तर्गत आने वाले गांवों जैसे लठियानी, त्यासर, जलग्रां, राजली बनियाला, रछोह, मतोह, डरोह, बुधान, कोहडरा व साथ लगने वाले गांव की विद्युत सप्लाई सुबह साढ़े दस बजे से लेकर 2 बजे तक अस्थाई रुप से बन्द रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य किसी वजह से अगर मुरम्मत का काम नहीं हो पाता है तो यह काम आगे के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। विद्युत उप-मण्डल, बंगाणा के सहायक अभियंता जोगिन्द्र सिंह कौशल ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### हाथ के संकेतों का महत्व व उपयोग समझाया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना में आयोजित पांच दिवसीय प्रवेश कैंप के दूसरे दिन विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रातः सत्र में रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस ने प्रतिभागियों को सीटी और हाथ के संकेतों का महत्व और उपयोग समझाया। इसके बाद गवर्नमेंट कॉलेज अंब से आए डॉ. राजेश ठाकुर ने 'सामुदायिक सेवा' पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। शाम के सत्र में प्रो. विकास सैनी ने महिलाओं और बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार पर विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श किया। रेंजर शिल्पा सोढ़ी और रोवर अभिषेक ने यूनिफॉर्म संबंधी जानकारी दी। दिन का समापन कैंप फायर और पारंपरिक खेलों, लोकगीतों के माध्यम से सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ हुआ। प्रवेश कैंप का दूसरा दिन ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और सांस्कृतिक रूप से सफल रहा।

### अजय ने अजीत पवार की मृत्यु पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग एवं प्रदेश युवा मोर्चा के कार्यकारणी सदस्य अजय ठाकुर ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। बुधवार सुबह बारामती में चार्टर्ड विमान के लैंडिंग के दौरान क्रैश-लैंड होने से पवार और उनके साथ सवार चार अन्य लोग मारे गए। अजय ठाकुर ने कहा कि पवार एक सरल स्वभाव और जनता के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की। अजीत पवार महाराष्ट्र के प्रभावशाली राजनेता थे और लंबे समय तक राज्य के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से राजनीति जगत और आम जनता में शोक की लहर है।



ऊना के लिए बड़ी उपलब्धि...पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना को मॉडल यूथ ग्राम सभा में राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रथम पुरस्कार। 1 करोड़ का मिला पुरस्कार। पुरस्कार पाने वाले छात्र व कार्यक्रम आयोजक मुख्यातिथि के साथ। अनंत ज्ञान

### विधायक ने अजीत पवार की मृत्यु पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने देश के एनसीपी नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बुधवार सुबह बारामती में एक विमान दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। उनके साथ चार अन्य लोग भी इस दुर्घटना में मारे गए हैं। यह हादसा तब हुआ जब उनका चार्टर्ड विमान बारामती हवाईअड्डे पर लैंडिंग की कोशिश के दौरान क्रैश-लैंड हो गया और आग की लपटों में बदल गया। विमान में उपमुख्यमंत्री के अलावा उनके सुरक्षा कर्मी, एक सहायक एवं दो पायलट सवार थे और सभी की मौके पर ही मौत हो गई। विधायक विवेक शर्मा ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में बड़े व कर्मठ नेताओं का इस संसार से जाना अत्यंत दुखद है। विवेक शर्मा ने कहा कि वे कई बार दिल्ली में अजीत पवार से मिले और उन्हें एक सरल स्वभाव और जनता के सेवक के रूप में जाना। उन्होंने डिप्टी सीएम अजीत पवार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की।

### सुदेश ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में सुदेश कुमार मोक्ता को सचिव पद पर तैनात किया गया है। इससे पहले वह विशेष सचिव उद्योग व गृह विभाग के पद पर तैनात थे। इस महत्वपूर्ण पदोन्नति के बाद, सुदेश मोक्ता ने अपनी नई जिम्मेदारी शुरू करने से पहले, माता श्री चिंतपूर्णी के पवित्र दरबार में हाजिरी भरी और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में पुजारी नव कालिया ने विशेष रूप से पूजा-अर्चना की और सुदेश मोक्ता के उज्ज्वल भविष्य और प्रदेश की सेवा में सफलता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा भी मौजूद रहे, जिन्होंने सुदेश मोक्ता को माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### स्लोगन लेखन में अंजलि प्रथम, आस्था द्वितीय

**अनंत ज्ञान, बद्दूही।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकोली में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान भाषण, क्विज, स्लोगन लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। भाषण प्रतियोगिता में जमा दो की आस्था शर्मा प्रथम और दसवीं कक्षा की निष्ठा द्वितीय रहीं। क्विज प्रतियोगिता में आस्था शर्मा, अदिति, मोनिका और मीनाक्षी ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्लोगन लेखन में अंजलि प्रथम, आस्था ठाकुर द्वितीय और अक्षिता तृतीय रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में अदिति ने प्रथम, ईशका द्वितीय और वृंदा तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज सतीश कुमार, प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे और विजेताओं को पुरस्कार देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# बारिश से किसानों को राहत, खेतों में जलभराव बना चिंता का कारण

अनंत ज्ञान



खेतों में खड़ा हुआ बारिश का पानी। अनंत ज्ञान

**बड्डूही/ऊना।** पिछले दो दिनों से हो रही लगातार तेज बारिश ने क्षेत्र के किसानों को एक ओर बड़ी राहत दी है, तो दूसरी ओर कुछ स्थानों पर खेतों में जलभराव की समस्या भी खड़ी कर दी है।

बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिले हैं क्योंकि रबी फसलों, विशेषकर गेहूं के लिए पर्याप्त नमी उपलब्ध हो गई है। हालांकि, कई खेतों में करीब एक फीट तक पानी जमा हो जाने से फिलहाल कृषि कार्यों में बाधा आ रही है। टकारला गांव के किसान निर्मल सिंह, सोनी शर्मा, रवि शर्मा, रबी ठाकुर सहित चूरूडू के किसान संदीप ठाकुर, चनन सिंह, विनय शर्मा, सुरजीत सिंह और अशोक कुमार का कहना है कि इस बारिश से खेतों में भरपूर मात्रा में पानी जमा हो गया है। इसके चलते अब आने वाले लगभग एक महीने तक गेहूं की फसल को सिंचाई की जरूरत नहीं पड़ेगी, जो किसानों के लिए बड़ी राहत है और लागत में भी कमी आएगी। किसानों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण खेतों में नमी अत्यधिक बढ़ गई है। स्थिति यह है कि खेतों के बीच चलना मुश्किल हो गया है और पांव खेतों में धंस रहे हैं। ऐसे में फिलहाल खाद डालने या दवा के छिड़काव जैसे जरूरी कार्य भी नहीं किए जा सकते। किसानों के अनुसार इन कार्यों के लिए उन्हें कम से कम दो से तीन दिन इंतजार करना पड़ेगा, ताकि खेतों की नमी कुछ कम हो सके और जमीन पर चलना संभव हो। किसानों ने यह भी बताया कि गत रात्रि पूरी रात और 27 जनवरी को पूरा दिन बहुत तेज बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों के खेतों में पानी भर गया। हालांकि, यदि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहता है और लगातार धूप निकलती है, तो फसलों को इसका लाभ मिलेगा और जलभराव की समस्या भी धीरे-धीरे कम हो जाएगी। कुल मिलाकर, यह बारिश फसलों के लिए वरदान साबित हो सकती है, बशर्ते मौसम जल्द खुल जाए। किसान अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि आने वाले दिनों में तेज धूप निकले, ताकि खेतों की अतिरिक्त नमी सूख सके और वे समय पर खाद व दवा का छिड़काव कर फसलों की अच्छी बढ़वार सुनिश्चित कर सकें।

## राकेश वालिया को मिलेगा इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** लाडली फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर व उपाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने बताया कि रिजिनल वॉटर स्पोर्ट्स पोंग डैम के प्रभारी व अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान मनाली के डिप्टी डायरेक्टर राकेश वालिया को हिमाचल के वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा। राकेश कुमार वलिया अपने विभाग से संबंधित विभिन्न वॉटर स्पोर्ट्स को हिमाचल में बढ़ावा दे रहे हैं। हिमाचल के युवाओं को स्विमिंग, कायाकिंग, राफ्टिंग ड्रैगन बोट, सेलिंग आदि वाटर स्पोर्ट्स में बढ़ावा देने के लिए उन्हें स्पोर्ट्स कोटे के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। लाडली फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष शालू ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान में लगभग 29 वर्षों से अपने जुझारू सेवाएं देने के लिए हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में राकेश वालिया को 31 जनवरी को रीजनल वाटर सेंटर पोंग डैम में इंडियन एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा।

## मैहतपुर में जेम पोर्टल और बिजनेस प्लानिंग पर मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उद्यमियों, स्टार्टअप्स तथा सूक्ष्म एवं लघु व्यवसायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सर्विस बिल्डिंग, औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रदेश के उद्योग विभाग द्वारा नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज के माध्यम से आयोजित की गई थी।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु उच्च कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक सत्र लिए गए। आरएएमपी की डिप्टी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी ठाकुर ने बिजनेस प्लानिंग एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर जबकि जेम (जीईएम-गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) विषय पर पुनीत बख्शी ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र, ऊना के अधिकारी एवं कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को जेम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया, टेंडरिंग सिस्टम, उत्पाद लिस्टिंग, भुगतान प्रणाली तथा सरकारी खरीद प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही बिजनेस प्लानिंग के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारण, बाजार विश्लेषण, रणनीति निर्माण तथा जोखिम प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन किया गया। फाइनेंशियल मैनेजमेंट सत्र में बजटिंग, कैश फ्लो प्रबंधन, लागत नियंत्रण, लाभ-हानि विश्लेषण तथा निवेश की प्रभावी योजना बनाने के व्यावहारिक तरीकों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला में ऊना जिले के लगभग 43 उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। आयोजकों ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं एवं उद्यमियों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से व्यापार के नए अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें।

## आपदा मित्र संदीप का हुआ सम्मान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** बुधवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरवाईं ने आपदा मित्र संदीप कुमार (निवासी डुहल बंगवाला) को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। स्कूल प्रिंसिपल ने हाल ही में आई आपदा के दौरान उनके उत्कृष्ट योगदान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की। प्रशंसा पत्र में संदीप कुमार द्वारा आपदा प्रबंधन में दिखाए गए असाधारण नेतृत्व, त्वरित कार्रवाई और संसाधनशीलता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने प्रभावित समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, राहत प्रयासों के समन्वय और जरूरतमंदों को तत्काल सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे आपदा का प्रभाव कम हुआ। संदीप के निस्वार्थ भाव, साहस व सामुदायिक सेवा के प्रयासों ने दूसरों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किया है। गवर्नमेंट स्कूल भरवाईं परिवार ने उनके अथक समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बंगाणा में मतदाता जागरूकता पदयात्रा युवाओं ने लोकतंत्र के लिए कदम बढ़ाए

अनंत ज्ञान




**बंगाणा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत, ऊना द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर एक भव्य मतदाता जागरुकता पदयात्रा का आयोजन बंगाणा में दिनांक 28 जनवरी को किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाना तथा अधिकाधिक युवाओं को सक्रिय लोकतांत्रिक सहभागिता हेतु प्रेरित करना है। यह पदयात्रा बंगाणा स्कूल से प्रारम्भ होकर एच पी पेट्रोल पंप तक और वापसी स्कूल तक सम्पन्न हुई।

इसमें 150 से ज्यादा युवाओं, स्वयंसेवकों, स्टूडेंट्स तथा जनसामान्य की व्यापक सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, जिला युवा अधिकारी, माय भारत ऊना ने युवाओं एवं माय भारत स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का उत्सव है, और एक सशक्त राष्ट्र की नींव तभी मजबूत होती है, जब प्रत्येक युवा नागरिक जागरूक होकर निर्भीक, निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान करता है। युवाओं से आग्रह किया कि वे पदयात्रा में सम्मिलित होकर 'गर्व से मतदान करें' का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं और लोकतांत्रिक सहभागिता को जन आंदोलन का रूप दें। इस कार्यक्रम में बंगाणा स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र शर्मा, जिला परिवहन विभाग के अधीक्षक ठाकुर सेन, आरसेटी से आकाश भारद्वाज, विद्यालय के शिक्षको व युवा स्वयं सेवक अक्षय कौंडल का विशेष सहयोग रहा।

## दीशा धीमान ने बढ़ाया लठियानी स्कूल का मान

अनंत ज्ञान



**लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवी दीशा धीमान ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष मार्च पास्ट कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि जिला ऊना का नाम गौरवान्वित किया।

दीशा धीमान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करते हुए अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनका यह प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लौटने पर विद्यालय प्रांगण में दीशा धीमान का ढोल की थाप, फूल-मालाओं, नारों और एनएसएस के उद्घोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह, सविता देवी, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य संजीव कुमार के नेतृत्व में सभी शिक्षकों द्वारा दीशा धीमान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि 'दीशा धीमान की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह सिद्ध करता है कि यदि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन, अनुशासन और अवसर मिले, तो वे किसी भी मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।' राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह एवं सविता देवी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय के स्वयंसेवी निरंतर सामाजिक सेवा, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता का विकास कर रहे हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि 'एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की पाठशाला है, जो विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाती है।' दीशा धीमान ने अपने सहपाठियों को बताया कि चयन प्रक्रिया अत्यंत कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली थी, जिसमें प्रदेश भर से आए प्रतिभाशाली स्वयंसेवियों के बीच चयन होना अपने आप में एक चुनौती थी। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों से आए स्वयंसेवियों को कार्यक्रम अधिकारी ललिता मैडम ने अनुशासन, समयबद्धता व टीम भावना का विशेष प्रशिक्षण दिया, जिससे सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय की स्वयंसेवी दीशा धीमान ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर उत्कृष्ट मार्च पास्ट कर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थी भी राज्य स्तर पर अपनी छाप छोड़ सकते हैं। विद्यालय के प्रवक्ता शशि पाल शर्मा ने मंच संचालन करते हुए विद्यार्थियों को संदेश दिया कि अनुशासन, सेवा व समर्पण ही सफलता की असली कुंजी हैं।

# यूजीसी के नए नियमों को वापस ले केंद्र: पवन ठाकुर

अनंत ज्ञान



**ऊना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष पवन ठाकुर ने यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन द्वारा 13 जनवरी को लागू किए गए नए कानून पर कड़ा ऐतराज जताया है।

उन्होंने इस कानून को दोषपूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार से इसे अविलंब वापस लेने की पुरजोर मांग की है। ठाकुर ने स्पष्ट किया कि समाज के सभी वर्गों का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए और किसी भी नीति से इसे ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। पवन ने कहा कि शिक्षण संस्थान भविष्य के नागरिकों को तैयार करने वाले स्थान हैं, जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव समाज की नींव कमजोर करता है। उन्होंने सरकार को नसीहत देते हुए कहा: 'सरकार को ऐसी न्यायसंगत व्यवस्था लागू करनी चाहिए, जिसमें शिक्षण संस्थानों के भीतर किसी भी छात्र या कर्मचारी के साथ जातिगत आधार पर भेदभाव न हो। एकतरफा कानून न केवल असंतोष फैलाते हैं, बल्कि समाज के विभिन्न समुदायों के बीच एक गहरी 'खाई' पैदा करते हैं, जिसे भविष्य में भर पाना कठिन होगा। महासभा ने तर्क दिया है कि यूजीसी के नए प्रावधानों में दूरदर्शिता का अभाव है और यह सामाजिक संतुलन को बिगाड़ सकते हैं। पवन ठाकुर ने निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष जोर दिया, जातीय सम्मान कानून की रूपरेखा ऐसी हो जो किसी भी जाति को नीचा न दिखाए और सभी का मान-सम्मान सुरक्षित रखे।

## चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधा के दावों की खुली पोल

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधा के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है।

मुख्य सड़क को मंदिर की सीढ़ियों से जोड़ने वाला लक्कड़ बाजार मार्ग वर्तमान में बदहाली के आंसू रो रहा है। जगह-जगह गहरे गड्ढों व जलजमाव के कारण यह रास्ता अब राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। इस मार्ग की सबसे गंभीर समस्या तब सामने आती है, जब मंदिर की लिफ्ट खराब हो जाती है, ऐसी स्थिति में प्रशासन द्वारा दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओं को इसी वैकल्पिक मार्ग से दर्शन के लिए भेजा जाता है। उबड़-खाबड़ रास्ता व गहरे गड्ढे इन श्रद्धालुओं के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं हैं। व्हीलचेयर ले जाने व सहारा देकर चलने वाले वृद्धों के लिए यह मार्ग अब दुर्घटनाओं का केंद्र बन चुका है। मंगलवार को हुई भारी बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो गई है। गड्ढों में गंदा पानी भर जाने के कारण नारियल बस्ती के स्थानीय निवासियों, श्रद्धालुओं और पुजारियों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। गंदगी और फिसलन के कारण यहां हर समय गिरने का डर बना रहता है।



चिंतपूर्णी के लक्कड़ बाजार मार्ग की खराब हालात। अनंत ज्ञान

### मंदिर न्यास से तत्काल सुधार की मांग

**स्थानीय** पुजारी गगन कालिया, महेश कालिया व अन्य ने मंदिर न्यास और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने मांग की है कि इस मार्ग का नवनिर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जल निकासी की उचित व्यवस्था हो ताकि बारिश का पानी जमा न हो। दिव्यांगों के सुगम आवागमन के लिए रास्ते को बाधारहित बनाया जाए। एसडीएम अंब पारस अग्रवाल से जब इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि उन्होंने हाल ही में ज्वॉइनिंग की है अगले हफ्ते का उनका मंदिर न्यास चिंतपूर्णी क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित है वह खुद मौके पर जाकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देंगे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में अध्यक्ष पद को भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इच्छुक उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी 2026, सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इससे पूर्व में 18 जुलाई 2023 एवं 5 अगस्त 2025 को जारी विज्ञापनों के तहत आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद से संबंधित पात्रता मापदंड, नियम एवं अन्य विवरण महिला एवं बाल विकास विभाग की आधिकारिक वेबसाइट himachal.nic.in/wcd पर उपलब्ध हैं। नरेंद्र कुमार ने जिले के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने का आग्रह किया है।

**आयोजन** डीसी जतिन लाल ने कहा, नशामुक्त ऊना व सड़क सुरक्षा के लिए और कड़े कदम उठाए जाएंगे

# ऊना में ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में सस्पेंड होंगे लाइसेंस

अनंत ज्ञान



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित डीसी व एसपी समेत अन्य। अनंत ज्ञान

**ऊना।** डीसी जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले को नशामुक्त बनाने व सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित करने के लिए प्रशासन द्वारा और अधिक सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों का बाइक या स्कूटी से स्कूल आना गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय है और इस पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने निर्देश दिए कि इस संबंध में एसडीएम विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें। नियमों की अनदेखी पाए जाने पर अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। डीसी डीआरडीए बैठक हाल में एन-कॉर्ड (राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल) के तहत गठित जिला स्तरीय समिति तथा इसके उपरांत आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने जिले में ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना कानून का गंभीर उल्लंघन होने के साथ-साथ आमजन के जीवन और सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त ओवर-स्पीडिंग, खतरनाक ड्राइविंग, ओवरलोडिंग तथा संज्ञेय अपराधों के मामलों में भी किसी प्रकार की ढील न बरतने और नियमों के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं, ताकि हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

उन्होंने सभी प्रमुख बाजार क्षेत्रों में घोषित नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन को सख्ती से लागू करने तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड्स की संख्या बढ़ाई जाए तथा बैरियर और रंबल स्ट्रिप्स लगाए जाएं। नेशनल हाईवे पर स्थित दी-हट्टी स्ट्रेच को दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए वहां विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में चल रहे एंटी-चिट्टा अभियान के तहत ऊना जिले में फरवरी के दूसरे सप्ताह एक जागरूकता वॉकाथॉन आयोजित की जाएगी। इसमें शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने कहा कि ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में पहली बार लाइसेंस सस्पेंड किया जाएगा, जबकि बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस पूरी तरह रद्द किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि नशे और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों, विशेषकर नशे की सप्लाई या ग्रहण करने, बच्चों द्वारा वाहन चलाने तथा अन्य नियम उल्लंघनों की सूचनाएं पुलिस के साथ साझा करें।

### स्कूलों में नशा निवारण की नियमित शपथ

**डीसी** ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों की मॉर्निंग असेंबली के दौरान नशा निवारण की नियमित शपथ दिलाई जाए। इसके अलावा नशा निवारण और सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यालयों में नियमित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। इन कार्यक्रमों की मासिक रिपोर्ट डीसी व एसपी कार्यालय को नियमित रूप से भेजने के निर्देश भी दिए गए। जतिन लाल ने 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम के तहत विद्यालय गोद लेने वाले अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से स्कूलों का दौरा करें और विद्यार्थियों से नशे के दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर संवाद करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का इस दिशा में विशेष जोर है और सभी अधिकारियों को इस सोच के अनुरूप जिम्मेदारी से अपने दायित्व निभाने चाहिए।

## स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान



स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित बाबा बाल जी महाराज के साथ प्रबंधक और स्टाफ। अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला मुख्यालय के स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का स्थापना दिवस बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संत बाल महाराज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक वर्ग व विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में राष्ट्रीय संत बाल महाराज के कर-कमलों से ही स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का शुभारंभ हुआ था, जिससे विद्यालय व राष्ट्रीय सन्त बालजी महाराज के बीच विशेष भावनात्मक जुड़ाव भी देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संत बाल महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी मन लगाकर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाल मन कोमल होने के साथ-साथ सीखने के लिए सबसे अधिक अनुकूल होता है, इसलिए इस आयु में ग्रहण की गई शिक्षा और संस्कार जीवन भर मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने बच्चों से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने और शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े कई प्रेरक प्रसंग सुनाकर विद्यार्थियों को नैतिकता और सदाचार का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पांचवी कक्षा की छात्रा वान्या ने श्रीराधा रानी पर एक मनमोहक कविता प्रस्तुत करते हुए सबका मन मोह लिया। पूर्व छात्र वृंदा शर्मा को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला में दाखिला मिलने पर विद्यालय प्रबंधन की तरफ से राष्ट्रीय संत बाल महाराज ने विशेष रूप से सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने स्थापना दिवस पर मुख्यातिथि के रूप में पधारने के लिए राष्ट्रीय संत बाल महाराज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाल महाराज की प्रेरणा से ही विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को सभ्यता, संस्कृति व सामाजिक मूल्यों से भी जोड़ा जाता है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस कार्यक्रम में सुभाष शर्मा, यशोदा शर्मा, अदिति शर्मा, नीरजा शर्मा, पूजा शर्मा, संजू शर्मा, सोनम, निशा, सुनीता, प्रीति, मनीता, शिखा, मनदीप, रुचि, कल्पना, सरिता, रेणु, अल्का, मुक्ता, रेणुका, बबिता, प्रियंका, दीक्षा, नीलम, उपेंद्र, राजीव, निखिल, मीनू, दीपिका, मनप्रीत, अंजू, दीप्ति, आंचल, अंजलि, सुजाता, राज, शिवांगी, आरती, कंचन, शालिनी, महिका, सोनिया, पूनम, बलजिंदर, शिवानी, प्रेरणा, वैशाली, ऋतिक, इशा, ममता, सरिता सहित विद्यालय के शिक्षक, राजेश, रमा दुआ, नरेश, जसमेर, सुनयना सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# बर्फबारी से ठप हुआ कुल्लू, 98 सड़कें बंद

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई भारी बर्फबारी और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह ठप कर दिया है।

लगातार हो रही बर्फबारी के कारण जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 98 सड़कें बंद हो गई हैं। इससे कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। भारी बर्फ जमने के कारण एनएच-305 जलोड़ी दर्रा पर यातायात पूरी तरह रोक दिया गया है। इसके अलावा नेहरू कुंड से एटीआर रोड (एनआईएच-03) को केवल 4म4 वाहनों के लिए खोला गया है, वह भी सिर्फ आपातकालीन सेवाओं के लिए। बंजार, मनाली, कुल्लू, अन्नी, थलौट और निर्मंड डिवीजनों में सड़कें सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं। मनाली उपमंडल में 33 संपर्क मार्ग बंद हैं, जबकि बंजार डिवीजन में 18 और निरमंड डिवीजन में 29 सड़कें अवरुद्ध पड़ी हैं। इससे पर्यटन गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। बर्फबारी का सबसे ज्यादा असर


सड़कों की बहाली कार्य में जुटी मशीनरी। अनंत ज्ञान

◆ **जलोड़ी दर्रा पूरी तरह बंद 1024 ट्रांसफार्मर ठप पेयजल आपूर्ति प्रभावित**

बिजली आपूर्ति पर पड़ा है। जिले में भारी बारिश और बर्फ के चलते मुख्य एचटी लाइनों में फॉल्ट आने से कुल 1024 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर (डीटीआर) ठप हो गए हैं। मनाली डिवीजन में सबसे अधिक 705 डीटीआर प्रभावित हुए हैं, जबकि कुल्लू डिवीजन में 187, थलौट में 100 और आनी डिवीजन में 32 डीटीआर बंद पड़े हैं। इससे हजारों उपभोक्ता अंधेरे में हैं। बिजली बोर्ड के अनुसार मौसम खुलते ही बहाली कार्य में तेजी लाई जाएगी। उधर, कई क्षेत्रों में बर्फ जमने और जल स्त्रोतों तक पहुंच बाधित होने से जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

पाइपलाइन जमने के कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट की स्थिति बन गई है। लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग की टीमें हालात पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने हालात को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा है। लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा न करें और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें। अधिकारियों के अनुसार मौसम अनुकूल रहने पर अधिकांश सड़कें 29 से 31 जनवरी तक बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि कुछ सड़कों पर भारी बर्फ जमने के कारण अधिक समय लग सकता है।

### फंसे पर्यटकों को आधी रात तक रेस्क्यू करती रही पुलिस

**अनंत ज्ञान, मनाली।** बाहरी राज्यों से शाम को मनाली पहुंचे पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों ने किया। भारी हिमपात होने से पर्यटकों के वाहन रांगड़ी में फंस गए। हिमपात का क्रम बढ़ता गया और पर्यटक सड़कों में फंसते चले गए। पुलिस के जवान देर रात तक पर्यटकों को रेस्क्यू करती रही। पुलिस ने जगह जगह फंसे पर्यटक वाहनों को निकाला और उनके होटलों तक पहुंचाया। मंगलवार को शाम तक बारिश होगी रही लेकिन शाम चार बजे भारी हिमपात शुरू हो गया। इस बीच सोलंग नाला की ओर गए लगभग चार सौ पर्यटक वाहन नाग मंदिर के पास फंस गए। पुलिस टीम ने घंटों प्रयासों के बाद ट्रैफिक को सुचारु किया। हालांकि सभी वाहन फोर बाई फोर थे इसलिए अधिक दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। दूसरी ओर रांगड़ी में रात 12 बजे तक रेस्क्यू अभियान चला। आधी रात तक पुलिस पर्यटकों को रेस्क्यू करती रही। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि भारी हिमपात होने से सामान्य वाहन बर्फ में फंस रहे थे जिस कारण दिक्कत हुई। उन्होंने बताया कि सड़कों की बहाली के बाद बुधवार को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रही।

### हिमपात से फूड स्टॉल क्षतिग्रस्त, चार महिलाएं घायल

**मनाली।** भारी बर्फबारी के कारण मनाली टैक्सी स्टैंड के पास स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल बर्फ के कारण क्षति ग्रस्त हो गए। फूड स्टाल में काम कर रही चार महिलाएं घायल हो गई। जब फूड स्टाल गिरे तो पार्वती देवी, पल्लवी व लवीना गांव वरोड व गंगा देवी गांव छियाल फूड स्टाल के अंदर काम कर रही थी। विधायक भुवनेश्वर गौड ने बताया कि प्रशासन की तरफ से फौरी राहत के तौर पर सभी घायल महिलाओं को पांच -पांच हजार की राशि प्रदान की गई है।

## 29 को बंद रहेंगे मनाली उपमंडल में शिक्षण संस्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष तोरुल एस रवीश, ने मनाली उपमंडल में प्रतिकूल मौसम, सड़कों के अवरुद्ध होने व भूस्खलन की स्थिति के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को देखते मनाली उपमंडल के शिक्षण संस्थानों को गुरुवार को बंद रखने के आदेश जारी किया है। पिछले 48 घंटों में मनाली उपमंडल में वर्षा व बर्फबारी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में भूस्खलन व सड़क अवरोध की घटनाएं हुई हैं। उप-मंडलीय अधिकारी (सिविल), मनाली की रिपोर्ट व सिफारिशों के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि अवरुद्ध सड़क संपर्क छात्रों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। इस आदेश के तहत मनाली उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थान- स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, कॉलेज, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग व फार्मेसी कॉलेज (सरकारी एवं निजी) 29 जनवरी को छात्रों के लिए बंद रहेंगे। सभी संबंधित प्राधिकरणों को निर्देश दिए गए हैं कि इस आदेश की व्यापक रूप से सूचना सुनिश्चित करें।

## तीर्थन टॉप व जलोड़ी दर्रा समेत बंजार की चोटियों पर ताजा हिमपात

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इस मौसम की दूसरी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। बीती रात से शुरू हुई बर्फबारी आज सुबह तक चलती रही।

इस दौरान बंजार क्षेत्र के तीर्थन टॉप, जलोड़ी दर्रा, वशलेउ दर्रा, सकीर्ण कंडा, देवकांडा, बुंगा टॉप, रंगथर थाच और लामभरी जोत सहित कई ऊंची चोटियों पर अच्छी बर्फबारी दर्ज की गई। इसके साथ ही घाटी के ऊंचाई वाले गांवों सरची, जमाला, शिल्ली, गरुली, मशियार, कमेड़ा, घलिंगचा, सरूट, घलीयाड़, चिपनी, डिंगचा, नाहीं, घाट, लाकचा, पेखड़ी, बशीर, शिरीकोट और शपनील सहित आसपास के क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। जानकारी के अनुसार ऊंचाई वाले इलाकों में करीब दो फुट तथा निचले क्षेत्रों में लगभग दो इंच तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। लंबे इंतजार के बाद हुई इस सीजन की दूसरी बारिश और बर्फबारी से सूखे की मार झेल रहे किसानों और बागवानों को बड़ी राहत मिली है। वहीं, लगातार बारिश व बर्फबारी के कारण बंजार सराज क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया है। दूरदराज ग्राम पंचायत मशियार के पूर्व उपप्रधान प्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस माह की दूसरी बर्फबारी से खेती-बागवानी के लिए अनुकूल नमी मिली है।

गुशैनी से आगे बठाहड़ क्षेत्र की सभी लिंक सड़कें बर्फ के कारण यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई हैं। मशियार क्षेत्र में बीते दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बर्फबारी के बाद जब मौसम साफ हुआ और धूप खिली, तो बर्फ की सफेद चादर ओढ़े तीर्थन घाटी के पहाड़ चांदी की तरह चमक उठे। पल-पल बदलता यह प्राकृतिक दृश्य बेहद मनमोहक नजर आया। हालांकि, इन दिनों घाटी में पर्यटकों की संख्या कम है, लेकिन जो पर्यटक यहां रुके हुए हैं, वे बर्फबारी का पूरा आनंद ले रहे हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपमंडल बंजार, कुल्लू व मनाली में स्थित सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों जिनमें स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक व इंजीनियरिंग व फार्मेसी कॉलेज शामिल हैं, को आज भी बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## लोकसंस्कृति व आस्था का दिखा अनुपम संगम

### बर्फबारी के बीच काऊंचा गांव में धूमधाम से मनाया 15 माघ उत्सव

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** उपमंडल बंजार की दूरदराज ग्राम पंचायत नोहंडा के अंतर्गत आने वाले काउंचा गांव में बुधवार को बर्फबारी के बीच 15 माघ उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

देवभूमि काऊंचा गांव में भगवान अनंत काली नाग जी महाराजा और प्रभु लक्ष्मी नारायण जी काऊंचा के पावन सानिध्य में 15 माघ की देव कारवाही के उपरांत गांववासियों ने पारंपरिक तरीके से उत्सव मनाया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं और पुरुषों ने पौराणिक कुल्लवी परिधान धारण कर लोकसंस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों और घने जंगलों के बीच आयोजित इस उत्सव में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पूरी श्रद्धा से पालन किया गया। गांव वासियों द्वारा नियम कायदे के अनुसार प्राचीनतम देव परंपरा का निर्वहन किया गया, इस दौरान देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। इस अवसर पर प्रभु काली नाग जी के दरोगा चेतराम ठाकुर, भगवान लक्ष्मी नारायण जी काऊंचा के कारदार गोपाल ठाकुर, चरण चौहान, ठाकुर पवन सूर्यवंशी, अनु ठाकुर, तीर्थी रूप सिंह समस्त महिला मंडल सदस्यों सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इसी गांव ने हाल ही में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस भी सादगी व देशभक्ति के साथ उत्साहपूर्वक मनाया था। काऊंचा गांव में इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल परंपराओं का संरक्षण हो रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बर्फबारी के बीच आयोजित यह 15 माघ उत्सव आस्था, संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।


काऊंचा गांव में 15 माघ उत्सव के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

### तिनन घाटी में मशालों के त्योहार-हालडा पर्व की धूम, भारी बर्फबारी के बीच रात को मशालें जलाकर भगाई आसुरी शक्तियां

## माइनस डिग्री तापमान में भी परंपराओं का किया निर्वहन

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में मशालों का त्योहार हालडा पर्व का आगाज हो गया है।

घाटी में माइनस डिग्री तापमान और भारी बर्फबारी के बीच भी लोगों की आस्था कम नहीं हुई और बर्फबारी के बीच में परंपराओं का बखूबी निर्वहन किया। लाहौल की तिनन घाटी में हालडा पर्व की धूम है। पहले दिन ग्रामीणों ने जहां पूजा-अर्चना की और खुशहाली की कामना की वहीं, रात को मशालें जलाकर आसुरी शक्तियां भगाई। मंगलवार रात को घाटी में हालडा के साथ ही नव वर्ष का आगाज हुआ और घरों से भूत प्रेतों व नकारात्मक चीजों को मशाल जलाकर बाहर निकाला। तिनन घाटी में यह त्योहार हर वर्ष रविवार या मंगलवार के दिन ही मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी मंगलवार को तिनन घाटी से इस पर्व का आगाज हुआ। नए साल में हालडा उत्सव जनजातीय लोगों का पहला त्यौहार होता है ऐसे में यहां के लोग हर वर्ष इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। इस अवसर पर लोगों ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना करने के बाद रात के समय मशाल जलाई और पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। रात्रि निश्चित समय पर हर घर से मशाल जला कर हालडो हालडो कहते हुए सभी पुरुष सफेद चादर पहन कर एक निश्चित स्थान पर पहुंचे। रात के समय सभी ने मशालों को बर्फ पर टिका कर जलाया। लोग चादरों में बर्फ समेटकर घर पहुंचे। रोचक यह रहा कि रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए जब लोग दरवाजे पर पहुंचे तो अपने ही घर वालों ने उन्हें अंदर आने से ही रोक दिया। घर के सदस्य ने पूछा कि क्या ले कर आये हो तो मशाल फेंक कर आये व्यक्ति ने चादर में समेटे बर्फ़ को दिखाया और सौगात साथ लेकर आने की बात कही। घर में घी और सत्तू मिला कर बलराज बनाया गया और उसे पूजा स्थल में रखा। इसे त्यौहार खत्म होने के पश्चात खाया जाएगा। लिहाजा, अब तीन दिनों तक तिनन घाटी के लोग देवी देवताओं की पूजा अर्चना में व्यस्त रहेंगे। विशेषकर राजा बलि की पूजा होगी और घरों में शोर शराबा भी नहीं होगा।

### तीन-चार दिनों तक नहीं करते शोर-शराबा

**मान्यता** है कि इस समय देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर होते हैं। इस कारण घाटी में आसुरी शक्तियों का प्रभाव बढ़ता है और इन आसुरी शक्तियों के प्रभाव से बचने के लिए ही रात के समय मशाल जलाई जाती है और इस दौरान यहां पर लोग दूसरे गांव के लोगों को अश्लील गालियां देते हैं। माना जाता है कि इससे बुरी शक्तियां अपना अपमान समझकर दूर भागती है। इस उत्सव के संपन्न होने के बाद लोग अपने घरों में तीन-चार दिन के बंद हो जाते हैं। मान्यता के अनुसार यह लोग एक-दूसरे का मुंह नहीं देखते हैं। परिवार के लोग भी आपस में धीरे-धीरे बात करते हैं और कोई शोर-शराबा नहीं करते हैं। तीन-चार दिन के बाद लोग अपने घरों से निकल कर अपने रिश्तेदारों के यहां जाते हैं और हालडा उत्सव की बधाईयां देते हैं।


भारी बर्फ के बीच परंपराओं का निर्वहन करते हुए। अनंत ज्ञान

### घाटी में हालडा की खूब धूम

**बर्फबारी** के बीच जनजातीय जिला में नववर्ष का त्योहार हालडा की धूम मची हुई है। गोंधला, खंगसर, रंगलो, सिस्सू के साथ कोकसर और तेलिंग में हालडा मनाया जा रहा है। घाटी के लोगों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर आसुरी शक्तियों को दूर भगाने के लिए मशालें जलाईं। लामाओं की ओर से तय समय पर रात्रि के समय पवित्र लकड़ी को जलाकर हालडा हालडा स्वर निकालकर लोग अपने गांव के चबूतरे में एकत्रित हुए और नववर्ष की बधाई दी। वहीं, कुसिल में लोग अपने घरों के भीतर परिवार के साथ रहकर नौ प्रकार के व्यंजनों का आनंद लेंगे।प्राचीन काल में मानव सिर्फ देवी-देवताओं की पूजा करते थे। इस बात से क्रोधित होकर असुर मानव बस्ती की ओर घाटी पहुंचने के लिए आते थे। ऐसे में दानव मानव जाति को बचाने के लिए तिनन खांगसर गांव के चार लोग अपने चेहरे पर मुखौटा लगाकर असुरों का रूप धारण कर नृत्य कर असुरों के बीच शामिल हो जाते हैं। सांड को मारकर उसके मांस खाने का अभिनय करते थे और असुर नृत्य व मांस खाकर भूल जाते थे कि वे किस लिए आए थे। बिना किसी मानव को क्षति पहुंचाए वापस चले जाते थे, तब से आज तक यह परंपरा निभाई जा रही है।

## दलाश में ग्रामीणों ने जानी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की कल्याणकारी योजनाएं

अनंत ज्ञान




**आनी।** आनी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत दलाश के गांव दलाश में बुधवार को दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक दलाश के सौजन्य से एकदिवसीय वितीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर बैंक प्रबंधक रमेश ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई सुविधा, एटीएम क्रेडिट/डेबिट कार्ड. मोबाइल बैंकिंग व बैंकों द्वारा प्रदत्त एसएमएस सुविधाओं के अलावा बैंक की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने ग्रामीणों से बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। बैंक प्रबंधक अधिकारी रमेश ठाकुर ने एटीएम के द्वारा होने वाले फ्राड और अनजान व्यक्ति द्वारा एटीएम बारे फोन पर जानकारी के प्रति भी सतर्क किया।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अटल पेंशन योजना. सुरक्षा बीमा योजना व जीवन ज्योति बीमा योजना. जनधन योजना बारे और बैंक की ऋण योजना जैसे कृषि ऋण, गृह ऋण, शिक्षा ऋण, केसीसी तथा वाहन ऋण इत्यादि के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में बैंक के सहायक प्रबंधक अजय वर्मा सहित अन्य कई कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## निराश्रित बच्चों व बालिकाओं के सशक्तिकरण जरूरी

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा बाल विकास सेवाएं योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय व समीक्षा समितियों की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं।

बैठकों का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल ने किया। इनमें संबंधित विभागों के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। गृह निर्माण, विवाह अनुदान, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास, कोचिंग तथा स्वरोजगार से संबंधित प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना राज्य सरकार की एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य निराश्रित बच्चों और युवाओं को संरक्षण, संबल एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बच्चा योजना के लाभ से वंचित न रहे। डीसी ने कहा कि सरकार ने इन बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' घोषित किया है, जिससे उनके समग्र विकास की जिम्मेदारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मिलें, उन्हें योजना के सभी लाभों की जानकारी दें तथा आत्मनिर्भर बनने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करें। साथ ही कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को शिक्षा, करियर एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त इस समिति में सदस्य अधिकारियों को बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा करियर काउंसलिंग उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए, ताकि वे सशक्त एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर हो सकें। बैठक में गृह निर्माण से संबंधित आवेदनों, विवाह अनुदान, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास, कोचिंग तथा स्वरोजगार हेतु सहायता से जुड़े प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया।


बैठक के दौरान डीसी कुल्लू अधिकारियों से चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

## आसमान से बर्फ के फाहे गिरते देख किसानों-बागवानों के खिले चेहरे

अनंत ज्ञान



**केलांग।** लंबे समय के बाद लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू मनाली में भारी हिमपात होने से किसान बागवान खुश हो उठे है।

भारी हिमपात होने से सभी को आगामी फसल सीजन की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होने की उम्मीदें जग गई है। एक सप्ताह के भीतर दो बार भारी हिमपात होने से घाटी सहित पहाड़ों में बर्फ की सफेदी बिछ गई है। लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू मनाली में कृषि एवं बागवानी शरद ऋतु में पड़ने वाली बर्फबारी पर ही अधिक निर्भर रहती है। इस बार फिर से बर्फबारी का इंतजार किसानों-बागवानों में लंबा खिंच गया था। लाहौल के किसान टशी, दोरजे व अंगरूप ने बताया कि अक्टूबर से जनवरी 20 तक हिमपात न होने से सभी चिंतित हो गए थे। उन्होंने बताया कि इस शरद ऋतु में लंबे इंतजार के बाद बर्फ के फाहे गिरते देख किसानों-बागवानों ने राहत की सांस ली है। बर्फ घाटी के किसान-बागवानों के साथ वन संपदा को किसी संजीवनी से कम नहीं होती। मनाली घाटी के बागवान सर्वदयाल, डोले राज, मंगत राम व चुनी लाल ने कहा कि बर्फ पड़ने से उन्हें बेहतर फसल की उम्मीद जगी है। उन्होंने बताया कि घाटी में हो रहा हिमपात सभी के लिए लाभकारी है। कृषि विज्ञान केंद्र कुकुमसेरी के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. सुभाष कुमार ने कहा कि किसानों एवं बागवानों की खेती एवं बागवानी के लिए सर्दी के मौसम का यह बर्फ किसी संजीवनी से कम नहीं है।

## 31 को भानू अस्पताल का कलैहली में स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भानू अस्पताल कलैहली की ओर से 31 जनवरी को अस्पताल में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जहां मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। वहीं, मुफ्त परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कुसुम भानू, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. वाइकिंग भानू, यूरोलॉजिस्ट (मूत्र रोग विशेषज्ञ), पाइल्स (बवासीर) विशेषज्ञ डॉ. विकास कुमार साहू अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. वाइकिंग भानू ने जिला कुल्लू के लोगों से इस स्वास्थ्य जांच शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है। शिविर के दौरान यदि ऑपरेशन की तिथि बुक कराई जाती है, तो 20 फीसदी तक की विशेष छूट प्रदान की जाएगी और अस्पताल में आयुष्मान भारत कार्ड भी मान्य है। अस्पताल की ओर से समय-समय पर इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बैठक में बाल विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** समेकित बाल विकास सेवाएं योजना के तहत जिला स्तरीय समन्वय व समीक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 की मानसून आपदा से क्षतिग्रस्त आंगनवाड़ी भवनों की मरम्मत के लिए 63 लाख स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, 21 नए आंगनबाड़ी भवनों को भी मंजूरी दी गई। आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण व मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं। बेटी है अनमोल, मुख्यमंत्री कन्यादान, मुख्यमंत्री शगुन, छात्रवृत्ति, सुख शिक्षा और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं के तहत लाभार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता दी जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा में 4 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 591 और 48 जागरूकता शिविरों में 3542 लोगों ने भाग लिया। उपायुक्त ने विभागीय समन्वय, समयबद्ध लाभ वितरण, कौशल विकास, कंप्यूटर और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर दिया। शेष वर्ष में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, बालिका छात्रावासों में सेनेटरी नैपकिन इंसिनरेटर, लैंगिक संवेदनशीलता कार्यशालाएं और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कानूनी संरक्षण व संवेदनशील केयरगिविंग पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हेल्प एज इंडिया के रीजनल रिसोर्स एवं ट्रेनिंग सेंटर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से 'गरिमा के साथ वृद्धावस्था' थीम पर टॉक सीरीज़ आयोजित की। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के अधिकार, गरिमामय देखभाल और स्वस्थ जीवन पर संवाद स्थापित करना था। इसमें सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों, स्वास्थ्य और कानून विशेषज्ञों, शिक्षकों और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। डॉ. राजेश कुमार ने वृद्धावस्था को केवल देखभाल का विषय न मानते हुए सम्मान, अधिकार और अवसरों पर जोर दिया। वरिष्ठ सिविल जज आभा चौहान ने कानूनी संरक्षण और केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी। नर्सिंग कॉलेज की शिक्षिका कंचना देवी ने केयरगिविंग तकनीक सिखाई। पैनल चर्चा में स्वस्थ आहार, योग, नींद और सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया गया। हेल्प एज इंडिया ने सभी सहभागियों का धन्यवाद किया और कहा कि निष्कर्ष प्रशिक्षणमॉड्यूल और नीतिसुझावों में संकलित किए जाएंगे।

**कार्रवाई** जिया में फोरलेन में निकासी नालियों का प्रावधान नहीं, किसान बागवान झेल रहे परेशानी

## फोरलेन का पानी किसानों की फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** एनएचएआई की लापरवाही का खामियाजा जिया के किसानों-बागवानों को भी झेलना पड़ रहा है। जिला कुल्लू के भुंतर स्थित जिया गांव में सड़क किनारे निकासी नालियों का सही प्रावधान न होने के कारण फोरलेन का सारा पानी किसानों के खेतो में घुस रहा है।

इससे किसानों व बागवानों की फसलें खराब हो रही हैं और भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जबकि ग्राम पंचायत जिया व ग्रामीण इस समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन व एनएचएआई से बार-बार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। जिया के अधिकतर लोग किसानी व बागवानी पर ही निर्धारित हैं। किसान अपने परिवार का पालन-पोषण खेतों में उगाई गई नकदी फसल व फल आदि की कमाई से करता हैं, जब किसान की फसल ही खराब हो जाएगी, तो वह अपने परिवार को कैसे पालेगा। किसान व बागवान पूर्व बीडीसी सदस्य वीर सिंह का कहना है कि फोरलेन से मेरे बगीचे व फसल खराब हो रही है। उन्होंने एनएचएआई की कार्य प्रणाली पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि रोड बनाने के साथ निकासी नालियां भी बनती हैं फिर जिया फोरलेन से निकासी नालियां कैसे गायब हैं। एक तरफ नाली है भी वह भी अधूरी है, जबकि दूसरी तरफ निकासी नाली का नामोनिशान तक नहीं है। वहीं से ही बारिश में फोरलेन का सारा पानी हमारे खेतों को आ रहा है और नुकसान करता है, जबकि इस बारे उपायुक्त कुल्लू को भी लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। वहीं, ग्राम पंचायत जिया के प्रधान संजू पंडित का कहना है कि हमने निकासी नालियों के लिए कई बार प्रशासन को प्रस्ताव दिए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला। उनका कहना है कि निकासी नालियों के बिना बारिश में रोड में भी पानी इकट्ठा हो जाता है, उस समय गाड़ियों को निकालना मुश्किल हो जाता है। यही नहीं बरसात में पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिया गांव को जाने वाले रोड के भी हालत खराब हो जाते हैं। स्कूली बच्चों, बजुर्गों व महिलाओं के लिए सड़क पर आया बारिश का पानी मुसीबत बन जाता है।


जिया में फोरलेन में निकासी नालियां नहीं होने से खेतों में घुसा पानी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

## बंजार में 4 फरवरी को होगा रोजगार मेले का आयोजन

अनंत ज्ञान

◆ **स्थानीय युवाओं को मिलेगा निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर**

**बंजार।** बंजार क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मां अंबिका आईटीआई सिद्धवा बंजार द्वारा 4 फरवरी को संस्थान परिसर में एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियां भाग लेकर युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। रोजगार मेले में टाटा याजाकी अहमदाबाद गुजरात तथा टाटा जैस्मिन, बैंगलोर जैसी नामी कंपनियां शामिल होंगी। मेले के माध्यम से लड़कों एवं लड़कियों दोनों वर्गों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। टाटा याजाकी कंपनी द्वारा दसवीं व बारहवीं उत्तीर्ण युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 20,000 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ 150 रुपए प्रति घंटा ओवरटाइम तथा प्रतिदिन 2 से 4 घंटे अतिरिक्त कार्य की सुविधा भी दी जाएगी। वहीं, टाटा जैस्मिन कंपनी द्वारा दसवीं व बारहवीं उत्तीर्ण युवतियों को 15,500 रुपए प्रतिमाह तथा स्नातक युवतियों को 18,000 रुपए प्रतिमाह वेतन पर रोजगार प्रदान किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की ज्वॉइनिंग तिथि 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026 के बीच निर्धारित की गई है। संस्थान प्रबंधन ने समस्त इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे 4 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों पासपोर्ट साइज फोटो (दो), 10वीं/12वीं/आईटीआई डिप्लोमा/स्नातक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बोनाफाइड प्रमाण पत्र, बायोडाटा आदि के साथ संस्थान परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। इस रोजगार मेले के दौरान योग्य उम्मीदवारों की ऑन-द-स्पॉट (मौके पर ही) भर्ती की जाएगी, जिससे युवाओं को बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रिया के रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी मां अंबिका आईटीआई बंजार से संपर्क कर सकते हैं। जिनका संपर्क नंबर 94189-15924, 98174-14041 कार्यालय नंबर 01903-299414 है।

## न्यूज ब्रीफ

### सारांश ने छात्रवृत्ति की परीक्षा की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय शमलाटी मझगांव के छात्र सारांश सेवल ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत सारांश बहुआयामी प्रतिभा का धनी छात्र है। विद्यालय प्रभारी संजय अत्री ने बताया कि यह परीक्षा दो चरणों में होती है, जिसमें द्वितीय चरण उत्तीर्ण करने पर प्रथम वर्ष 4000, द्वितीय वर्ष 5000 तथा तृतीय वर्ष 6000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। जिला सिरमौर से चयनित 11 विद्यार्थियों में सारांश ने सातवां स्थान प्राप्त किया है और शिक्षा खंड सराहां से वह एकमात्र चयनित विद्यार्थी है। गायन व पेंटिंग में भी निपुण सारांश की इस उपलब्धि पर शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी गई।

### तीन रोवर्स ने लिया गणतंत्र दिवस परेड में भाग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के तीन रोवर्स ने राजधानी के ऐतिहासिक रिज मैदान पर संपन्न हुई गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज के रोवर यूनिट प्रभारी डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया कि इस प्रतिष्ठित परेड में कॉलेज के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अंतरिक्ष व पीयूष और बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उज्ज्वल ने भाग लिया। गणतंत्र दिवस पर परेड कमांडर लेफ्टिनेंट शाश्वत तिवारी (जे एंड के राइफल) के नेतृत्व में स्काउट एंड गाइड्स और अन्य दलों ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। रोवर यूनिट प्रभारी ने बताया कि कॉलेज के लिए बहुत ही बड़ा गर्व का विषय है कि तीनों रोवर्स ने पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि तीनों रोवर्स ने रिवालसर में आयोजित प्री आरडी चयन शिविर दिसंबर 2025 में कड़ा प्रशिक्षण ग्रहण किया था। इसके उपरांत ही तीनो छात्रों का चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने तीनों छात्रों के अभिभावकों को व पूरी रोवर्स व रेंजर यूनिट को बधाई दी है।

### गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन के चार एनएसएस स्वयंसेवियों सुजल ठाकुर, कुणाल, वंशिका और पलक ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू ने बताया कि सुजल ठाकुर ने एनएसएस की टुकड़ी का नेतृत्व किया। उन्होंने जानकारी दी कि यह पहली बार है जब जिला सोलन के चयनित स्वयंसेवियों को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का अवसर मिला, जो जिला उपनिदेशक सोलन गोपाल चौहान द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर के लिए जिला समन्वयक डीआर भट्टी व जिला समन्वयक संतोष बट्टू ने एनएसएस परिवार की ओर से जिला शिक्षा उपनिदेशक का विशेष आभार व्यक्त किया। स्वयंसेवियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र कौंडल सहित समस्त विद्यालय परिवार ने स्वयंसेवियों तथा कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू को बधाई दीं।

### आज बनेठी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ग्राम पंचायत बनेठी में 29 जनवरी को वन विभाग विश्राम गृह में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे। उपमंडलाधिकारी नाहन राजीव सांख्यान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान करना है। इस अवसर पर नाहन विधानसभा क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों बनेठी, सैन की सैर, चाकली, क्यारी, सुरला, देवका पुड़ला, नौणी, रामाधौण, पंजाहल, नेहली धीड़ा व धगेड़ा की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग योजनाओं की जानकारी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की ई-केवाईसी, लोक मित्र केंद्र सेवाएं, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड तथा महिला एवं बाल विकास योजनाओं की सुविधा प्रदान करेंगे।

### बसंत किरण बने चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 2008 बैच के भारतीय वन सेवा अधिकारी बसंत किरण बाबू को बड़ी प्रशासनिक जिम्मेदारी देते हुए उन्हें चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट के पद पर पदोन्नत किया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें 14वें वेतनमान में पदोन्नति दी गई है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बसंत किरण बाबू वर्तमान में जिला सिरमौर में कंजरवेटर के पद पर तैनात हैं और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वन संरक्षण को लेकर सख्त व परिणामकारी रणनीति अपनाई। अवैध कटान, लकड़ी तस्करी व अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियानों से जिला स्तर पर वन प्रशासन की कार्यप्रणाली को नई धार मिली। सरकारी आदेश के अनुसार पदोन्नति के उपरांत भी अधिकारी आगामी आदेशों तक अपने वर्तमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार संभालते हुए राज्य स्तरीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसी अधिसूचना में 2008 बैच की आईएफएस अधिकारी बसु कौशल को भी चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट के पद पर पदोन्नत किया गया है। दोनों अधिकारियों की पदोन्नति से प्रदेश में वन विभाग के शीर्ष प्रशासनिक ढांचे को मजबूती मिलने की बात कही जा रही है। चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट के रूप में बसंत किरण बाबू की भूमिका अब प्रदेशभर में वन नीति, संरक्षण रणनीति और निगरानी तंत्र को दिशा देने वाली होगी।

### सहकारिता प्रकोष्ठ ने की सह-संयोजकों की नियुक्तियां

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने की दिशा में कदम उठाते हुए सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल दाड़लाघाट में सह-संयोजकों की नियुक्तियां की गईं। ये सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। नव-नियुक्त सह-संयोजकों में पदम देव चंदेल (गांव स्यार, दाड़लाघाट), प्रेम लाल चौहान (गांव सहनाली, मांगल), राकेश कंवर (गांव दसेरनवाला, भराड़ी घाट) तथा देवेंद्र कुमार (गांव व डाकघर कशलोग) सभी तहसील अर्की, जिला सोलन शामिल हैं। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल दाड़लाघाट के संयोजक परस राम ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त सह-संयोजक केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए नारे सहकार से समृद्धि के अनुरूप केंद्र सरकार की सहकारिता संबंधी नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

### सोलर लाइट खराब होने से हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र की निकटवर्ती पंचायत रौडी के गांव खाता में अंबुजा फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2022 में पुराने पंचायत घर के पास लगाई गई सोलर लाइट पिछले करीब तीन वर्षों से खराब पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सोलर लाइट लगने के चार-पांच माह बाद ही बंद हो गई थी और उसे रिपेयर के लिए भेजा गया, लेकिन आज तक दोबारा स्थापित नहीं किया गया। वर्तमान में वहां केवल खाली पोल खड़ा है, जिससे रास्ते पर अंधेरा बना रहता है। पंचायत स्तर पर कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। रात के समय अंधेरा रहने से तेंदुए का भय बना हुआ है और बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दीपक, राहुल, खेम सिंह, मदन ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन व अंबुजा फाउंडेशन से जल्द सोलर लाइट की मरम्मत कर पुनः लगाने की मांग की है।

### नालियां बंद होने से बाजार में भरा बारिश का पानी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत धुंदन के धुंदन बाजार में बारिश होते ही हालात बद से बदतर हो जाते हैं। बाजार से सटी नालियां लंबे समय से बंद पड़ी हैं। इस कारण बारिश का सारा पानी सड़क पर भर जाता है और भारी जलभराव की स्थिति बन जाती है। इससे आम लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि पैदल चलने के लिए भी रास्ता नहीं बचता, जबकि छोटी गाड़ियां पूरी तरह फंस जाती हैं। दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। विधायक अर्की को भी इस समस्या से अवगत करवाया गया है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। लोगों ने मांग की है कि जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के दौरान आम जनता व स्कूली बच्चों को परेशानी न झेलनी पड़े। उधर, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अर्की के सहायक अभियंता राजेश कुमार का कहना है कि धुंदन बाजार क्षेत्र में पहले चार पुलियां लगाई गई थीं, लेकिन लोगों द्वारा मकान निर्माण कर उन्हें बंद कर दिया गया है। इस कारण बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। फिलहाल एक पुलिया ऐसी है, जहां से निकासी संभव है। बारिश के पानी को निकासी दी जाएगी, लेकिन घरों से निकलने वाले पानी को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए कल साइड में मशीन भेजकर बंद पड़ी पुलियों को खोलने का कार्य किया जाएगा, ताकि जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

# प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्प : डॉ. शांडिल

## ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 56 लाख रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्प है।

डॉ. शांडिल विकास खंड कंडाघाट की ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 56 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण करने के उपरांत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम पंचायत क्वारग में 42 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत घर, देहूं में 5 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक हॉल, लगभग 3 लाख रुपए से निर्मित कोट से घरापड़ वाया शलाउं सम्पर्क मार्ग तथा 6 लाख रुपए से निर्मित किचन शैड क्वारग का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर कोट से धरापड़ वाया शलाउं मार्ग को पक्का करवाने के लिए 10 लख रुपए देने की घोषणा की। डॉ. शांडिल ने कहा कि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि विकास के लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार चरणबद्ध तरीके से क्षेत्र का और विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में ग्राम पंचायत क्वारग में लगभग 2 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि क्वारग में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर दिव्यांगजन का निर्माण किया जा रहा है।

इससे क्षेत्र का और अधिक विकास होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बना रही है। हिमाचल प्रदेश में बेसहारा बच्चों के भविष्य को सुधारने के लिए नवीन पहल की गई है। हिमाचल, देश का ऐसा पहला राज्य है जहां सुखाश्रय योजना के तहत 6 हजार से अधिक बेसहारा बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र की मज़बूती के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

शीघ्र ही प्रदेश में 400 चिकित्सकों और 600 नर्सो के पद भरे जाएंगे, ताकि विभिन्न अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उचित संख्या में चिकित्सा एवं पैरामेडिकल कर्मी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या समाज में एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को नशे से दूर रखें।

# सोलन में आज व कल इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड, सोलन ने बताया कि आवश्यक रखरखाव कार्यों के कारण 29 और 30 जनवरी को कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि 33 केवी कथेड़ फीडर के अंतर्गत मॉल रोड, अप्पर बाजार, पुराना उपायुक्त कार्यालय, आनंद कॉपलेक्स, न्यायालय परिसर, क्षेत्रीय अस्पताल, विवांता मॉल, सन्नी साइड, मिनी सचिवालय, गंज बाजार, सेंट ल्यूक्स, नया बस अड्डा, जेबीटी मार्ग, पोकन, आंजी सलूमणा, बेर की सेर, जराश एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 से 10.30 बजे तथा सायं 5 से 5.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी राजगढ़ फीडर के अंतर्गत न्यू कथेड़, पुलिस लाइन, कारागार, सब्जी मंडी, बीएसएनएल कॉलोनी, आयकर विभाग और उप कारागार क्षेत्रों में 29 व 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 केवी हिमाचल कंडक्टर एवं सराहां फीडर के अंतर्गत खुंडीधार, साईं मंदिर, शामती, न्यू कथेड़, काली माता मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में भी इसी अवधि में आपूर्ति प्रभावित होगी। सोलन नंबर-2 फीडर के अंतर्गत न्यू कथेड़, 132 केवी उप केंद्र के पास, डिग्री कॉलेज, साईंटिस्ट कॉलोनी, तहसील कार्यालय और आसपास के क्षेत्रों में 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। 11 केवी शिवालिक और चम्बाघाट फीडर के अंतर्गत मैसज़र शिवालिक बाईमेटल कंट्रोल, एचआरटीसी वर्कशॉप, बसाल मार्ग, सूर्य किरण कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में भी आपूर्ति बंद रहेगी। 30 जनवरी को 11 केवी एक्सप्रेस, कंडाघाट और डब्ल्यूएसएस फीडर के अंतर्गत चंबाघाट औद्योगिक क्षेत्र, ब्रूरी, शिवालय मंदिर, नडोह, उपायुक्त आवास और आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से सांय 5.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। राहुल वर्मा ने कहा कि खराब मौसम या अपरिहार्य कारणों से समय बदल सकता है। 33 केवी कण्डाघाट फीडर के माध्यम से वैकल्पिक आपूर्ति उपलब्ध है, लेकिन ओवरलोडिंग के कारण अन्य क्षेत्रों में भी बिजली बाधित हो सकती है।

# छैला-नेरीपुल सड़क को 200 करोड़ की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने से लोगों में खुशी

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** शिमला, सिरमौर और सोलन को जोड़ने वाली छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर-ओच्छघाट सड़क के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से 200 करोड़ रुपए की सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद राजगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस सड़क परियोजना को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर द्वारा लंबे समय से लगातार पैरवी की जा रही थी।



जानकारी के अनुसार, जीआर मुसाफिर ने इस सड़क को क्षेत्र की अहम जरूरत बताते हुए विभिन्न स्तरों पर मामला उठाया, जिसके चलते यह परियोजना राज्य सरकार की प्राथमिक सूची में शामिल हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री सुक्खू और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस सड़क परियोजना को लेकर केंद्र सरकार से लगातार संपर्क बनाए रखा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस सड़क को सीआरआईएफ के तहत 200 करोड़ रुपए की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है। सड़क के विस्तारीकरण से राजगढ़ क्षेत्र सहित आसपास के सेब उत्पादक इलाकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। बेहतर सड़क सुविधा से बागवानी उत्पादों के परिवहन के साथ-साथ स्थानीय कारोबार व आवागमन को भी मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी इस सड़क को लेकर घोषणाएं हुई थीं, लेकिन सैद्धांतिक स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जीआर मुसाफिर द्वारा वर्षों से की जा रही पैरवी अब जाकर परिणाम के रूप में सामने आई है। सड़क परियोजना को लेकर राजगढ़ क्षेत्र के लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम है और इससे आने वाले समय में इलाके को व्यापक लाभ मिलेगा।

# रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीष सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीष जैन को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय व निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान मनीष जैन के नेतृत्व में रोटरी क्लब नाहन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व जनकल्याण के लिए किए गए बहुआयामी कार्यों की सराहना स्वरूप दिया गया। अध्यक्ष बनने के बाद क्लब ने वंचित वर्गों के लिए कई प्रभावशाली परियोजनाएं संचालित कीं। जरूरतमंद बच्चों को 500 से अधिक स्वेटर व ग्रामीण क्षेत्रों के 200 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक निर्धन बालिका की नर्सिंग कॉलेज की तीन वर्षों की फीस स्पॉन्सर करवाई गई। स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सा, योग परीक्षण व दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए।

# प्रदेश को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र को विकसित करना आवश्यक : संजय

अनंत ज्ञान




रोगी वाहन सड़क का लोकार्पण करते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास से ही प्रदेश का विकास संभव है और प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत क्यारड में 37 लाख रुपए की लागत से निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग 205 से थाच गांव तक रोगी वाहन सड़क का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और सभी की एकजुटता एवं समन्वय से ही विकास को गति मिलती है। विधायक के रूप में अर्की विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित बनाना उनकी प्राथमिकता है। पहली बार अर्की विधानसभा क्षेत्र में खनन निधि का उपयोग सुनिश्चित बनाया गया है और इस निधि से लगभग 25 करोड़ रुपए अर्की विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। प्रदेश को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र को विकसित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं आरंभ की गई है। गाय व भैंस के दूध के समर्थन मूल्य में बढ़ौतरी करना इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती से उगाए गए उत्पाद जैसे गेहूं व मक्की के समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 40 व 60 रुपए प्रति किलो किया गया है। इसी प्रकार प्राकृतिक खेती से उगाई गई हल्दी के समर्थन मूल्य को भी 90 रुपए प्रति किलो किया गया है। विधायक ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी प्राथमिकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग 205 से हरिजन बस्ती क्यारड वार्ड नंबर 3 तक के लिए 30 लाख रुपए, राष्ट्रीय राजमार्ग 205 से हरिजन बस्ती दसेरनवाला वार्ड नंबर 4 तक के लिए 10 लाख रुपए तथा पुखर से दसेरनवाला तक के एंबुलेंस मार्ग के लिए 22 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए है।

# सतत कृषि उद्यमिता की रीढ़ हैं अनुसंधान : कुलपति

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम को संबोधित करते वीसी प्रो. राजेश्वर चंदेल। अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित 'अनुकूलित मूल्य श्रृंखला के माध्यम से बागवानी फसलों में कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देना, विषय पर आयोजित 21 दिवसीय विंटर स्कूल का डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है।

प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति और मुख्यातिथि प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि बागवानी क्षेत्र में सतत कृषि उद्यमिता की आधारशिला अनुसंधान एवं नवाचार हैं। उच्च उत्पादन क्षमता होने के बावजूद बागवानी फसलें अत्यधिक नाशवान होती हैं तथा अपर्याप्त हैंडलिंग, भंडारण एवं प्रसंस्करण अवसंरचना के कारण इनमें कटाई उपरांत भारी क्षति होती है। प्रो. चंदेल ने कहा कि बागवानी कृषि का एक अत्यंत गतिशील एवं संभावनाशील क्षेत्र बनकर उभरी है, जो आय वृद्धि, रोजगार सृजन तथा पोषण सुरक्षा के व्यापक अवसर प्रदान करती है। किंतु इस क्षमता को साकार करने के लिए उत्पादन-केन्द्रित खेती से आगे बढ़कर उद्यम-आधारित एवं बाजार से जुड़ी कृषि उद्यमिता की ओर दृष्टिकोण में परिवर्तन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बागवानी फसलों में कटाई उपरांत क्षति लगभग 30 प्रतिशत तक आंकी गई है, जो आर्थिक नुकसान एवं संसाधनों की बर्बादी का प्रमुख कारण है। मूल्य श्रृंखला के प्रत्येक चरण में वैज्ञानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने वैज्ञानिकों से अपनी विशिष्ट पहचान (यूएसपी) को पहचानने तथा युवा शोधकर्ताओं को विस्तार योग्य, विपणन योग्य एवं पेटेंट योग्य तकनीकों के विकास हेतु मार्गदर्शन देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने पश्चिमी मान्यताओं पर अत्यधिक निर्भरता से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।इस अवसर पर विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता निफ्टेम सोनीपत के अधिष्ठाता (स्नातकोत्तर अध्ययन) डॉ. सुनील पारेख ने कहा कि समग्र पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार हुआ है, फिर भी कई पहलुओं पर अभी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। निदेशक (अनुसंधान) डॉ. देविना वैद्य ने कहा कि बागवानी मूल्य श्रृंखला में दक्षता, गुणवत्ता एवं लाभप्रदता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक हैं।

# हिमाचल की बेटियों ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीते दो सिल्वर मेडल

अनंत ज्ञान



**सोलन।** दिल्ली के ऐतिहासिक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'ऑल इंडिया कराटे-डो फेडरेशन (थर्ड प्रेसिडेंट कप)' में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश भर के 25 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। बेहद कड़े मुकाबलों के बीच हिमाचल प्रदेश के कुल 4 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश की, जिनमें से दो छात्राओं ने पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। तमन्ना शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल (रजत पदक) हासिल किया। प्रतिज्ञा ने कड़े संघर्ष के बाद अपनी श्रेणी में सिल्वर मेडल (रजत पदक) पर कब्जा जमाया। अन्य दो प्रतिभागी अनमोल व अभिनव ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया और राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त किया। इन सभी खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनके कोच रामलाल ठाकुर को जाता है। उनकी देखरेख में इन युवाओं ने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और 25 राज्यों के बेहतरीन खिलाड़ियों के बीच पदक जीतकर अपनी मेहनत को सार्थक किया। कड़ाके की ठंड और कड़े मुकाबलों के बावजूद, हिमाचल के इन नन्हे चैंपियंस ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी है।

# जागृत ने उत्तीर्ण की छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेरा के पांचवीं कक्षा के छात्र जागृत कौंडल ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। जागृत ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में जिला सोलन में तीसरा स्थान प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जागृत कौंडल गांव फगवाना ग्राम पंचायत कोटलू के निवासी हैं। उनके पिता शेर सिंह तथा माता हीरा देवी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद जागृत की मेहनत, लगन व नियमित अध्ययन ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची निष्ठा व आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जागृत कौंडल को आगामी तीन वर्षों तक प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जो उनकी आगे की शिक्षा में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

**उपलब्धि** मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना, जिला सिरमौर में स्वस्थ भविष्य की नींव

# छात्रों को मिल रहा पौष्टिक भोजन, शिक्षा व पोषण का सशक्त संगम

अनंत ज्ञान



फाइल फोटो।

**नाहन।** प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

प्री-प्राइमरी से माध्यमिक स्तर तक के विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर सरकार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित कर रही है। इस दिशा में मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना जिला सिरमौर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में उभरी है, जिसने पोषण अभियान को और अधिक मजबूत आधार प्रदान किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब नियमित मध्याह्न भोजन के साथ-साथ विद्यार्थियों को सप्ताह में एक बार उबला हुआ अंडा अथवा ताजे मौसमी फल अतिरिक्त पोषण के रूप में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार के इन सकारात्मक प्रयासों और शिक्षा विभाग की सक्रियता से आज सिरमौर का प्रत्येक सरकारी विद्यालय एक खुशहाल विद्यालय के साथ-साथ स्वास्थ्य-केंद्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। इन योजनाओं का प्रभाव बच्चों की उपस्थिति, सीखने की क्षमता और समग्र स्वास्थ्य में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जिला सिरमौर की कुल 1,450 राजकीय पाठशालाओं में प्री-प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक के 55,612 विद्यार्थी मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं।

इस आधार पर औसतन प्रत्येक विद्यालय में लगभग 38 विद्यार्थियों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह निरंतर पोषण सहायता बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनकी एकाग्रता और शैक्षणिक प्रदर्शन को भी सशक्त बना रही है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में पोषण सुरक्षा को एक मजबूत आधार मिला है। पोषण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सिरमौर के राजकीय विद्यालयों में स्कूल न्यूट्रिशन गार्डन विकसित किए गए हैं। इन क्यारियों से विद्यार्थियों को ताज़ी और जैविक सब्जियां उपलब्ध हो रही हैं, जिससे मिड-डे मील की पौष्टिकता कई गुना बढ़ गई है। इसके साथ ही बच्चे खेल-खेल में जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सीख रहे हैं। समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा तिथि-भोजन जैसी अभिनव पहल को भी बढ़ावा दिया गया है। इसके अंतर्गत स्थानीय लोग अपने जन्मदिन, विवाह या अन्य खुशी के अवसरों पर विद्यालयों में बच्चों के साथ पौष्टिक भोजन साझा करते हैं, जो सामाजिक समरसता और सामुदायिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। भोजन की गुणवत्ता और स्वाद में निरंतर सुधार लाने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर खंड स्तर पर कुकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं से रसोइयों को नई भोजन-तैयारी तकनीकों और पोषण मानकों की जानकारी मिलती है। साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर बच्चों को आयरन, फोलिक एसिड एवं कृमि-मुक्ति की दवाइयां प्रदान की जा रही हैं। योजना के अंतर्गत जिले के राजकीय विद्यालयों के शत-प्रतिशत बच्चों को लाभान्वित किया गया है। इस पूरी व्यवस्था की रीढ़ वे कुक-कम-हेल्पर (सीसीएच) हैं, जिन्हें सरकार द्वारा 5,000 का मासिक मानदेय समय पर प्रदान किया जा रहा है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु धनराशि का भुगतान पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रकार शिक्षा और स्वास्थ्य के समन्वय से जिला सिरमौर हिमाचल के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है।

# सिरमौर के दो कलाकारों ने लिया दिल्ली में प्रदेश की झांकी में भाग

अनंत ज्ञान



**बीआर चौहान, राजगढ।** आसरा सांस्कृतिक संस्था जालग राजगढ़ के दो कलाकारों ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस की कर्तव्य पथ परेड में प्रदर्शित हिमाचल प्रदेश की झांकी में भाग लेकर सिरमौर का गौरव बढ़ाया है।

आस्था संस्था के प्रभारी डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में हिमाचल प्रदेश की झांकी में सहभागिता करना प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय रहा। झांकी को विशेष रूप से प्रदेश के वीर सैनिकों और उनके बलिदान को समर्पित किया गया, जिसमें हिमाचल की समृद्ध सैन्य परंपरा और राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवंत रूप में दर्शाया गया इस झांकी में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर, कुल्लू, चंबा एवं ऊना जिलों से दो-दो कलाकारों ने भाग लिया। इसमें सिरमौर जिले से आसरा संस्था के दो युवा लोक कलाकारों का चयन किया गया, जिनमें संगड़ाह क्षेत्र के कलाकार सुनील कुमार एवं किरण कुमारी शामिल रहे। सुनील कुमार आल इंडिया रेडियो के 'बी-हाई ग्रेड' कलाकार हैं और वह पिछले कई वर्षों से आसरा संस्था के माध्यम से प्रदेश के बाहर अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। दोनों कलाकारों का चयन जिला भाषा अधिकारी सिरमौर कांता नेगी द्वारा किया गया था जिसे निदेशालय भाषा एवं संस्कृति विभाग ने अनुमोदित करके गणतंत्र दिवस परेड की झांकी में सहभागिता का अवसर प्रदान किया। डॉ. हाब्बी ने बताया कि हिमाचल की इस झांकी में राज्य के चार परमवीर चक्र विजेताओं सहित अन्य वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को में चित्रित किया गया। झांकी की परिकल्पना एवं प्रस्तुति भाषा एवं संस्कृति विभाग की निदेशक रीमा कश्यप के निर्देशन तथा उपनिदेशक बिहारी लाल शर्मा की देखरेख में तैयार की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएच की नहीं ली सुध, अधिकारियों पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उचाना थाना पुलिस ने जींद-रोहतक तथा जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर बने गड्ढों तथा बिजली व्यवस्था खराब होने के चलते नेशनल हाइवे अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना निवासी प्रवीन ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि उसने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि जींद-रोहतक तथा जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर गड्ढे बने हुए हैं और बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है, जबकि वाहन चालक टैक्स देकर हाइवे पर सफर करते हैं, बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाता है। हाईवे पर गड्ढों तथा बिजली की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखा भी गया और वाहन चालकों को हो रही परेशानी व बढ़ते जानलेवा हादसों के बारे में भी अवगत करवाया गया,बावजूद इसके हाइवे अथॉर्टी वाहन चालकों को सुविधा देने में नाकाम रहा है। उचाना थाना पुलिस ने प्रवीन की शिकायत पर नेशनल हाइवे अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि नेशनल हाइवे पर गड्ढे होने व बिजली की अव्यवस्थाओं की शिकायत मिली थी, जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### आईपीएस मुरली को राष्ट्रपति पुलिस पदक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के मंडी आदमपुर निवासी एवं वर्तमान में पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में पुलिस कमिश्नर मुरली धर शर्मा को राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान मिला है। मुरलीधर शर्मा को उनके सराहनीय सेवा कार्य के चलते राष्ट्रपति पुलिस पदक दिया गया है। इससे पहले भी उन्हें 2019 में मुख्यमंत्री पुलिस पदक मिल चुका है। मुरलीधर शर्मा ने आदमपुर के सरकारी स्कूल से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद यहीं के फिरोज गांधी मैमोरियल राजकीय महाविद्यालय से बीएससी की। पंजाब विश्वविद्यालय से एमएससी करने के बाद राजनीति विज्ञान में एमफिल जेएनयू दिल्ली से की। यहीं रहते हुए उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2004 पास कर वे भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चुने गए। मुरलीधर शर्मा 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पश्चिम बंगाल कैडर के आईपीएस अधिकारी बनकर उन्होंने कई अहम पदों पर काम किया। आईपीएस मुरलीधर शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के एसपी के तौर पर की थी। इसके बाद वे कोलकाता पुलिस में डीसीपी (साउथ) और बाद में डीसीपी (स्पेशल टास्क फोर्स) जैसे जिम्मेदार पदों पर रहे। उनकी पहचान एक सख्त, ईमानदार और संवेदनशील अधिकारी के रूप में है। फिलहाल वे वेस्ट बंगाल पुलिस में बैरकपुर पुलिस कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। उनके शिक्षक रहे डॉ. हरपाल, छोटे लाल जस्सू, डॉ. सुनील वर्मा, रामसिंह बैनीवाल, कृष्ण नूनियां सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें पदक मिलने पर खुशी जाहिर की।

### एसआईआर को लेकर किया कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में भी चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) होने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। प्रदेश में मतदाता सूचियों के मिलान के दौरान 29 लाख के लगभग मतदाताओं को संदिग्ध कैटेगरी में डाला गया है। भाजपा ने एसआईआर को लेकर प्रदेश स्तरीय कमेटी का गठन किया है। असंध विधायक योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में बनाई गई पांच सदस्यीय कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व प्रदेश सचिव मनीष यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुलेख डिडवाडा को बतौर सदस्य शामिल किया है। यह कमेटी एसआईआर के संचालन के समय आने वाली किसी भी समस्या का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएगी। बिहार के विधानसभा चुनावों से पहले वहां हुए एसआईआर का विपक्षी दलों ने डटकर विरोध किया था। अक्तूबर-2024 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनने और पॉलिटिक्स माहौल के बाद भी सरकार से दूर रहने के बाद कांग्रेस ने वोट चोरी व ईवीएम में धांधली के आरोप लगाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी 'एच फाइल्स' के जरिये यह आरोप लगा चुके हैं कि हरियाणा में 25 लाख से अधिक फर्जी वोटर हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने एसआईआर कमेटी के साथ-साथ प्रदेश बजट टोली भी गठित की है। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में बनाई गई इस कमेटी में पूर्व वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख अरुण यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरुण श्योराण को भी शामिल किया है।

# मुरथल के ढाबों को लगाना होगा एसटीपी व सीटीपी : नरबीर सिंह

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अंबाला-दिल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित, विशेषकर मुरथल क्षेत्र के ढाबा संचालकों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व राष्ट्रीय हरित अधिकरण की गाइडलाइन सख्ती से पालन करने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि पानी के संरक्षण एवं पुन: उपयोग (री-यूज) को सुनिश्चित करने के लिए सभी ढाबों में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) एवं सीटीपी (कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना अनिवार्य है। राव नरबीर सिंह बुधवार को विधायक देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में आए मुरथल के ढाबा मालिकों के साथ बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जो ढाबा संचालक बिना सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) के ढाबा चला रहे हैं, उन्हें नगर निगम से संबंधित टैक्स एवं अन्य वैधानिक शुल्क से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने होंगे। वहीं जिन ढाबों के पास सीएलयू स्वीकृत है, उन्हें भी हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई एवं जुर्माना लगाया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी भी व्यवसाय को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधनों की सुरक्षा और कानून के तहत सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव योगेश कुमार को निर्देश दिए कि इस विषय में बोर्ड के चेयरमैन से शीघ्र बातचीत कर समग्र समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।

बैठक के दौरान मंत्री को यह भी अवगत कराया गया कि एनजीटी एवं अन्य संबंधित संस्थाओं द्वारा निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर ढाबे के विरुद्ध क्लोजर आदेश जारी किया जाता है, तो ढाबे के निर्माण की तिथि से लेकर निरीक्षण की तिथि तक की अवधि के आधार पर जुर्माने की गणना की जाती है। इस पर मंत्री ने कहा कि सभी संचालक समय रहते नियमों का पालन करें ताकि किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने ढाबा संचालकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से पर्यावरण हितैषी उपाय अपनाएं और सरकार व प्रशासन का सहयोग करें, ताकि मुरथल क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके।

# आईएचसीएल की 'पथ्य' पहल को आईएमडी बिजनेस स्कूल की केस स्टडी में किया शामिल





अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** सस्टेनेबल व दायित्वपूर्ण आतिथ्य के लिए की गई इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) की पहल 'पथ्य' को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी बिजनेस स्कूल), लूजान, स्विटजरलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया है। यह स्टडी सस्टेनेबिलिटी के लिए आईएचसीएल के संरचित तरीके व व्यापार रणनीतिक में इसके एकीकरण की पड़ताल करती है।

आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष मानव संसाधन गौरव पोखरियाल ने कहा कि भारत की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अग्रदूत के तौर पर आईएचसीएल ने इस क्षेत्र में कई मानक स्थापित किए हैं, जो लगातार विकसित हो रहे हैं। पथ्य एक ऐसे भविष्य की राह है। हमने अपने 2030 के लक्ष्यों की ओर सार्थक रूप से आगे बढ़ते हुए उल्लेखनीय तरक्की की है। 70 से ज्यादा बॉटलिंग प्लांट, 51 प्रतिशत पानी रीसायकल, 41 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से और साझेदारियां कर के 73 कौशल केंद्र को सक्षम बनाया है, जिन्होंने 35,000 से अधिक वंचित युवाओं को प्रशिक्षित किया है। आईएमडी जैसे बड़े वैश्विक संस्थान द्वारा आईएचसीएल के पथ्य फ्रेमवर्क को अपने अध्ययन में शामिल किया जाना हमारे लिए सम्मान की बात है। प्रोफेसर फ्लोरियन हूस और केस स्टडी के लेख मनोजकुमार सेल्वराज, हर्षा डोड्डीहाल, पीटर दम्यानोव ने कहा कि आईएचसीएल केस स्टडी सेवा-चालित उद्योग में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने की कठिन और पथ्य जैसी स्ट्रक्चर्ड अप्रोच के महत्व को दिखाती है। आईएचसीएल का ईएसजी+ फ्रेमवर्क 'पथ्य' सस्टेनेबल वृद्धि, सामाजिक प्रभाव और जिम्मेदार हॉस्पिटैलिटी की दिशा में एक बड़ी पहल है।

# 17 विभागों के साथ आठ घंटे बजट पर मंथन करेंगे मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट से पहले प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंथन बैठक करने का फैसला किया है। वीरवार को मुख्यमंत्री सुबह से शाम तक लगातार आठ बैठकों में 17 प्रमुख विभागों की गहन समीक्षा करेंगे।

यह मैराथन बैठकें 2025-26 के बजट की दिशा और प्राथमिकताएं तय करने में निर्णायक मानी जा रही हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने साफ कर दिया है कि अब बजट खर्च सिर्फ फाइलों तक सीमित नहीं रहेगा। प्रशासनिक सचिवों व विभागाध्यक्षों को दिसंबर 2025 तक हुए खर्च, लंबित योजनाओं और जमीनी प्रगति का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री यह भी जानेंगे कि जो बजट खर्च नहीं हो पाया, उसकी वजह क्या रही- प्रशासनिक ढिलाई, तकनीकी अड़चन या लीडरशिप की कमी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले ही सांसदों-विधायकों, उद्योगपतियों, किसानों, खिलाड़ियों और सामाजिक संगठनों से प्री-बजट संवाद कर चुके हैं। अब उन्हीं सुझावों के आधार पर विभागों से पूछा जाएगा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर कितने खरे सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री इस बार बजट में केवल बड़े आवंटन नहीं, बल्कि बेहतर परिणाम देने वाले विभागों को प्राथमिकता देंगे। इस उच्चस्तरीय समीक्षा में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल एजुकेशन, आयुष, महिला एवं बाल विकास, सिंचाई एवं जल संसाधन, शहरी स्थानीय निकाय, खनन, जेल, विरासत एवं पर्यटन सहित कई विभागों की बारी-बारी से समीक्षा होगी।

## विश्वबंधुत्व के भाव को दर्शाता हुआ महाराष्ट्र का 59वां निरंकारी संत समागम भव्य रूप से संपन्न

# शाश्वत निराकार परमात्मा का बोध हर युग की आवश्यकता

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** महाराष्ट्र के 59वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का तीन दिवसीय आयोजन 26 जनवरी को सांगली में भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला से सैंकड़ों श्रद्धालु भक्त समागम कर वापस अपने घर लौटे।

इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शाश्वत निराकार परमात्मा का बोध प्राप्त कर जीवन में प्रेम, दया और करुणा को अपनाना हर युग की आवश्यकता रही है। सतगुरु माता ने कहा कि मनुष्य का दृष्टिकोण अक्सर नकारात्मक हो जाता है, जहां अच्छाई में भी दोष खोजे जाते हैं, जबकि संतजन परमात्मा के अहसास में जीते हुए अंधकार में भी प्रकाश की किरण को आधार बनाते हैं। ब्रह्मज्ञान द्वारा न केवल स्वयं का जीवन उज्ज्वल करते हैं, बल्कि समाज को भी प्रकाशमान करते हैं। संतों के जीवन की विशेषता बताते हुए माता ने फरमाया कि संतों का जीवन दिखावे, छल-कपट से मुक्त, सहज, सरल और सर्वकल्याण को समर्पित होता है। सतगुरु माता ने निरंकारी भक्तों से सत्संग, सेवा सुमिरन के माध्यम से आत्ममंथन करते हुए सजग एवं सकारात्मक जीवन जीने का आह्वान किया। कवि दरबारसमागम के तीनों दिन 'आत्ममंथन' विषय पर



कवि दरबार का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश से 22 कवियों व कवित्रियों ने मराठी, हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी, भोजपुरी एवं अंग्रेजी भाषाओं में काव्य पाठ प्रस्तुत किया, जिसका भरपूर आनंद श्रद्धालु भक्तो ने लिया।

समागम के तीसरे दिन महाराष्ट्र स्टेट जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित 'कौस्तुभ पुरस्कार' सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार महाराष्ट्र के उच्च व तंत्र शिक्षण तथा संसदीय कार्य मंत्री एवं सांगली के पालक मंत्री माननीय श्री चंद्रकांत दादा पाटील के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव मूल्यों की स्थापना, सामाजिक उत्थान, राष्ट्रीय एकता एवं समाज कल्याण हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों को ध्यान में रखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।

समागम स्थल पर तीन डिस्पेंसरी, दो प्राथमिक चिकित्सा केंद्र तथा आईसीयू सुविधा सहित अस्पताल की व्यवस्था की गई। एलोपैथी, आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से लगभग 50,000 श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस व्यवस्था में 54 डॉक्टर एवं 326 चिकित्सा कर्मी कार्यरत रहे तथा आपातकाल के लिए 11 एंबुलेंस तैनात रहीं। प्रशंसनीय है कि कायरोप्रैक्टिक चिकित्सा शिविर में विदेशों से 23 व भारत से 2 विशेषज्ञों ने निष्काम सेवा प्रदान की। तीन दिनों में लगभग 3,000 श्रद्धालुओं ने इस चिकित्सा का लाभ लिया।

## देश-विदेश

# आधुनिक टेक्नोलॉजी और एआई का इस्तेमाल बढ़ाना होगा : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बदलते समय के साथ तालमेल बिठाते हुए आयुर्वेद में आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और एआई, रोगों की पूर्वानुमान क्षमता बढ़ाने और उपचार के नए तरीकों को संभव बना सकते हैं।

प्रधानमंत्री केरल में आर्य वैद्यशाला चैरिटेबल हॉस्पिटल के शताब्दी समारोह को वर्चुअल माध्यम से माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आर्य वैद्यशाला ने यह सिद्ध किया है कि परंपरा और आधुनिकता साथ-साथ आगे बढ़ सकती हैं और स्वास्थ्य सेवा लोगों के जीवन में विश्वास की मजबूत नींव बन सकती है। उन्होंने कहा कि आर्य वैद्यशाला ने आयुर्वेद की प्राचीन परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिक आवश्यकताओं को अपनाया, उपचार पद्धतियों को सुव्यवस्थित किया और मरीजों तक प्रभावी सेवाएं पहुंचाईं। उन्होंने संस्थान की 125 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने आयुर्वेद को एक सशक्त उपचार प्रणाली के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने



संस्थापक वैद्यरत्नम पीएस वारियर के योगदान को याद करते हुए कहा कि जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी प्रेरणास्रोत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्य वैद्यशाला भारत की उस उपचार परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जिसने सदियों से मानवता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद कभी किसी एक काल या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर युग में जीवन को समझने, संतुलन बनाने और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का मार्ग दिखाता रहा है। उन्होंने बताया कि आज आर्य वैद्यशाला 600 से अधिक आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण करती है और देश-विदेश में इसके अस्पताल 60 से अधिक देशों के मरीजों का उपचार कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि आर्य वैद्यशाला के लिए सेवा केवल विचार नहीं बल्कि भावना है, जो इसके कार्यों और संस्थानों में झलकती है। उन्होंने चैरिटेबल हॉस्पिटल के 100 वर्षों की निरंतर सेवा की सराहना की और वैद्यों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ तथा सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केरल के लोगों ने सदियों से आयुर्वेद की परंपराओं को जीवित रखा और आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10-11 वर्षों में प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को लेकर दृष्टिकोण में बड़ा बदलाव आया है और अब स्वास्थ्य सेवाओं को समग्र नजरिए से देखा जा रहा है। उन्होंने आयुष मंत्रालय की स्थापना, राष्ट्रीय आयुष मिशन, 12 हजार से अधिक आयुष वेलनेस केंद्रों और निवारक स्वास्थ्य पर जोर का उल्लेख किया। (अनंत ज्ञान)

## द. कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम कियॉन को 20 महीने की जेल

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरियाई अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रथम महिला किम कियॉन ही को भ्रष्टाचार के मामले में 20 महीने की जेल की सजा सुनाई।

यह सजा ऐसे समय सुनाई गई है जब पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा पिछले साल लगाए गए मार्शल लॉ के मामले में अदालत अपना फैसला सुनाने वाली है। 'सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' ने किम को 'यूनिफिकेशन चर्च' से व्यापारिक सुविधाओं के बदले रिश्वत लेने के आरोप में दोषी ठहराया और 20 महीने की जेल की सजा सुनाई। (अनंत ज्ञान)

# यूजीसी नियम पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूसीजी) द्वारा हाल ही में लागू किए गए एक नियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने की अनुमति दे दी। याचिका में कहा गया है कि इस नियम में जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा बहुत सीमित है और कुछ वर्गों को संस्थागत सुरक्षा से बाहर रखा गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमलय बागची की पीठ ने याचिका दायर करने वाले वकील की तत्काल सुनवाई की मांग पर ध्यान दिया। एक वकील ने कहा कि सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव की संभावना है। मेरा मामला 'राहुल दीवान और अन्य बनाम संघ' है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'हमें पता है कि क्या हो रहा है। सुनिश्चित करें कि खामियों को दूर किया जाए। हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।' विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 में यह अनिवार्य किया गया है कि इन समितियों में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग व्यक्तियों और महिलाओं के सदस्य शामिल होने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका का एक और नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा: ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**ईरान** में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ शिकंजा और कसने की तैयारी में है। अमेरिका ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका का एक और नौसैनिक बेड़ा ईरान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इसकी उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान को नए समझौते पर सहमत किया जा सकता है। एक हफ्ते पहले भी ट्रंप ने इसी तरह का बयान देते हुए कहा था कि एक बड़ा अमेरिकी सैन्य बेड़ा ईरान की तरफ बढ़ रहा है। बीबीसी फारसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत 'एसएस अब्राहम लिंकन' मिडिल ईस्ट में पहुंच चुका है। (अनंत ज्ञान)

## चेतावनी : नूरी अल-मलिकी सत्ता में आए तो अमेरिका इराक का समर्थन नहीं करेगा

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इराक को आगाह किया कि अगर उसके पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी फिर से सत्ता में आते हैं, तो अमेरिका देश का समर्थन नहीं करेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कुछ दिन पहले 'कोऑर्डिनेशन फ्रेमवर्क' नाम के प्रमुख राजनीतिक गठबंधन ने नूरी अल-मलिकी का समर्थन करने की घोषणा की थी। इस गठबंधन में प्रमुख शिया दल भी शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन नूरी अल-मलिकी को ईरान का करीबी मानता है।

## जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास हथियार और गोला-बारूद किया बरामद

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने हथियार, गोला-बारूद बरामद किए

एजेंसी, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने बुधवार को आतंकवादियों द्वारा छिपाए गए हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि कर्नाह तहसील के रति तारी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान चार पिस्तौल, सात मैगजीन, तीन एके मैगजीन और एके-47 के कारतूस बरामद किए गए हैं।

# अमेरिका : टेक्सास ने विश्वविद्यालयों और एजेंसियों में एच-1बी वीजा पर लगाई रोक

**एजेंसी, ह्यूस्टन**

**अमेरिका** में टेक्सास प्रांत के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने सरकारी एजेंसियों और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को नए एच-1बी वीजा आवेदनों को तुरंत रोकने का आदेश दिया है। गवर्नर ग्रेग एबॉट के इस आदेश के मुताबिक करदाताओं के पैसे से वित्त पोषित संस्थानों में भर्ती नियमों को सख्त किया गया है। इस कदम से भारतीय पेशेवरों के प्रभावित होने की संभावना है। एच-1बी वीजा आवेदनों पर यह रोक मई 2027 तक लागू रहेगी। मंगलवार को जारी निर्देश में कहा कि टेक्सास की एजेंसियों और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को टेक्सास वर्कफोर्स कमीशन से लिखित मंजूरी प्राप्त किए बिना एच-1बी वीजा की नई याचिकाएं दाखिल करना बंद कर देना चाहिए। अमेरिका के टेक्सास प्रांत में हजारों की संख्या में ऐसे लोग रहते हैं, जिनके पास एच-1बी वीजा है। गर्वनर का यह आदेश ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने वीजा कार्यक्रम को नया रूप देने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। एबॉट ने कहा कि मैं प्रांत की सभी एजेंसियों को इस पत्र के अनुसार नए एच-1बी वीजा आवेदनों को तत्काल रोकने का निर्देश दे रहा हूं। संघीय सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की समीक्षा के बीच यह कदम उठाया गया है। पत्र में कहा कि संस्थानों को एच-1बी वीजा के इस्तेमाल के बारे में भी रिपोर्ट देनी होगी, जिसमें संख्या, नौकरी की भूमिकाएं, मूल देश और वीजा की समाप्ति तिथियां शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** धार्मिक परंपरा, कानून और न्यायपालिका की मर्यादा से जुड़ा एक संवेदनशील मामला अब सुप्रीम कोर्ट के सामने है। मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ कथित अपमानजनक बयानों और प्रदर्शनों को लेकर अदालत ने तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा है। यह मामला कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति से जुड़ा हुआ है। मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने तमिलनाडु सरकार, राज्य के डीजीपी, चेन्नई पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी।

# सेंसेक्स 487 अंक चढ़कर 82,344 पर बंद

## निफ्टी में भी 167 अंक की तेजी रही, ऑयल एंड गैस सेक्टर सबसे ज्यादा 3.4% तक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 487 अंक चढ़कर 82,344 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167 अंक चढ़ा, ये 25,342 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने दिन के ऊपरी स्तर से करीब 650 अंक और निफ्टी भी डे हाई से 185 अंक गिरा था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,503 का और निफ्टी ने 25,372 का हाई बनाया था। ऑयल एंड गैस



सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.4% की तेजी देखने को मिली। फाइनेंशियल सर्विसेज, ऑटो, आईटी, मीडिया, मेटल, सरकारी बैंक, प्राइवेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी 2.5% तक की तेजी रही। सेंसेक्स 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिल रही है। बीईएल, जोमैटो और बजाज फाइनेंस के शेयरों में 9% तक की तेजी है। वहीं, एशियन पेंट्स, मारुती सुजुकी और सन फार्मा के शेयर्स में 4% तक की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 1.69% बढ़कर 5,170 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.047% चढ़कर 53,358 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.58% चढ़कर 27,826 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.27% बढ़कर 4,151 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# नेतन्याहू बोले- गाजा में अमेरिका के कारण हमारे सैनिक मरे

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइली** पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि अमेरिका की वजह से इसराइल के कई सैनिक मारे गए। टाइम्स ऑफ इसराइल के मुताबिक, उन्होंने कहा कि हमास के खिलाफ गाजा जंग के दौरान हथियारों और गोला-बारूद की सप्लाई रोक दी गई थी।

नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इसराइल के पास जरूरी गोला-बारूद खत्म हो गया था, इस वजह से कुछ सैनिकों की जान चली गई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इस वजह से कितने सैनिकों की मौत हुई। उन्होंने सीधे तौर पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि यह हथियार रोक तब खत्म हुई जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने। ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही इसराइल को फिर से हथियार मिलने लगे।

नेतन्याहू ने कहा कि विदेशी सैन्य सहायता पर निर्भरता कम करने के लिए वे एक मजबूत और स्वतंत्र घरेलू हथियार इंडस्ट्री बनाएंगे।

नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध में सैनिकों की मौत आम बात है, लेकिन कुछ मौतों को टाला जा सकता था। गोला-बारूद की कमी के कारण सैनिकों को घरों में घुसकर लड़ना पड़ा और कई सैनिक मारे गए। लेकिन अब ऐसा दोबारा कभी नहीं होने दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# चांदी दो दिन में 44,116 बढ़ी 3.61 लाख किलोग्राम पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चांदी**-सोने के दाम लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। बुधवार को एक किलो चांदी की कीमत 17,257 रुपए बढ़कर 3,61,821 रुपए किलो पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन ने यह जानकारी दी है।

दो दिन में चांदी की कीमत 44,116 रुपए महंगी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी। इस साल अब तक सिर्फ 28 दिन में ही ये 1.31 लाख रुपए महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 4,926 रुपए बढ़कर 1,63,827 रुपए पर पहुंच गया है। दो दिन में सोना 9,517 महंगा हुआ है। इससे पहले सोने का भाव 23 जनवरी को 1,54,310 रुपए किलोग्राम था। इस साल जनवरी के 28 दिन में ही चांदी 1,31,401 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 3,61,821 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। सोने की कीमत 30,632 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,63,827 रुपए हो गया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### चोटिल लिचफील्ड की जगह एमी जोन्स को टीम में किया शामिल

**एजेंसी, वडोदरा।** यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाकी बचे मैचों के लिए चोटिल फीबी लिचफील्ड की जगह इंग्लैंड की विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को अपनी टीम में शामिल किया है। टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाली लिचफील्ड चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गुरुवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले वॉरियर्स की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लिचफील्ड इस सत्र में छह मैचों में 243 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल हैं। जोन्स ने 125 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 1,666 रन बनाए हैं। डब्ल्यूपीएल ने विज्ञप्ति में बताया कि वह 50 लाख रुपए में वॉरियर्स की टीम में शामिल होंगी। वॉरियर्स ने अभी तक छह मैचों में दो जीत से चार अंक हासिल किए हैं। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए बड़ी जीत की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### जुझारु पारी पर बोलीं निकी प्रसाद- ये परिस्थितियां मेरे लिए सीखने के पल हैं

**एजेंसी, वडोदरा।** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-मालिकाना हक वाली दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम मंगलवार को बीसीए स्टेडियम, कोटांबी में खेले गए वुमेंस प्रीमियर लीग 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ तीन रन से हार गई। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज निकी प्रसाद ने दबाव भरी स्थिति में शानदार जुझारूपन दिखाया। टीम के 100 रन पर 6 विकेट गिर जाने के बाद मैदान पर उतरीं निकी ने मात्र 25 गेंदों में 47 रनों की निडर पारी खेली। उन्होंने स्नेह राणा के साथ सिर्फ 31 गेंदों में 70 रनों की अहम साझेदारी कर मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचाया। हालांकि अंतिम ओवर में सोफी डिवाइन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ रनों का बचाव किया और गुजरात जायंट्स को जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने किए मुंबई टाइगर्स के खिलाफ दो अंक हासिल

**एजेंसी, नोएडा।** शीर्ष भारतीय पहलवान सुजीत कलकल की कप्तानी वाली दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने प्रो-रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) में मुंबई दंगल टाइगर्स के खिलाफ शुरुआती नौ मुकाबलों में से पांच जीतकर हाफ टाइम तक दो मैच अंक हासिल कर लिए। तीन मैच में दो अंक के साथ इस मुकाबले में उतरी दिल्ली ने शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई और चार मैच में चार अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में खुद को मजबूती से बनाए रखा। दिल्ली ने 74 किलोग्राम पुरुष वर्ग में तुरान बायरामोव के दीपक के खिलाफ जीत से बढ़त हासिल की। यह लय 62 किलोग्राम महिला वर्ग के मुकाबले में भी जारी रही जिसमें अंजलि ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए ओल्हा पाडोशिक को 19-10 से हराया। 76 किलोग्राम महिला वर्ग के मुकाबले में अनास्तासिया अल्पीयेवा ने ज्योति बेरवाल पर जीत हासिल की जिससे दिल्ली 3-0 से आगे हो गई। (अनंत ज्ञान)

### मॉडल से कम नहीं प्रिया पुनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पुनिया दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटर में से एक है। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज पोस्ट करती हैं। वह मॉडल की तरह दिखाई देती हैं। प्रिया को 5 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।



# यूपी वॉरियर्स पर जीत से फाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा आरसीबी

## प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए वॉरियर्स टीम के सामने कड़ी चुनौती

**एजेंसी, वडोदरा**

**तालिका** में शीर्ष पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) लगातार दो मैच में हार को पीछे छोड़कर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ वीरवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में जीत दर्ज करके फाइनल में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

आरसीबी (10 अंक) डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने वाली एकमात्र टीम है, लेकिन वॉरियर्स के खिलाफ जीत से उसकी फाइनल में जगह भी पक्की हो जाएगी। वहीं, दूसरी तरफ प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए कड़ी चुनौती का सामना कर रही वॉरियर्स की टीम को अपनी शीर्ष स्कोरर फोबे लिचफील्ड (243 रन) की चोट से बड़ा झटका लगा है। लिचफील्ड टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और एमी जोन्स को उनके स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम पहले पांच मैच जीत कर सभी टीमों से काफी आगे निकल गई थी, लेकिन उसके बाद मिली दो हार ने निश्चित रूप से उसके अभियान को झटका लगा है। आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स से हार का सामना करना पड़ा जब बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसने सात विकेट से हार झेली।

इसके बाद आरसीबी को मुंबई इंडियंस के हाथों भी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 35 रन था लेकिन ऋचा घोष की 90 रन की विस्फोटक पारी ने हार के अंतर को काफी कम कर दिया। मुंबई इंडियंस ने नैट साइवर-ब्रंट के टूर्नामेंट के इतिहास के पहले शतक की बदौलत आरसीबी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा था। इस मैच में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों ने आरसीबी के गेंदबाजों की पोल भी खोल दी। आरसीबी के गेंदबाजों को अब अच्छा प्रदर्शन करना पड़ेगा। उसके गेंदबाजी विभाग में लॉरेन बेल (11 विकेट) पर काफी कुछ निर्भर करेगा, लेकिन उन्हें सायली सतघरे (08) और नादिन डी क्लर्क (11) से भी उचित सहयोग की जरूरत है। वॉरियर्स की टीम अभी सबसे निचले पायदान पर है और उसके लिए अब करो या मरो जैसी स्थिति बन गई है। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, प्रथ्योशा कुमार (विकेटकीपर), जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, श्रेयंका पाटिल, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल, अरुंधति रेड्डी, प्रेमा रावत, लिन्से स्मिथ, पूजा वस्त्राकर और राधा यादव।

**यूपी वारियर्सः** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देयोल, शिप्रा गिरी (विकेटकीपर), किरण नवगिरे, एमी जोन्स, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिआंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायॉन, सोफी एक्लेस्टोन, क्रांति गौड़ और सुमन मीना।

**मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

# आईसीसी रैंकिंग : कप्तान सूर्याकुमार 7वें पायदान पर पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को आईसीसी मेंस टी-20 आई बैटिंग रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे और तीसरे टी-20 मैच में 82 रन की नाबाद पारी और 57 रन की नाबाद पारी खेलने का उन्हें इनाम मिला है। पूर्व नंबर 1 बल्लेबाज कुल 5 स्थानों के फायदे के साथ टी-20 आई बैटिंग रैंकिंग में 7वें पायदान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा शीर्ष पर और तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी टी-20 विश्व कप से ठीक एक हफ्ते पहले आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में कई भारतीय खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है, जबकि शिवम दुबे (नौ स्थान ऊपर चढ़कर 58वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (13 स्थान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) को तगड़ा फायदा हुआ है। आईसीसी टी20आई बैटिंग रैंकिंग के टॉप पर अभिषेक शर्मा 929 रेटिंग के साथ बरकरार है। दूसरे पायदान पर इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 849 रेटिंग के साथ मौजूद है। तिलक वर्मा तीसरे पायदान पर 781 रेटिंग के साथ बने हुए है। चौथे स्थान पर जोस बटलर, पांचवें स्थान पर साहिबजादा फरहान मौजूद है।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव 5 स्थान के उछाल के साथ 7वें पायदान पर पहुंच गए हैं। सूर्या की रेटिंग 717 है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, टिम सीफर्ट और मिचेल मार्श को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। रिंकू सिंह 13 स्थानों की छलांग लगाकर 68वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शिवम दुबे 9 स्थान के उछाल के साथ वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्स के साथ संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हार्दिक पांड्या को दो स्थान का फायदा हुआ है और वह 506 रेटिंग के साथ 53वें पायदान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## टी-20 वर्ल्ड कप वार्म अप शेड्यूल जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज 7 फरवरी से होने जा रहा है। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 7 फरवरी को ही यूएसए के खिलाफ करेगी। इससे पहले टीम इंडिया और एंडिया ए वार्म अप मैचों में एक्शन में नजर आएंगी। आईसीसी की ओर से टी-20 वर्ल्ड कप वार्म अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 2 फरवरी को इंडिया ए यूएसए के खिलाफ एक्शन में नजर आएगी तो चार फरवरी को सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ वार्म अप मुकाबला खेलेगी। इसके बाद तीसरा और अंतिम वार्म मैच नामीबिया के खिलाफ होगा, जिसमें इंडिया ए खेलती नजर आएगी। बता दें कि इंडिया ए के नियमित कप्तान आयुष म्हात्रे और स्टार ओपनर वैभव सूर्यवंशी फिलहाल अंडर-19 वर्ल्ड कप खेलने में व्यस्त है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 6 फरवरी को खेला जाना है। ये इंडिया ए के लिए अनुपलब्ध रहेंगे। ऐसे में बीसीसीआई के चयनकर्ताओं को एक नई टीम चुननी होगी, जिसकी घोषणा जल्द हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

◆ **नामीबिया के खिलाफ खेलेगी भारतीय ए टीम**

# टिम साईफर्ट ने 25 बॉल में जड़ी हाफ सेंचुरी

## भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने डेवोन कॉन्वे को 44 रन पर आउट कर तोड़ी शतकीय साझेदारी

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी-20 मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेला गया। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट पर 108 रन बना लिए थे। टिम साइफर्ट और ग्लेन फिलिप्स खेल रहे थे। 10वें ओवर की पहली बॉल पर रचिन रवींद्र (2 रन) को जसप्रीत बुमराह ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। कुलदीप यादव ने डेवोन कॉन्वे (44 रन) को कैच कराकर शतकीय साझेदारी तोड़ी। 9वें ओवर में कुलदीप यादव ने डेवोन कॉन्वे (44 रन) को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूट गई।

8वें ओवर में टिम साईफर्ट ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रवि बिश्नोई की पहली बॉल पर सिंगल लिया और अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 25 बॉल पर अर्धशतक लगाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की टीम ने पावरप्ले में कोई विकेट नहीं गंवाया है। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में बिना नुकसान के 71 रन बनाए। अर्शदीप के बाद गेंदबाजी करने आए हर्षित राणा ने भी अपने पहले ओवर में 12 रन खर्च कर दिए। साईफर्ट ने हर्षित की दूसरी बॉल पर छक्का और आखिरी बॉल पर चौका लगाया। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्शदीप सिंह को पहला ओवर दिया। अर्शदीप ने इस ओवर में 14 रन खर्च कर दिए। न्यूजीलैंड के ओपनर टिम साइफर्ट ने अर्शदीप की बॉल पर लगातार तीन चौके लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)



## एक खराब दिन सब बिगाड़ देता : द्रविड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में होस्ट के साथ - साथ डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में भी उतरेगी। टीम के पूर्व कोच और महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया को वर्ल्ड कप से पहले एक चेतावनी दी है। द्रविड़ का मानना है कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम जिस तरह का क्रिकेट खेल रही है, वह अब तक देखा नहीं गया है। भारत ने पिछले लगभग तीन साल में कोई भी अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है। आख़िरी बार टीम को अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। यह जीत का सिलसिला आगामी घरेलू टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को एक बेहद मजबूत टीम बनाता है। द्रविड़ ने अपने अनुभव के आधार पर टीम इंडिया को सतर्क रहने की सलाह भी दी है। द्रविड़ ने याद दिलाया कि सिर्फ एक खराब मैच पूरे टूर्नामेंट में किए शानदार प्रदर्शन को खराब कर के रख देता है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर स्लो ओवर-रेट के चलते लगाया जुर्माना

**एजेंसी, वडोदरा**

**दिल्ली** कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर-रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह मैच मंगलवार को बीसीए स्टेडियम, वडोदरा में खेला गया था, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स को आखिरी ओवर में तीन रन से हार का सामना करना पड़ा। जेमिमा पर यह उनका पहला ओवर-रेट अपराध होने के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पिछले सप्ताह लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ में मजबूत स्थिति में दिख रही थी, लेकिन गुजरात जायंट्स के खिलाफ मिली इस करीबी हार से उसे झटका लगा है।

इस हार के बाद अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स की स्थिति थोड़ी कमजोर हो गई है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 174 रन बनाए। आखिरी ओवर में दिल्ली कैपिटल्स ने 15 रन खर्च किए, जिससे जायंट्स एक मजबूत स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए। हालांकि, सातवें विकेट के लिए हुई अहम साझेदारी ने दिल्ली को मुकाबले में वापस ला दिया और मैच को आखिरी ओवर तक खींच ले गई। लेकिन 17वें ओवर में महंगे साबित होने के बाद, सोफी डिवाइन ने 20वें ओवर में शानदार वापसी की। उन्होंने दबाव में संयम दिखाते हुए रन रोकने में सफलता हासिल की और अपनी टीम को मामूली अंतर से जीत दिलाई। इस हार के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स का प्लेऑफ में पहुंचना अब उनके आखिरी लीग मैच पर निर्भर करेगा। दिल्ली कैपिटल्स अपना अंतिम मुकाबला 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेलेगी, जो उनके लिए 'करो या मरो' जैसा साबित हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



# मुसेटी के हटने से जोकोविच सेमीफाइनल में



**एजेंसी, मेलबर्न**

**रिकॉर्ड** 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां लोरेंजो मुसेटी के पहले दो सेट जीतने के बाद तीसरे सेट में चोट के कारण मैच से हटने से ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच का भाग्य ने साथ दिया, क्योंकि वह पहले दो सेट हार गए थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त मुसेटी ने पहले दो सेट 6-4, 6-3 से जीते। उन्होंने तीसरे सेट के तीसरे गेम में अपने दाहिने पांव के ऊपरी हिस्से में चोट लगने के कारण मेडिकल टाइमआउट लिया। इसके बाद उन्होंने एक और गेम खेला, लेकिन फिर आगे नहीं खेल सके। जब मुसेटी ने मैच से हटने का फैसला किया तब जोकोविच तीसरे सेट में 3-1 से आगे चल रहे। इस तरह से 38 वर्षीय जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना 11वां खिताब और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद जारी रखी, लेकिन उनका कहना है कि इस बार वे भाग्यशाली रहे।

जोकोविच ने कहा कि मुझे उसके लिए बहुत दुख हो रहा है। वह आज मुझसे कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहा था। आज के दिन मेरी छुट्टी होने वाली थी। खेल में इस तरह की चीज होती रहती हैं। मेरे साथ भी ऐसा हुआ है। सेमीफाइनल में जोकोविच का मुकाबला दो बार के मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर और आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। (अनंत ज्ञान)

### जेसिका पेगुला ने अमांडा अनिसिमोवा को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई



**एजेंसी, मेलबर्न।** जेसिका पेगुला ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में पेगुला ने अमांडा अनिसिमोवा को 6-2, 7-6(1) से हराया। दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी पेगुला ने 1 घंटे 35 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और दमदार जीत हासिल की। इस जीत से पेगुला अपने करियर में तीसरी बार और यूएस ओपन के बाहर पहली बार किसी मेजर ग्रैंड स्लैम के आखिरी चार में पहुंची हैं। सेमीफाइनल में पेगुला का मुकाबला एलेना रायबाकिना से होगा। इससे पहले पेगुला पिछले चार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार चुकी थीं, लेकिन इस मैच में उन्होंने दोनों विंग्स से गहराई और सटीकता के साथ खेल को शुरू में ही कंट्रोल किया, और दो बार अनिसिमोवा की सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट उतार-चढ़ाव वाला रहा। अनिसिमोवा ने अपना लेवल बढ़ाया, अपने आक्रामक बेसलाइन गेम पर ध्यान दिया, और पेगुला को आगे नहीं बढ़ने दिया। नंबर 4 सीड ने हिम्मत दिखाई, बराबरी पर रहीं, और मैच पॉइंट्स बचाकर सेट को टाईब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन एक बार वहां पहुंचने के बाद, पेगुला को कोई छू नहीं सका।

# इगा स्वियातेक ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न**

साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में बुधवार को बड़े उलटफेर देखने को मिले। महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

इस हार के साथ ही पोलैंड की स्वियातेक का करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का सपना अधूरा रह गया। स्वियातेक अब तक चार बार फ्रेंच ओपन, एक बार विंबलडन और एक बार यूएस ओपन का खिताब जीत चुकी हैं और वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाली 11वीं महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में थीं। रायबकिना ने पहला सेट एक घंटे में जीता रायबकिना और इगा स्वियातेक के बीच पहला सेट करीब एक घंटे तक चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

सेट के आखिरी गेम में रायबकिना ने स्वियातेक की सर्विस ब्रेक कर 7-5 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में रायबकिना पूरी तरह हावी रहीं।

रूस में जन्मी और कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही रायबकिना ने शुरुआती दो सर्विस ब्रेक के साथ 3-0 की बढ़त बनाई और स्वियातेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने 6-1 से दूसरा सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी से होगा रायबकिना का सामना अमेरिकी खिलाड़ी से होगा। वीरवार को होने वाले सेमीफाइनल में रायबकिना का मुकाबला जेसिका पेगुला और अमांडा अनिसिमोवा के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। पेगुला 2024 यूएस ओपन की फाइनलिस्ट रही हैं, वहीं अनिसिमोवा पिछले साल विंबलडन और यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची थीं। दूसरे सेमीफाइनल में टॉप सीड आर्यना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। (अनंत ज्ञान)



## गुकेश हारे और एरिगैसी ने खेला ड्रॉ

**एजेंसी, विज्क आन ली।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में के नौवें दौर में बुधवार को यहां जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी, जबकि अर्जुन एरिगैसी को अमेरिका के हैंस मोक नीमैन के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले इकलौते भारतीय आर प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव उज्बेकिस्तान के हमवतन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ बराबरी की बाजी खेली।

अब्दुसत्तोरोव 6 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। सिंदारोव नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरेस्ट और तुर्किये के यागिज कान एरदोगमुस के साथ 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। टूर्नामेंट में अब चार दौर शेष है और नीमैन पांच अंक के साथ इनके ठीक पीछे हैं। गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन के खाते में चार-चार अंक हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए खिताब जीतना मुश्किल हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**कोग्नीवेरा कप** जिंदल ने जीत के साथ मौजूदा सत्र में अपनी विजयी लय को और मजबूत किया

# जिंदल बेदला ने चांदना पोलो को हराया

**एजेंसी, जयपुर**

**कोग्नीवेरा** कप 2026 के तहत जयपुर में बुधवार को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में जिंदल बेदला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चांदना पोलो को 9.5-5 से पराजित किया। इस जीत के साथ जिंदल बेदला ने मौजूदा सत्र में अपनी विजयी लय को और मजबूत किया।

हैंडिकैप नियम के तहत जिंदल बेदला ने मैच की शुरुआत 0.5 अंक की बढ़त के साथ की। शुरुआती चक्कर में दोनों टीमों ने तेज़ खेल दिखाते हुए एक-दूसरे की रक्षा पंक्तियों को भेदने की कोशिश की। हालांकि, जल्द ही जिंदल बेदला ने मैच पर पकड़ बना ली।

सिद्धांत शर्मा और राव हिम्मत सिंह बेदला के बेहतरीन खेल की बदौलत जिंदल बेदला ने दूसरे चक्कर के अंत तक मजबूत बढ़त हासिल कर ली। सिद्धांत शर्मा ने लगातार तीन गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3.5 गोल तक पहुंचाया। दूसरे चक्कर के अंत में स्कोर 6.5-3 जिंदल बेदला के पक्ष में रहा। अंतिम चक्कर में भी जिंदल बेदला का दबदबा बरकरार रहा। सिद्धांत शर्मा ने दो और गोल करते हुए मुकाबले को पूरी तरह अपनी टीम के पक्ष में मोड़ दिया और किसी भी संभावित उलटफेर की गुंजाइश नहीं छोड़ी। मैच में सिद्धांत शर्मा ने कुल छह गोल किए, जबकि राव हिम्मत सिंह बेदला ने दो गोल दागे। सिमरन शेरगिल ने भी एक गोल कर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। यह जीत हाल ही में राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप में मिली सफलता के बाद आई है, जिससे साफ है कि इस सत्र में जयपुर पोलो सर्किट में जिंदल बेदला सबसे मजबूत टीम के रूप में उभर रही है। टीम अब ऐतिहासिक 7 फुट ऊंची कोग्नीवेरा ट्रॉफी जीतने की ओर मजबूती से बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

